✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 36 ✶ अंक : 120 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, गुरुवार, 25 सितम्बर 2025 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com


## चतुर्थ नवदुर्गा : माता कुष्मांडा

वन्दे वांछित लाभाय चन्द्रार्धकृत शेखरम।
सिंहारूढा चंद्रघंटा यशस्वनीम।।



नवरात्रि में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मंद, हल्की हंसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। इस देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बिहार के लिए छह हजार करोड़ की परियोजनाओं को दी मंजूरी

# रेल कर्मचारियों को मिलेगा 78 दिनों का दिवाली बोनस : अश्विनी वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को रेलवे कर्मचारियों के लिए 1,866 करोड़ रुपये के उत्पादकता-आधारित बोनस (पीएलबी) को मंजूरी दे दी है। इससे 10.90 लाख कर्मचारियों को दिवाली से पहले उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए लाभ मिलेगा। केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार के बख्तियारपुर-राजगीर और झारखंड के तिलैया के बीच 104 किलोमीटर की रेल दोहरीकरण परियोजना को भी मंजूरी दी है। इस पर



करीब 2192 करोड़ रुपये की लागत आएगी। केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार के लिए लगभग छह हजार करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह बोनस उनके 78 दिनों के वेतन के बराबर है। हर साल दुर्गा पूजा/दशहरा की छुट्टियों से पहले पात्र रेल कर्मचारियों को पीएलबी का भुगतान किया जाता है। पिछले साल मोदी सरकार ने रेल कर्मचारियों के लिए 2,029 करोड़ रुपये के बोनस को मंज़ूरी दी थी। इससे 11,72,240 कर्मचारियों को लाभ हुआ था। एक पात्र रेल कर्मचारी को 78 दिनों के लिए अधिकतम देय राशि 17,951 रुपये है। यह राशि कई प्रकार के रेल कर्मचारियों को दी जाएगी। इनमें ट्रैक मेंटेनर, लोकोमोटिव पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, सुपरवाइजर, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य ग्रुप 'सी' कर्मचारी शामिल हैं। सरकार ने कहा कि वर्ष 2024-25 में रेलवे का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। रेलवे ने रिकॉर्ड 1614.90 मिलियन टन माल ढुलाई की और (शेष पृष्ठ 10 पर)

## पिकअप की टक्कर से बुलेट सवार दो युवकों की मौत

**गोह(औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** गोह थाना क्षेत्र के पुनदौल मंदिर के समीप बुधवार की शाम पिकअप की टक्कर से बुलेट सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान गोह थाना क्षेत्र के दधपी पंचायत अंतर्गत दुलारचक गांव निवासी प्रकाश कुमार एवं अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोंनो युवक सरेया स्थित पंप से पेट्रोल लेकर वापस लौट रहे थे तभी पुनदौल स्थित मंदिर के समीप तेज रफ्तार पिकअप ने बुलेट में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। गांव में मौत की खबर मिलते ही गुस्साए ग्रामीणों ने एनएच 120 को जाम कर दिया है। सूचना पर पहुंची गोह पुलिस आक्रोशितों को समझाने-बुझाने में जुटी हुई है। पुलिस ने पिकअप को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

## नोटबंदी और गलत जीएसटी से देश को हुआ नुकसान : राहुल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आजादी के बाद पहली बार पटना में हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी (एनडीए) की बैठक को पार्टी ने बड़े चुनावी एजेंडे में तब्दील कर दिया। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने इस मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए पर सीधा हमला बोला। बैठक में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कई मुद्दों पर भाजपा और नीतीश सरकार को घेरा। उनके भाषण से पांच बड़ी बातें साफ होकर सामने आईं, जिन पर कांग्रेस आने वाले चुनाव में जोर देने वाली है। श्री गांधी ने एनडीए में अंदरूनी कलह को खुलकर सामने लाते हुए कहा कि भाजपा अब नीतीश कुमार को बोझ मानने लगी है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा नीतीश को 'मेंटली रिटायर्ड' समझ चुकी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बेरोजगारी और किसान आंदोलन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि (शेष पृष्ठ 10 पर)

## विद्युत अधीक्षण अभियंता के कई ठिकानों पर इओयू का छापा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) ने समस्तीपुर विद्युत आपूर्ति इकाई के अधीक्षण अभियंता विवेकानंद के कई ठिकानों पर छापेमारी की है। अधीक्षण अभियंता विवेकानंद पर अपने पद का दुरुपयोग करते हुए ज्ञात आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। इओयू द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गुप्त जानकारी के सत्यापन के बाद पाया गया कि विवेकानंद ने अपनी वैध आय 2 करोड़ 74 लाख रुपए की तुलना में करीब 4 करोड़ 87 लाख 30 हजार रुपए की परिसंपत्ति अर्जित की है। यानी उनकी संपत्ति उनकी वैध आय से लगभग 77.84 प्रतिशत अधिक पाई गई। प्रेस विज्ञप्ति के जरिए बताया गया कि इओयू ने न्यायालय से तलाशी अधिपत्र प्राप्तकर विवेकानंद के विभिन्न आवासों और कार्यालय पर एक साथ छापेमारी की। इसमें समस्तीपुर, सिवान और पटना में अलग-अलग जगह शामिल है। इओयू का कहना है कि आय से अधिक संपत्ति रखने वाले अधिकारियों के खिलाफ आगे भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## सीएम नीतीश ने रोहतास को दी 919 करोड़ की योजनाओं की सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रोहतास जिले को आज 921 करोड़ रुपये की लागत से 124 विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इन योजनाओं के पूरा होने से जिले में सड़क, पुल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, ग्रामीण और शहरी विकास के क्षेत्र में नई मजबूती मिलेगी। इसमें मुख्य रूप से पथ निर्माण विभाग, पुल निर्माण विभाग, ऊर्जा विभाग (बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड एवं साउथ बिहार पावर



डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड), शिक्षा विभाग, योजना एवं विकास विभाग, नगर एवं आवास विभाग के योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया। इन योजनाओं से रोहतास जिले में बेहतर सड़क संपर्क, विश्वसनीय बिजली आपूर्ति, पर्यटन, शिक्षा की नई सुविधाएं और शहरी विकास में तेजी आएगी। सरकार का लक्ष्य है कि जिले के हर गांव और शहर तक विकास की रोशनी पहुंचे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गत फ़रवरी में 'प्रगति यात्रा' के अवसर पर रोहतास जिले में विकास की 14 योजनाओं की घोषणा की गई थी जिनकी अनुमानित लागत 935.1294 करोड़ रुपये है। इनमें से नौ योजनाओं का कार्यारम्भ किया गया जिन पर 515.60 करोड़ रुपये की लागत आएंगी। प्रगति यात्रा के दौरान की गई (शेष पृष्ठ 10 पर)

## नगर विकास एवं आवास विभाग में 15,628 पदों पर होगी बहाली

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** नगर विकास एवं आवास विभाग में जल्द ही नियुक्तियां का पिटारा खुलने वाला है। राज्य के सभी नगर निकायों में आमलोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभाग ने विभिन्न कोटि के कुल 15,628 नए पदों का सृजन किया है। नगर विकास एवं आवास मंत्री जिवेश कुमार ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मलेन में कहा कि उक्त 15,628 पदों के विरुद्ध कुल 11,244 पदों पर नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।




# महीने के अंत में दौड़ने लगेगी पटना में मेट्रो रेल : जिवेश कुमार

## अगले वर्ष तक कचरा मुक्त होंगे बिहार के शहर, कचरा प्रबंधन को लेकर सरकार गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** नगर विकास एवं आवास मंत्री जिवेश कुमार ने कहा कि इस महीने के अंत तक पटना में मेट्रो रेल का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पटना मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम चरण में प्राथमिक कॉरिडोर में कुल पांच स्टेशनों यथा आईएसबीटी, जीरो माइल, भूतनाथ, खेमनीचक एव मलाही पकड़ी के बीच परिचालन शुरू किया जा रहा है जिसकी कुल लम्बाई 6.20 किलोमीटर है। नगर विकास एवं आवास मंत्री जिवेश कुमार बुधवार को स्वच्छता ही सेवा-2025 कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने नगर विकास एवं आवास विभाग की उपलब्धियों का ब्यौरा पेश करते हुए कहा कि कभी बजबजाती गंदगी और कचरों के अंबार को लेकर चर्चा में रहने वाले बिहार के विभिन्न शहर अब देशभर में अपनी स्वच्छता का परचम लहरा रहे हैं। जिवेश कुमार ने कहा कि देशभर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवारा मनाया जा रहा है, लेकिन बिहार में त्योहारों के इस मौसम में यह 17 सितंबर से 29 अक्टूबर तक यह स्वच्छोत्स्व के रूप में करीब डेढ़ महीने तक मनाया जा रहा है। इस मौके पर नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, अपर सचिव विजय प्रकाश मीणा, संयुक सचिव अभिलाषा शर्मा और पटना के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर मौजूद थे। नगर विकास मंत्री ने पटना मेट्रो रेल की चर्चा करते हुए कहा कि पटना मेट्रो रेल परियोजन के फेज-2 के तहत बिहटा, एम्स तथा कई अन्य महत्वपूर्ण स्थानों से जोड़ा जाएगा। जिवेश कुमार ने दावा किया कि अगले एक वर्ष में बिहार पूरी तरह कचरा मुक्त राज्य होगा और राज्य के किसी भी कोने में कचरे का अंबार नहीं दिखेगा। वर्ष 2024 में केन्द्रीय स्तर पर कचरा मुक्त 100 शहरों की सूची में बिहार की राजधानी पटना और गया को थ्री स्टार रेटिंग तथा भागलपुर और सुपौल को वन स्टार रेटिंग प्रदान किया गया है। साथ ही, वर्ष 2024 में स्वच्छता सर्वेक्षण में गंगा टाउन श्रेणी में शामिल कुल 88 शहरों में पटना को देशभर में चौथा, भागलपुर को 15वां, छपरा को 19वां और मुंगेर को 20वां स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य में शहरीकरण के विस्तार एवं बढ़ती आबादी के कारण विगत वर्षों में शहरी नागरिकों के लिए शुद्ध पेयजल का अभाव था। वर्ष 2011 के सर्वे के अनुसार राज्य के शहरी क्षेत्र में मात्र 3.26 लाख घरों को ही जलापूर्ति की जाती थी। लेकिन आज शुद्ध नल-जल योजना, मुख्यमंत्री शहरी शहरी पेयजल निश्चय योजना तथा अमृत योजना के तहत कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप अब कुल 29.68 लाख घरों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि नगर निकायों में नागरिकों की सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री सुरक्षित सुशासित शहर के तहत सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। साथ ही नगर निकायों में बहुद्देश्यीय आयोजनों के लिए सम्राट अशोक भवन का निर्माण किया जा रहा है। इस मौके पर नगर विकास एवं आवास मंत्री ने शहरी क्षेत्र के विकास के लिए शुरू की गई दर्जनों योजनाओं का विस्तार से चर्चा की। जिसमें आधुनिक शवदाह गृह से लेकर नदी के तट पर बसे शहरों के विकास और जल-जीवन-हरियाली अभियान भी शामिल हैं।

# युवाओं के लिए 6 अक्टूबर से नि:शुल्क रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण

## तीन महीने का नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर और रोजगारोन्मुख बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में उद्योग विभाग और भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय के संस्थान टीआरटीसी, पटना की ओर से नि:शुल्क रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। यह कार्यक्रम टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेंटर, पटना में आयोजित होगा और 6 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह से नि:शुल्क और आवासीय होगा। प्रशिक्षण की अवधि तीन महीने की होगी जिसमें चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिदिन 8 घंटे की क्लास दी जाएगी। प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक तकनीक और प्रायोगिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों से 1000 रुपये कॉशन मनी के रूप में शुल्क लिया जाएगा जिसे प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद वापस कर दिया जाएगा। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान रहने और खाने की पूरी व्यवस्था संस्थान की ओर से की जाएगी जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र भी बिना किसी बाधा के प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। प्रवेश के लिए शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की गई है। कोर्स संख्या 1 से 3 के लिए उम्मीदवारों का बारहवीं, आईटीआई या डिप्लोमा पास होना अनिवार्य है। वहीं, कोर्स संख्या 4 (एसी और फ्रिज रिपेयरिंग) के लिए बारहवीं या आईटीआई (इलेक्ट्रीशियन ट्रेड) पास होना जरूरी है। उम्मीदवारों की आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष निर्धारित की गई है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बिहार के युवाओं को तकनीकी शिक्षा देकर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उम्मीदवार निजी उद्योगों, सरकारी योजनाओं, स्टार्टअप्स और स्वरोजगार के क्षेत्र में कदम बढ़ा सकेंगे। बिहार सरकार ने युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और कौशल विकास के जरिए अपने करियर को नई ऊंचाई दें।

# मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना से किसानों तक पहुंच रहे आधुनिक कृषि यंत्र

## 50% की राशि ऋण (ब्याज सहित) तथा 50% की राशि अनुदान के रूप में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना ने किसानों के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों तक पहुंच आसान बना दी है। पैक्स (प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समिति) अब न सिर्फ किसानों को समय पर ट्रैक्टर, थ्रेशर, रीपर जैसे यंत्र उपलब्ध करा रही हैं, बल्कि उनकी आय बढ़ाने में भी मददगार साबित हो रही है। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है। इस योजना के माध्यम से आधुनिक कृषि यंत्र हर खेत तक पहुंच रहे हैं जिससे खेती लाभकारी बन रही है तथा गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। सरकार का लक्ष्य है कि सहकारिता आंदोलन के जरिये हर किसान को तकनीकी सुविधा समय पर उपलब्ध हो। मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना बिहार सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य राज्य के पैक्सों में कृषि उपकरण बैंक स्थापित करना है जिसके माध्यम से लघु एवं सीमांत कृषकों तक आधुनिक कृषि उपकरणों की पहुंच सुनिश्चित हो। सहकारिता विभाग ने मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु सभी पैक्सों को निर्देश दिया गया है कि वे यंत्रवार लॉगबुक, किराया बुकिंग व प्राप्ति पंजी, परिसंपत्ति पंजी और मरम्मति पंजी को नियमित रूप से संधारित करें। इन अभिलेखों से न केवल किसानों को भरोसा मिलता है, बल्कि पैक्स की आय का भी सही लेखा-जोखा तैयार होता है। राज्य सरकार द्वारा इस योजनान्तर्गत प्रत्येक पैक्सों को कृषि यंत्रों के क्रय हेतु कुल 15 लाख रूपया प्रदान किया जाता है जिसमें 50% की राशि ऋण (ब्याज सहित) तथा 50% की राशि अनुदान के रूप में दी जाती है।

# विकसित भारत का अमृत काल : लखीसराय में चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**लखीसराय/पटना।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रादेशिक कार्यालय पटना द्वारा लखीसराय के कनीराम खेतान उच्च विद्यालय मैदान में विकसित भारत का अमृत काल : सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल विषय पर चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा फीता काटकर किया गया। साथ में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकास कार्यों तथा गरीब कल्याण के माध्यम से विकसित भारत की नींव रखी गई है।

केंद्र सरकार द्वारा आम जनता के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अनेक प्रभावशाली उपलब्धियां प्राप्त की गई हैं। 81 करोड़ लोगों को अनाज उपलब्ध कराया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से 4 करोड़ लोगों को आवास प्राप्त हुआ है।

चित्र प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें विशेष रूप से बिहार के विकास के आयामों को चित्रों द्वारा प्रस्तुत किया है। उन्होंने प्रदर्शनी को आम जनता के लिए उपयोगी बताया तथा लखीसराय की आम जनता से इसका अवलोकन करने की अपील की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया। उनके द्वारा विकसित भारत : विकसित बिहार हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ करते हुए शुभकामनाएँ दी गईं।

जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने चित्र प्रदर्शनी का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि इसमें बिहार के विकास की गाथा चित्रों द्वारा प्रस्तुत की गई है। उनके द्वारा प्रदर्शनी के लिए तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को लखीसराय पर एक कॉफी टेबल बुक भी भेंट की गई। सीबीसी पटना के कार्यालय प्रमुख कुमार सौरभ ने सभी अतिथियों का स्वागत तथा विषय प्रवेश करते हुए कहा कि इस चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा किए कार्यों को दिखाया जा रहा है। जागरुकता कार्यक्रम स्थल पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, एसएसबी, सीआरपीएफ, स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, जीविका, डाक विभाग, लीड बैंक सहित अनेक विभागों के स्टॉल भी लगाए गए हैं तथा आम जनता को लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के अधिकारी नवल किशोर झा, ग्यास अख्तर तथा सुदर्शन किशोर झा भी उपस्थित थे। यह जागरुकता कार्यक्रम सह चित्र प्रदर्शनी 28 सितंबर तक चलेगी। प्रदर्शनी में प्रवेश सभी के लिए नि: शुल्क है।

# शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को बैंक ऑफ बड़ौदा ने 10 करोड़ के चेक दिए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पुलिस मुख्यालय, पटना में आयोजित एक विशेष समारोह में पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से कुल 10 करोड़ रुपये के चेक वितरित किए। यह वितरण पुलिस मुख्यालय में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान किया गया जिसमें पुलिस विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक कुंदन कृष्णन एवं डॉ. कमल किशोर भी मौजूद थे। बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से जोनल हेड सुब्रत कुमार स्वैन, रीजनल हेड नलिन कुमार और डीजीएम डिफेंस दीपक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी समारोह में शामिल हुए। इस वितरण के साथ ही बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा वेतन पैकेज से जुड़े बीमा पैकेज के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों की कुल संख्या 62 हो गई है। अब तक बैंक द्वारा कुल 18 करोड़ 40 लाख रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है। हाल ही में दुर्घटनाओं में दिवंगत हुए चार पुलिसकर्मियों के परिजनों को 1.70 करोड़ रुपये प्रत्येक के चेक प्रदान किए गए। इनमें दो महिला कांस्टेबलों के परिजन भी शामिल हैं जिनकी असामयिक मृत्यु क्रमशः 30 और 24 वर्ष की आयु में हुई। उल्लेखनीय है कि बिहार पुलिस ने 23 अगस्त 2024 को बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था जिसके तहत पुलिसकर्मियों का वेतन बैंक ऑफ बड़ौदा के माध्यम से वितरित किया जा रहा है।

## भाजपा जिला कोर कमिटी की बैठक में चुनावी तैयारी की समीक्षा

# भाजपा लोगों से राय मशविरा कर चुनाव में आगे बढ़ेगी : डॉ. दिलीप जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सरकारी आवास 5, देशरत्न मार्ग पर आज भाजपा जिला कोर कमिटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश के जिला कोर कमिटी के सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में आगामी चुनाव की तैयारी की व्यापक समीक्षा की गई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने बताया कि भाजपा संगठन वाली पार्टी है। भाजपा के 52 सांगठनिक जिले हैं। आज 26 जिलों के कोर कमिटी के सदस्यों की बैठक हो रही है और दूसरे दिन शेष जिलों की बैठक होगी। बैठक में राजनीतिक समीक्षा की गई और क्षेत्रवार स्थिति को समझा गया। इसके अलावा चुनाव की रणनीति तैयार करने को लेकर बैठक की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और सभी चीजों में पारदर्शिता रखने के लिए कोर कमिटी से विचार-विमर्श किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सभी लोगों से राय विमर्श कर चुनाव में आगे बढ़ेगी। बैठक में संबंधित जिलों में विपक्ष की रणनीतियों पर भी चर्चा की गई। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि बैठक में सभी जिलों के सदस्यों से अलग-अलग विस्तृत चर्चा की गई और चुनावी रणनीति को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में भाजपा बिहार के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के अलावा बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, सांसद डॉ. संजय जायसवाल, सांसद एवं बिहार के सह प्रभारी दीपक प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री भिखू भाई दालसानिया भी उपस्थित रहे और उपस्थित कोर कमिटी के लोगों को चुनावी टिप्स दिए।

# इएसआइसी की नई अमनेस्टी योजना पर क्षेत्रीय निदेशक की रजिस्ट्रार के साथ बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार ने व्यवहार न्यायालय (सिविल कोर्ट), पटना के रजिस्ट्रार धनंजय पाण्डेय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पल्लवी आनंद से मुलाकात की और नई अमनेस्टी योजना 2025 की जानकारी साझा की। कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के अंतर्गत दायर मुकदमों की वापसी के लिए सरकार द्वारा यह योजना लायी गयी है। उन्होंने बताया कि एमनेस्टी स्कीम 2025 एक एकमुश्त विवाद समाधान पहल है जिसका उद्देश्य अदालती मामलों के लंबित मामलों को कम करना और इएसआइ अधिनियम के अनुपालन को बढ़ावा देना है।

# आय से अधिक संपत्ति मामले में इओयू की इंजीनियर के ठिकानों पर छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आय से अधिक संपत्ति (डीए) मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने विद्युत विभाग के समस्तीपुर के अधीक्षण अभियंता के ठिकानों पर छापेमारी की गई। बुधवार की सुबह ईओयू की अलग-अलग टीमों ने उनके सीवान जिला के रघुनाथपुर थाना स्थित उनके पैतृक ग्राम सांठी, सीवान नगर थाना के आंदर ढाला स्थित लक्ष्मीपुर स्थित आवास कुंटी कुटीर एवं हुसैनगंज थाना के रसीदचक गांव स्थित निवास के अलावा पटना के दानापुर के कोथवां स्थित काश्यप ग्रीन सिटी और समस्तीपुर स्थित नार्थ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूसन कंपनी लिमिटेड के सरकारी कार्यालय एवं आवास में एकसाथ छापेमारी की गई। इन सभी ठिकानों पर तलाशी के दौरान बड़ी संख्या में दस्तावेज, निवेश से संबंधित कागजात समेत अन्य कई दस्तावेज बरामद किए गए हैं। फिलहाल इनकी जांच चल रही है। इओयू से प्राप्त सूचना के अनुसार, अब तक की जांच में उनके ज्ञात स्रोतों 2 करोड़ 74 लाख रुपये की तुलना में कहीं अधिक 4 करोड़ 87 लाख 30 हजार रुपये से अधिक की संपत्ति सामने आई है, जो इनके आय के वैद्य स्रोतों से 77.84 प्रतिशत अधिक है।

# एनडीए और इंडिया गठबंधन से अलग रहकर चुनाव लड़ेगी एनसीपी : बृजमोहन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार प्रदेश राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजीत पवार की ओर से बुधवार को राजधानी के रवीन्द्र भवन में बिहार सृजन संकल्प सभा का आयोजन किय गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राकांपा अजीत पवार के राष्ट्रीय महासचिव सह मुख्य प्रवक्ता बृजमोहन श्रीवास्तव ने कहा कि उनकी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव में इंडिया और एनडीए से अलग रहकर सम्मान जनक सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि राकांपा के भाजपा के साथ गठबंधन सिर्फ केन्द्र सरकार व महाराष्ट्र के लिए है। बाकी प्रदेशों में हम चुनाव लड़ने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने कहा कि बिहार प्रदेश में उनका संगठन मजबूत है और उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं से विमर्श कर चुनावी रणनीति तय करेगी। राकांपा के बिहार के पर्यवेक्षक व राष्ट्रीय सचिव सच्चिदानंद सिंह ने कहा कि चुनाव में पार्टी के पुराने व समर्पित कार्यकर्ताओं को तरजीह दी जायेगी। इस मौके पर युवा राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा ने कहा कि युवा मजबूत होंगे तो पार्टी स्वतः मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि टिकट वितरण में युवाओं को तरजीह दी जायेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में उनकी पार्टी के विधायक, विधान पार्षद व सांसद रहे हैं। इस बार भी पार्टी के युवा सदन तक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार के युवा प्रतिभान होते हैं पर उन्होंने सुविधा के अभाव में नौकरी के लिए पलायन करना पड़ता है। मौके पर दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि बिहार लोगों को उन्होंने दिल्ली में करीब से देखा है और वे बिहार में उद्योग धंधे न होने की वजह से दिल्ली में दिहाड़ी करते हैं। मौके पर उड़ीसा प्रदेश के अध्यक्ष डॉ राजकुमार यादव ने कहा कि युवा ही देश की तकदीर बदलेंगे इसलिए पार्टी ने बिहार में युवाओं को तरजीह दी है। मौके पर पार्टी के प्रदेश संयोजक सूर्यकांत कुमार सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी अगर सरकार में आती है तो शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था पूर्णतः नि:शुल्क करेगी। कार्यक्रम में पार्टी के चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष व मीडिया प्रमुख रंजन प्रियदर्शी ने कहा कि उनकी पार्टी का कार्यक्रम पूरे बिहार में चल रहा है और पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवा पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं। जल्द ही पार्टी अपनी अगली रणनीति की घोषणा करेगी। कार्यक्रम का संचालन अतुल्य गुंजन ने किया। कार्यक्रम में तपेन्द्र नारायण उर्फ तप्पू सिन्हा, हीना परवीन, मनोज यादव, योगेन्द्र शुक्ला सहित कई नेताओं ने विचार व्यक्त किये।

# डिजिटल कृषि निदेशालय का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए देश का पहला डिजिटल कृषि निदेशालय गठित करने का निर्णय लिया है जो राज्य की कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति का सूत्रपात करेगा। इसके गठन के बाद आधुनिक तकनीक का पहले से कहीं बेहतर इस्तेमाल कृषि के क्षेत्र में हो सकेगा। इसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। माना जा रहा है कि डिजिटल और आधुनिक तकनीक से किसानों को जोड़ कर सरकार की कोशिश कृषि उत्पादन को बढ़ाने की है। उत्पादन में बढ़ोतरी होने से किसानों की आय में भारी वृद्धि होगी। कृषि से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल कृषि निदेशालय का गठन होने के बाद किसानों को रियल-टाइम में कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा।

# अखिल भारत चरखा संघ का शताब्दी समारोह संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार सर्वोदय मंडल, अहिंसा वाहिनी, बिहार नशाबंदी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में अखिल भारत चरखा संघ का शताब्दी समारोह आदिवासी कॉलोनी पटना में चंद्र भूषण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

इस समारोह में सर्वोदय नेता प्रमोद कुमार शर्मा, सर्व सेवा संघ के मंत्री विजय कुमार, सीमा कुमारी, क्रांति बहन, मंगल कुमार, अंकित कुमार, सुभाष यादव, मनोज कुमार आदि उपस्थित होकर अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 24 सितंबर 1924 को आज के ही दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सदाकत आश्रम पटना में चरखा संघ की स्थापना किए थे जिसके प्रथम अध्यक्ष स्वयं महात्मा गांधी थे और उसी समय बिहार शाखा के अध्यक्ष डॉ देशरत्न राजेंद्र प्रसाद एवं मंत्री लक्ष्मी नारायण भाई को चुना गया। इस अवसर पर बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण ने बताया कि बिहार में सर्वोदय का कार्य 1924 से ही शुरू हुआ। पूरे देश में चरखा और खादी ग्रामोद्योग का एक सफल प्रयोग शुरू हुआ। चरखा संघ के माध्यम से बिहार में भूदान आंदोलन का उद्देश्य जन-जन तक पहुंचाया गया। सर्व सेवा संघ के मंत्री विजय कुमार ऑनलाइन बताया कि बिहार में गांधी जी का प्रवास करीब 400 दिन रहा और वे 24 बार बिहार आए।

# विदेशी बाजारों तक बिहार के कृषि उत्पादों की पहुंच हुई आसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना में पिछले दिनों एपीडा का कार्यालय खुलने से कृषि उत्पादों का निर्यात सुविधाजनक हो गया है। अब बिहार के कृषि उत्पाद आसानी से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहुंचेंगे और बिहारी ब्रांड दुनिया के विभिन्न देशों में लोकप्रिय हो सकते हैं। इस कार्यालय के खुलने से वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके मिथिला मखाना, शाही लीची, जर्दालु आम, मर्चा धान, कतरनी चावल और तिलकुट जैसे बिहार के पारंपरिक कृषि उत्पादों का निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। सरकार के इस प्रयास से बिहार के कृषि उत्पादों के निर्यात में तेजी आएगी, जिसका पूरा लाभ बिहार के किसानों और अर्थव्यवस्था को मिलेगा। बिहार सरकार विगत 20 वर्षों से किसानों की आय बढ़ाने के लिए काम कर रही है, जिसके कारण किसानों की आय कई गुना बढ़ी है। इसी कड़ी में अब विदेशों में कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा मिलने से बिहार के किसानों की आय और अधिक बढ़ेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि पटना में एपीडा कार्यालय की स्थापना राज्य के कृषि निर्यात के लिए गेम-चेंजर साबित होगी। अब निर्यातकों को वाराणसी क्षेत्रीय कार्यालय पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

# अमृत भारत ट्रेन विषय पर सेंट जॉन्स पब्लिक स्कूल, वारसलीगंज में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** अमृत भारत ट्रेन की लोकप्रियता पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालयों एवं विद्यार्थियों की रुचि को देखते हुए आज दानापुर मंडल के वारसलीगंज के सेंट जॉन्स पब्लिक स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दानापुर मंडल ट्रेनों के परिचालन के साथ-साथ अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देता रहता है। इसी कड़ी में स्कूल के विद्यार्थियों के बीच अमृत भारत ट्रेन को लेकर उनकी उत्सुकता को देखते हुए प्रतियोगिताओं की सीरीज के क्रम में वारसलीगंज के सेंट जॉन्स पब्लिक स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में 30 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। अमृत भारत ट्रेन पर आधारित इस निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार क्रमशः नवमी की छात्रा सानू प्रिया, दसवीं के छात्र प्रियांशु कुमार तथा आयुष कुमार को मिला। प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल के प्रिंसिपल संतोष कुमार की निगरानी में स्कूल के टीचर गुलशन कुमार, सी.के.पांडे एवं कंचन कुमार तथा दानापुर मंडल के कल्याण निरीक्षक पंकज कुमार की उपस्थित में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। छात्रों में अमृत भारत ट्रेन की लोकप्रियता को देखते हुए दानापुर मंडल में इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन विभिन्न स्कूलों में लगातार आयोजित किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने कैमूर जिले को दी 980 करोड़ रुपए की सौगात

## 178 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर खोली विकास की नई राह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर (कैमूर)।** जगजीवन स्टेडियम भभुआ में बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिले को 980 करोड़ रुपये की सौगात दी। कुल 178 योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन कर उन्होंने विकास की नई राहें खोलीं।

सीएम नीतीश कुमार के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जामा खा द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत चैनपुर से शुरू किया जहां उन्होंने मेडिकल कॉलेज के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया। इसके बाद भभुआ पहुंचे और पटेल कॉलेज कैंपस में लगे विभिन्न विकास प्रदर्शनी स्टॉल का जायजा लिया। फिर भभुआ के जगजीवन स्टेडियम में आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया जहां मंच की अध्यक्षता जदयू जिला अध्यक्ष अजय कुमार पटेल ने किया। सभा में मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा 2005 से पहले बिहार में कुछ नहीं था, लोग कुछ करना ही नहीं चाहते थे।

**नीतीश कुमार ने सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया-** महिला आरक्षण को 50% तक बढ़ाया जिसके चलते आज बड़ी संख्या में महिलाएं नौकरियों में हैं। वृद्धा पेंशन योजना को 400 से बढ़ाकर 1100 रुपये किया गया। घरेलू बिजली बिल अब मुफ्त और हर घर में सोलर सिस्टम लगाने की योजना है। बिहार का बजट बढ़कर 3 लाख 16 हजार करोड़ रुपये पहुंचा। फरवरी 2025 तक बिहार में मखाना उद्योग, एयरपोर्ट और फूड प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण पूरा हुआ। पहली बार केंद्र सरकार की मदद से खेलो इंडिया युवा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सभी जिलों में इंजीनियरिंग कॉलेज और अनुमंडल स्तर पर आईटीआई कॉलेज का निर्माण हुआ। भभुआ-मोहनियां-चौसा पथ व आरा-मोहनियां रोड का चौड़ीकरण किया गया। ऐतिहासिक मुंडेश्वरी मंदिर के विकास कार्य और वहां जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण भी तय। दुर्गावती जलाशय परियोजना से पाइपलाइन के जरिए शुद्ध पेयजल और रोहतास-कैमूर में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर जदयू कार्यकर्ता अतुल पटेल, सुशील जायसवाल, लियाकत अंसारी, मनीष पटेल, उपेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे

# बिहार में कानून का राज : नीतीश




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज रोहतास जिला के सासाराम नगर स्थित आउटडोर स्टेडियम, फजलगंज में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज मुझे प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं के स्थल भ्रमण एवं शिलान्यास के लिए रोहतास आने तथा आपसे बातचीत करने का मौका मिला है। बहुत खुशी की बात है कि इस कार्यकर्ता संवाद में आप सब लोग उपस्थित हैं। मैं आपका अभिनंदन करता हूं। आप सब जानते हैं कि पहले की सरकार ने कोई काम नहीं किया। पहले बिहार का बहुत बुरा हाल था जब 24 नवंबर, 2005 को एनडीए की सरकार बनी थी, तब से हमलोग बिहार के विकास में लगे हुये हैं। राज्य में कानून का राज है सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरूसे ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया गया है। राज्य में बड़े पैमाने पर सड़कों, पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया है। सात निश्चय के तहत हर घर तक बिजली, हर घर नल का जल, हर घर शौचालय का निर्माण कराया गया है। इसके साथ ही सभी टोलों को पक्की सड़कों से जोड़ने का काम पूरा हो गया है। वर्ष 2020 में युवाओं को 10 लाख सरकारी नौकरी एवं 10 लाख रोजगार देना तय किया गया था। अभी तक युवाओं को 10 लाख नौकरी एवं 39 लाख रोजगार दे दिया गया है। चुनाव से पहले ही 50 लाख से अधिक नौकरी एवं रोजगार दे दिया जायेगा। अब तय किया है कि अगले 5 वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी/रोजगार दिया जायेगा। कार्यकर्ता संवाद कार्यकम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा, पूर्व सांसद महाबली सिंह, पूर्व मंत्री मुरारी गौतम, पूर्व मंत्री जय कुमार सिंह, डा. निर्मल कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## जगदगुरु शंकराचार्य महाराज का आगमन आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर के निदेशक आनंद सिंह ने बताया कि स्कूल के प्रांगण में परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तरम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती जी महाराज का आगमन होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तरम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती जी महाराज का बिहार राज्य में सनातन की मूल वेदलक्षणा गो माता को राष्ट्र माता की प्रतिष्ठा अभियान के अंतर्गत के दौरान आगमन हो रहा है जिसके क्रम में रोहतास जिले में उनका आगमन 25 सितंबर 2025 को सायंकाल होगा। रात्रि विश्राम जिले के बस्तीपुर आर एस के विद्यालय परिसर में होगा तथा प्रेस वार्ता भी करेंगे।

## हस्तशिल्प प्रदर्शनी में छात्राओं ने दिखाए कौशल

### प्रदर्शनी में उपस्थित गणमान्य द्वारा छात्राओं को किया गया पुरस्कृत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत बुधवार को शहर के कन्या मिडिल स्कूल जहानाबाद में हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन हुआ जिसमें स्कूल के छात्राओं ने घर के कबाड़ से बनाए सामग्री का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों ने बेहतर प्रदर्शन के लिए छात्राओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पंचायत के स्वच्छता पदाधिकारी सिरमन सिंह ने किया। प्रदर्शनी में कूड़ेदान, गुलदस्ता, फोटोफ्रेम, पेंसिल, बॉक्स समेत दर्जनों प्रकार के सामग्री का प्रदर्शन किया गया। बेहतर प्रदर्शन के लिए स्कूल के सान्वी कुमारी, मानसी कुमारी, चांदनी कुमारी, मनीषा कुमारी, निधि कुमारी समेत एक दर्जन से अधिक छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के हेडमास्टर कुमार अनिल सिंह समेत सभी शिक्षक व दर्जनों अभिभवक उपस्थित थे।

## मेक इन इंडिया आत्मनिर्भर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** रोहतास जिला के शेरशाह इंजीनियरिंग कॉलेज में बुधवार को मेकिंग इंडिया आत्मनिर्भर विषय पर एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका संचालन स्टार्टअप सेल के समन्वयक नीतीश कुमार दुबे के मार्गदर्शन में तथा प्रोफेसर शैलेश सौरभ के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में उद्योग विभाग ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। क्विज प्रतियोगिता में कॉलेज के विभिन्न विभागों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आत्मनिर्भर भारत से जुड़े उद्योग, तकनीक, कृषि, शिक्षा, नवाचार और स्थानीय उत्पादों से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी जानकारी और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में आत्मनिर्भरता और मेकिंग इंडिया आत्मनिर्भर के महत्व को समझाना तथा उन्हें इस दिशा में सोचने और सीखने के लिए प्रेरित करना था। शीर्ष तीन प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया जिससे छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना और उत्साह बढ़ा। प्रोफेसर शैलेश सौरभ ने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों को न केवल ज्ञान बढ़ाने का अवसर देते हैं, बल्कि उन्हें देश की आत्मनिर्भरता के लिए सोचने और योगदान देने के लिए प्रेरित भी करते हैं। कोऑर्डिनेटर नीतीश कुमार दुबे ने कहा कि हमारा लक्ष्य छात्रों में नवाचार और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है ताकि वे भविष्य में समाज और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। इस क्विज प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर भारत अभियान और मेकिंग इंडिया आत्मनिर्भर के विजन के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें देश के निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा दी गई।

## बेनी सिंह महाविद्यालय में स्वच्छता पखवारा का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** स्थानीय बेनी सिंह महाविद्यालय परिसर में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण के साथ की गई। इसके बाद एनएसएस के कैडेटों ने कॉलेज परिसर में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया। छात्रों ने स्वच्छता पर आधारित गीत-संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जिससे पूरे माहौल में उत्साह और जागरूकता का संदेश फैला। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जनेश्वर सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छता भी जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गंदगी से अनेक बीमारियां पनपती हैं, इसलिए हमें व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर सफाई के महत्व को समझना चाहिए।

## नारायण स्कूल ऑफ लॉ एवं गया के स्कूल ऑफ लॉ एण्ड गवर्नेंस के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** विधि संकाय के छात्रों को विशेष तौर पर शिक्षित प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के अंतर्गत संचालित नारायण स्कूल ऑफ ला एवं दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया के स्कूल ऑफ ला एण्ड गवर्नेंस के बीच कल शाम एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस समझौते का उद्देश्य दोनों संस्थाओं के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देना है। इसके तहत मुट कोर्ट, प्रतियोगिताएं, विधिक सहायता एवं जागरूकता कार्यक्रम, सेमिनार व कांफ्रेंस तथा फैकल्टी और स्टूडेंट एक्सचेंज जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस पहल से छात्रों और शोधार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में अपने कौशल और ज्ञान को विकसित करने के नए अवसर प्राप्त होंगे। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने के अवसर पर दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया की ओर से कुल सचिव प्रोफेसर नरेंद्र कुमार राणा, विभाग अध्यक्ष एवं डीन प्रोफेसर अशोक कुमार तथा सह प्राध्यापक डॉ सुरेंद्र कुमार एवं डॉ मनी प्रताप उपस्थित रहे। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रोफेसर महेंद्र कुमार सिंह, कुलसचिव डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार, देव मंगल मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव गोविंद नारायण सिंह, नारायण स्कूल ऑफ लॉ के संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर विनोद कुमार सरोज एवं प्राध्यापक डॉ संगीता कुमारी की उपस्थिति में यह महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन का आदान प्रदान किया गया। ऐसी आशा व्यक्त की जा रही है कि इस समझौते के अंतर्गत दोनों ही संस्थाओं के छात्रों को लाभ प्राप्त होगा।

## संघ शताब्दी वर्ष का भव्य उद्घाटन एवं शस्त्र पूजन समारोह सम्पन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी/तिलौथू (रोहतास)।** ग्राम सरैया स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष का भव्य उद्घाटन एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम विधिवत सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति से शस्त्र पूजन के साथ हुई जिसके पश्चात सामूहिक गीत एवं एकल गीत की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में रोहतास विभाग के विभाग प्रचारक बिजेंद्र जी ने अपने बौद्धिक उद्बोधन में संघ की सौ वर्षों की गौरवमयी यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ ने इस लंबे कालखंड में अनेक चुनौतियों का सामना किया, लेकिन अपने लक्ष्य से कभी विचलित नहीं हुआ। संघ ने सदैव भारत माता की सेवा को सर्वोपरि रखा और राष्ट्रहित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। आज संघ की पहचान केवल भारत में ही नहीं, बल्कि विश्वभर में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और निष्ठा के लिए की जाती है। संघ व्यक्तित्व निर्माण की एक सशक्त पाठशाला है। कार्यक्रम का समापन ध्वज गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर दर्जनों गणवेशधारी स्वयंसेवक मौजूद रहे जिन्होंने शताब्दी वर्ष के इस शुभारंभ को ऐतिहासिक बना दिया।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025' के अंतर्गत 24 सितम्बर को मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के दिशानिर्देश पर मंडल भर में व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। डीडीयू, गया, डिहरी ऑन सोन, सासाराम, अनुग्रह नारायण रोड सहित मंडल के स्टेशनों पर यात्रियों, रेल कर्मचारियों व कार्यरत अन्य को स्वच्छता बनाए रखने की सामूहिक जिम्मेदारी, कचरा पृथक्करण, पर्यावरण अनुकूल व्यवहार, 'रिड्यूस-रीयूज-रिसायकल' सिद्धांत और डस्टबिन के समुचित उपयोग जैसे विषयों पर जागरूक किया गया। स्टेशन परिसर में लगाए गए सूचना पटल, पोस्टर, सार्वजनिक उद्घोषणा और प्लेटफॉर्म पर घूम-घूम कर संवाद सत्रों के माध्यम से यात्रियों को यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सतत सहभागिता है।

## शव पहुंचते ही मचा कोहराम, परिजनों का रो रो बुरा हाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** औरंगाबाद जिले के बारून में राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर ऑटो और ट्रक की टक्कर में दोनों की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही मृतक के गांव चेनारी थाना क्षेत्र के बिलासपुर व श्रीरामपुर गांव में कोहराम मच गया। मृतका श्रीरामपुर गांव निवासी अंगद बिन्द के 40 वर्षीय पत्नी नन्हक देवी और बगल के गांव बिलासपुर निवास रामधारी बिंद की पत्नी सविता देवी की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही पूरे गांव में कोहराम मच गई। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों बहन चेनारी थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में स्वर्गीय परशुराम बिंद की पुत्री थी। भाई नहीं होने के कारण अधिकांश समय मायके में ही रहती थी। नन्हक देवी की वहां पहचान पत्र व आधार कार्ड भी बन गया है, लेकिन अन्य परिवार पैतृक गांव में रहता है। दोनों बहन बुधवार को अपने मायके सेमरी से महुआ धाम के लिए निकली थी। गांव के लोगों ने बताया कि पूजा पाठ झाड़ फूंक के लिए जा रही थी। चेनारी से सासाराम गई और वहां से ऑटो पकड़कर जा रही थी कि ऑटो बारुन के समीप वाहन दुर्घटना हो गई जिसमें नन्हक देवी 42 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि बड़ी बहन सविता गंभीर रूप से घायल थी जिसे ट्रामा सेंटर वाराणसी ले जाया जा रहा था। बनारस पहुंचने के पहले ही दम तोड़ दी। ग्रामीणों ने बताया कि रात में ही भारी संख्या में लोग गए हैं। वहीं पर दाह संस्कार होगा जबकि नन्हक देवी का शव औरंगाबाद सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद श्रीरामपुर पहुंचेगी।

## अश्लील फोटो वायरल की प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर थाना चेनारी थाना क्षेत्र की एक युवती ने सोशल मीडिया पर फेक अकाउंट बनाकर अश्लील फोटो वायरल करने वाले अज्ञात पर प्राथमिकी कराई है। डीएसपी सह थानाध्यक्ष गौरव यादव के अनुसार पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दूसरी शादी रचाने व प्रताड़ना की प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** महिला थाना में सासाराम के शेरगंज मुहल्ला निवासी फरहत जहां ने अपने पति वसीम अब्बास पर बाइक के लिए प्रताड़ित कर घर से निकालने व उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद की एक अन्य महिला के साथ दूसरी शादी करने की प्राथमिकी कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**कार्यालय:-अधीक्षक,मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पलामू)**

Email-supt.pmchpalamu@gmail.com

**शुद्धि -पत्र**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2025 जिसका पत्रांक 2060 दिनांक 16.09.2025 PR No 362193 के माध्यम से प्रकाशित की गई को निम्न प्रकार से संशोधन किया जाता है।

| विवरणी | पूर्व की तिथी | संशोधित तिथी |
|---|---|---|
| बेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथी एवं समय | 20.09.2025 समय 11.00 बजे पूर्वाहन | दिनांक 25.09.2025 समय 11:00 बजे पूर्वाहन् |
| ई0 निविदा ऑन लाईन भरने की अंतिम तिथी/समय | दिनांक 13.10.2025 तक समय 05:00 बजे अपराह्न तक | दिनांक 16.10.2025 तक, समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| तकनीकि ई0 निविदा खुलने की तिथी/समय तथा स्थान | दिनांक 15.10.2025 समय 02: बजे अपराह्न स्थान अधीक्षक मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू के कार्यालय प्रकोष्ठ में। | दिनांक 18.10.2025 समय 02:00 बजे अपराह्न स्थान अधीक्षक मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू के कार्यालय प्रकोष्ठ में। |
| निविदा अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र की राशि का DD तथा तकनीकि निविदा से संबंधित सभी कागजातो की हार्ड कॉपी को हाथों हाथ अथवा निबंधित डाक के माध्यम से जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय तथा स्थान | दिनांक 14.10.2025 समय 03:00 बजे अपराह्न मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू | दिनांक 17.10.2025 समय 03:00 बजे अपराह्न स्थान अधीक्षक मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू के कार्यालय प्रकोष्ठ में। |

अन्य सभी शर्ते पूर्वतः रहेगी।

अधीक्षक,
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल,पलामू

PR 362746 District(25-26).D



**जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू**
**पलामू समाहरणालय, मेदिनीनगर– 822101**
दूरभाष सं0–06562–222621 ई–मेलः–Palamau.MDM@gmail .com

**–ः आवश्यक सूचना ः–**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या 13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय में स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 06–08 के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की जिला स्तरीय काउंसिलिंग हेतु सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025, ज्ञापांक 1504 दिनांक 31.07.2025 एवं निदेशक (प्रा0शि0) के पत्रांक 1841 दिनांक 18.09.2025 के आलोक में कक्षा 06 से 08 (भाषा) संबंधित कुल 83 अनुशंसित अभ्यर्थियों का सूची प्राप्त हुआ है। पुर्व में 43 अभ्यथियों जिनका पुर्व में काउंसिलिग पूर्ण की जा चुकी है एवं वर्तमान परीक्षा परिणाम में कोटि, जिला एवं अन्य में परिवर्तन नहीं हुआ है को छोड़कर 40 अनुशंसित अभ्यर्थियों) का काउंसिलिग दिनांक 27.09.2025 को पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक **जिला स्कूल मेदिनीनगर के सभागार** में आयोजित की जायेगी।

उक्त विभागीय निदेशानुसार स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 06 से 08 (भाषा) के पद पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों की सूची (नाम एवं अनुशंसा) को अधिकारिक वेबसाइट **www.palamu.nic.in** पर दिनांक 23.09.2025 को अपलोड किया गया है, संबंधित अभ्यर्थियों के संबंध में कॉउसिलिंग का स्थान **जिला स्कूल मेदिनीनगर के सभागार** में निर्धारित की जाती है। काउंसिलिंग हेतु सभी जानकारी/शर्ते जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.palamu.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है। किसी तरह की सूचना हेतु हेल्प डेस्क नम्बर **8709355153 (राम लखन सिंह, लिपिक, कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू)** एवं **8102713045 (बलराम कुमार, लिपिक, कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू)** पर सम्पर्क स्थापित कर जानकारी ली जा सकती है।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
पलामू

PR 362747 District(25-26)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–DWSD/02/2025-26 (1st Call)**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड़।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
3. परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट पर ऑपलोड/ डाउनलोड की तिथि/समय :– 27.09.2025 को 12:30 बजे अपराहन में।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय :– 07.10.2025 को 3:30 बजे अपराह्न् तक।
5. निविदा खोलने की अंतिम तिथि/समय :– 07.10.2025 को 04.00 बजे अपराह्न में ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download करना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।

| क्र0 सं0 | कार्य की विवरणी निर्मित जलमीनार एवं पाईप लाईन बिछा हुआ से संयोजन कर आँगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल का व्यवस्था कराने का कार्य। | आँगनबाड़ी केन्द्रों की सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | प्रखण्ड – हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज ग्रुप संख्या – HHM-1 | 14 अदद | 290374.00 | 6000.00 | 750.00 | 30 (तीस) दिन |
| 02 | प्रखण्ड – मनातू, तरहसी ग्रुप संख्या – MT-2 | 08 अदद | 165928.00 | 3500.00 | 500.00 | 30 (तीस) दिन |
| 03 | प्रखण्ड – पाटन, पड़वा ग्रुप संख्या – PP-3 | 09 अदद | 186669.00 | 4000.00 | 500.00 | 30 (तीस) दिन |
| 04 | प्रखण्ड – चैनपुर, रामगढ़ ग्रुप संख्या – CR-4 | 12 अदद | 248892.00 | 5000.00 | 500.00 | 30 (तीस) दिन |
| 05 | प्रखण्ड – लेस्लीगंज ग्रुप संख्या – LE-5 | 08 अदद | 165928.00 | 3500.00 | 500.00 | 30 (तीस) दिन |
| 06 | प्रखण्ड – विश्रामपुर, हरिहरगंज, पीपरा ग्रुप संख्या – BHP-6 | 06 अदद | 124446.00 | 2500.00 | 500.00 | 30 (तीस) दिन |
| 07 | प्रखण्ड – छत्तरपुर, नौडीहा बाजार ग्रुप संख्या – CHN-7 | 12 अदद | 248892.00 | 5000.00 | 500.00 | 30 (तीस) दिन |
| 08 | प्रखण्ड – पाँकी ग्रुप संख्या – P-8 | 10 अदद | 207410.00 | 4500.00 | 500.00 | 30 (तीस) दिन |

नोटः– निविदा की शर्तें एवं परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 362756 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D

# बिहार में मठ-मंदिर होंगे सामाजिक बदलाव के केंद्र : रणवीर नंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष रणवीर नंदन ने बुधवार को प्रेस वार्ता में राज्य के मठों और मंदिरों को केवल पूजा-पाठ तक सीमित न रखते हुए सामाजिक व रचनात्मक कार्यों से जोड़ने की नई पहल की घोषणा की। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. सुनील कुमार और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार भी मौजूद रहे। श्री नंदन ने बताया कि बिहार में लगभग साढ़े चार हजार मठ और मंदिर हैं, जिनमें से नालंदा जिले में 81 पंजीकृत हैं। उन्होंने चार प्रमुख पहलुओं पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक पूर्णिमा पर सत्यनारायण भगवान और अमावस्या पर भगवती की पूजा की परंपरा को फिर से शुरू किया जाए।



शिक्षा में योगदान को लेकर मठ-मंदिर अपनी क्षमता अनुसार गरीब बच्चों को पढ़ाई की सामग्री और कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराएं, मठ-मंदिर परिसर में गरीब बच्चियों के दहेज-मुक्त विवाह कराए जाएं, अखाड़ा संस्कृति को बढ़ावा के उद्देश्य से युवाओं को कुश्ती और अन्य खेलों से जोड़कर शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने की पहल की जाए। उन्होंने बताया कि हाल ही में पटना में आयोजित धार्मिक न्यास समागम में पूरे बिहार से लगभग 8 से 9 हजार प्रतिनिधि शामिल हुए थे। इस आयोजन में मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और अन्य नेताओं ने भी इस पहल की सराहना की। पत्रकारों के सवालों के जवाब में रणवीर नंदन ने पटना में हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह बैठक तेजस्वी यादव और राहुल गांधी को बचाने का प्रयास मात्र है, जिनका भाजपा के सामने कोई अस्तित्व नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में नेतृत्व बूथ स्तर से खड़ा होता है, जबकि अन्य दलों में परिवारवाद हावी रहता है। प्रशांत किशोर पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्हें 'दुखी आत्मा' बताया और कहा कि जिन लोगों ने कभी बूथ नहीं देखा, वे राजनीति पर सवाल उठा रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार, जिला मंत्री अमरेश कुमार, सोनू कुमार हिंदू, धीरज पाठक, मणिकांत पासवान, रवि कुमार समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खेलने के दौरान किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के लक्ष्मी बिगहा गांव में एक हादसे में खेलने के दौरान 10 वर्षीय आर्यन कुमार की मौत हो गई।आर्यन अपने नाना लक्ष्मी बिगहा निवासी रामदेव यादव के घर आया हुआ था। बुधवार की सुबह आर्यन बिचाली (पुआल) काटने वाली हस्तचालित मशीन के समीप खेल रहा था। इसी बीच अचानक मशीन आर्यन के सिर पर गिर गया और आर्यन नीचे दब गया। इस दौरान बच्चे के सिर से खून बहने लगा। आनन-फानन में परिजनों ने गंभीर रूप से जख्मी बच्चे को अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु ले गए। अनुमंडलीय अस्पताल में ड्यूटी पर रहे चिकित्सक डॉ. परितोष कुमार ने बताया कि घायल बच्चे की पहचान मेसकौर थाना क्षेत्र के सराय गांव निवासी पप्पू यादव के 10 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार के रूप में हुई है। चिकित्सक ने कहा कि अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही बच्चे की मौत सिर में अत्यधिक चोट लगने के कारण खून बहने से हो गई थी। आर्यन की मौत की पुष्टि चिकित्सक द्वारा किए जाने पर परिजन फफक-फफक कर रोना शुरू कर दिए। वहीं आर्यन की मां रोते हुए बेहोश हो जा रही थी।स्थानीय प्रशासन द्वारा पीड़ित माता-पिता को सांत्वना दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार पुआल काटने वाली मशीन को जमीन के अंदर गाड़ कर नहीं रखा गया था। लोगों ने कहा कि मशीन गड़ा हुआ होता, तो शायद आज दर्दनाक हादसा नहीं होता। अस्पताल परिसर में ग्रामीण भी गमगीन दिखाई दिए। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिजनों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। आर्यन की मौत एक दर्दनाक याद बन गई,जो उसके परिवार और गांव के लिए कभी ना भूलने वाला दुःख है।

## एक नजर

### दुर्गा पूजा को लेकर वाहन चेकिंग अभियान शुरू

**नारदीगंज,नवादा।** दुर्गा पूजा को लेकर नारदीगंज बाजार में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार पुलिस बल के साथ वाहनों की जांच की। थानाध्यक्ष राहुल अभिषेक ने बताया इस दौरान वाहन का कागजात, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, ओवर लोडिंग आदि की सघन जांच की गई है। पुलिस ने इस दौरान बाइक चालकों से 22 हजार रुपये का चालान कटा है। वही बगैर कागजात के दो बाइक को जब्त किया है। पुलिस के इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है। कहा गया फिलहाल दुर्गा पूजा को लिए निरंतर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इधर,वाहन चेकिंग होने से कई बाइक चालक रास्ता बदलकर अपना मंजिल तय किया।

### गतिविधियों के माध्यम से दी गई रोचक जानकारियां

**पकरीबरावां।** प्रखंड की उत्तरी ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू में मंगलवार को पिरामल फाउंडेशन ने गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को रोचक जानकारियां दी। पिरामल फाउंडेशन के गौरव ठाकुर ने बच्चों को गतिविधियों के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियां दी। बच्चों को हाव-भाव के साथ कविता गायन कराया गया। गतिविधियों के माध्यम से कराए गए शिक्षण से बच्चे काफी प्रभावित हुए। इस बीच बच्चों ने विशेष तालियों से उनका स्वागत किया। बच्चों को कई कविता गायन एवं रुचिकर माध्यम से कराया गया। इस अवसर पर प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा, वरीय शिक्षक मो. अख्तर, शिक्षिका फरहत जहां, शिक्षा सेवक नुसरत खातून उपस्थित थे।

### आइटी सहायक के निधन पर कार्यालय में शोक

**रजौली।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय रजौली में कार्यरत आइटी सहायक अरविंद कुमार के असामयिक निधन पर मंगलवार को गहरी शोक व्यक्त की गई।अरविंद कुमार का लंबी बीमारी के बाद दिल्ली एम्स में निधन हो गया था। वह मूल रूप से नालंदा के नूरसराय गांव के निवासी थे। उनके निधन की खबर मिलते ही रजौली प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए कार्यालय परिसर में एक मौन सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार झा, अंचल अधिकारी गुफरान मजहरी सहित प्रखंड स्तरीय सभी कर्मी मौजूद रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। कर्मचारियों ने अरविंद कुमार के सरल स्वभाव और कार्य के प्रति उनकी निष्ठा को याद किया। उनके आकस्मिक निधन को कार्यालय और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया गया।

### इंटर विद्यालय पकरीबरावां में क्विज प्रतियोगिता

**पकरीबरावां।** इंटर विद्यालय पकरीबरावां में मंगलवार को क्विज प्रतियोगिता एवं विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। वर्ग छह से आठ में उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवार पश्चिमी के छात्र विभीषण कुमार को प्रथम, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय पकरीबरावां की करीना शर्मा को द्वितीय एवं इसी विद्यालय की अंजली कुमारी को तृतीय स्थान मिला। नवम से बारहवीं समूह में उच्च माध्यमिक विद्यालय भलुकी के रजनीश कुमार को प्रथम, महंत रामधन पुरी इन्टर विद्यालय बुधौली की नेहा कुमारी को द्वितीय एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय कुढ़ेता के रिषभ कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह विज्ञान प्रदर्शनी में रजनीश कुमार एवं विभीषण कुमार ने बेहतर प्रदर्शन किया। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राहुल रंजन ने सभी सफल प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक सुबोध कुमार, लेखापाल रविन्द्र कुमार, महंत रामधन पुरी इंटर विद्यालय बुधौली के प्लस टू के शिक्षक डॉ. रंजन आर्य, धीरज कुमार, जाहिद अनवर सहित अन्य उपस्थित थे।

### नाबालिग का शव मिलने से हड़कंप

**नारदीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव के किनारे पुलिया के समीप बधार में बुधवार की सुबह में एक नाबालिग लड़की का शव मिलने की सूचना पर काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद किया। मृतका की पहचान नारदीगंज पंचायत के दरियापुर मुसहरी निवासी लाटो राजवंशी का 14 वर्षीया पुत्री स्वीटी कुमारी के रुप में की गई है। थानाध्यक्ष राहुल अभिषेक,अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार समेत अन्य पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचे और कानूनी प्रक्रिया के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। इस मामले में कांड संख्या 359/2025 दर्ज किया गया है। घटना की खबर पाते ही मृतका के पिता लाटो राजवंशी, माता इंदू देवी समेत अन्य स्वजन का हाल बेहाल हो रहा था। लोगों को रो रोकर बुरा हाल हो गया। सांत्वना देने में लोग लगे रहे। इधर, स्वजन का कहना है कि मंगलवार को दोपहर के बाद घास लाने के लिए बधार की ओर गई थी। लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटी। उसके बाद काफी खोजबीन की। जब कही भी अता पता नहीं चल पाया। तब उसकी मां इंदू देवी नारदीगंज थाना में पहुंच कर गुमशुदगी की लिखित शिकायत दर्ज कराई। उसके बाद थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे और देर रात तक तक खोज की। बुधवार की सुबह में उसका शव दरियापुर गांव में सड़क किनारे पुल के निकट बधार में था।

### वेतनमान व स्थायित्व की मांग को लेकर सचिवों ने दिया धरना

**बिहारशरीफ।** वेतनमान, स्थायी नियुक्ति और नियमितकरण की मांग को लेकर बुधवार को ग्राम कचहरी सचिव संघ के बैनर तले सचिवों ने अस्पताल चौक पर एकदिवसीय धरना दिया। जिलेभर से जुटे सचिवों ने आवाज बुलंद की और चेतावनी दी कि यदि उनकी जायज मांगों को अनसुना किया गया तो वे विधानसभा का घेराव करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। धरना का नेतृत्व करते हुए संघ के सचिव अनूप कुमार ने कहा कि ग्राम कचहरी सचिव पिछले 18 वर्षों से संविदा पर कार्यरत हैं। वर्ष 2007 में मात्र 2000 रुपये मानदेय पर इनकी बहाली की गई थी। इसके बाद वर्ष 2015 में मानदेय बढ़ाकर 6000 रुपये किया गया और वर्ष 2025 में केवल 3000 रुपये की बढ़ोतरी कर इसे 9000 रुपये कर दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि आज के समय में मात्र 9000 रुपये में कोई भी परिवार कैसे चल सकता है सचिवों ने कहा कि उनसे पंचायत स्तर के अलावा प्रखंड कार्यालय, चुनावी ड्यूटी, बाढ़ राहत और अन्य सभी प्रकार के महत्वपूर्ण कार्यों में सेवा ली जाती है।

# मोदी और नीतीश सरकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक: नितिन नवीन

## मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को बताया "गरीबों का मसीहा
## बिहार ने विकास की नई इबारत लिखी : विवेक ठाकुर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** हिसुआ इंटर विद्यालय के मैदान में बुधवार को आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि बिहार और देश में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और सीएम नीतीश के खजाने में पैसों की कोई तंगी नहीं है, नवादा सहित पूरे प्रदेश में विकास कार्य समय पर पूरे होंगे। मंत्री ने गरीबों को मुफ्त राशन, पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली आयुष्मान भारत योजना, शौचालय निर्माण तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं को केंद्र और राज्य सरकार की बड़ी उपलब्धियां बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को "गरीबों का मसीहा और विकास का भागीरथ" करार दिया।



सांसद विवेक ठाकुर ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले बिहार हत्या, अपहरण और भय का प्रतीक था। उन्होंने इसे धर्म और अधर्म की लड़ाई करार देते हुए विश्वास जताया कि धर्म की जीत होगी और 2025 में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि 2005 के बाद से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास की नई इबारत लिखी है। जदयू के प्रदेश प्रवक्ता व एमएलसी नीरज कुमार ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि आज सुशासन की सरकार में लोग रात 11 बजे भी परिवार के साथ मरीन ड्राइव पर घूम सकते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि एनडीए सरकार ने महिलाओं को पंचायतों में 50 प्रतिशत आरक्षण देकर सशक्त बनाया है। इस अवसर पर एमएलसी अशोक कुमार, वारिसलीगंज विधायक अरुणा देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, पूर्व विधायक अनिल सिंह, उमेश विश्वकर्मा और धीरेन्द्र कुमार मुन्ना समेत अन्य नेताओं ने भी अपने विचार रखे और एनडीए की मजबूती पर जोर दिया।

# नवादा में विकास कार्यों का मंत्री व सांसद ने किया शिलान्यास





**डॉ पंकज कुमार सिन्हा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

नवादा। जिलान्तर्गत पथ निर्माण विभाग द्वारा बहुप्रतीक्षित एवं महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नविन व स्थानीय सांसद विवेक ठाकुर ने किया। इस शिलान्यास में प्रमुख रूप से आर ओ बी निर्माण की आधार शिला है। कन्हाई स्कूल के समीप आयोजित एक समारोह में मंत्री व सांसद ने कई योजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें 174.43 करोड़ की लागत से वारसलीगंज-नवादा रेलवे स्टेशनों के बीच लेवल क्रॉसिंग संख्या-33/B1 पर पहुंच पथ सहित आरओबी का निर्माण कार्य शामिल है। इसके साथ ही 54.83 करोड़ की लागत से रजौली अनुमंडल के रोह एवं गोविन्दपुर प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क पर सकरी नदी पर पुल का निर्माण भी किया जाएगा। शिलान्यास समारोह में 181.62 करोड़ की लागत से हिसुआ-नवादा-जमुई पथ (एसएच-08) पर नवादा बाईपास सहित आरओबी का निर्माण का शिलान्यास भी किया गया । पथ निर्माण मंत्री नितिन नविन ने कहा की इस परियोजनाओं से नवादा जिला के यातायात सुगमता, कनेक्टिविटी एवं समग्र विकास को नई गति मिलेगी। सांसद विवेक ठाकुर ने कहा की नवादा आर.ओ.बी. तथा नवादा बाईपास इन दोनों के निर्माण से नवादा जिला मुख्यालय की सबसे बड़ी समस्या भीषण जाम से मुक्ति मिलेगी। समस्त नवादा वासियों में हर्ष का माहौल है। साथ ही गोविंदपुर में बनने वाला पुल विकास के मिल का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, विधान पार्षद अशोक यादव, विधायक अरुणा देवी, विधायक विभा देवी, जिलापरिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, उपाध्याक्ष निशा चौधरी, जिला महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, अरविन्द गुप्ता,नंदकिशोर चौरसिया, उपाध्यक्ष विनोद भोली, तेजस सिन्हा, मंत्री निशा राजवंशी, कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह विशु,युवा मोर्चा अध्यक्ष अजित शंकर, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, गौरी रानी,मंडल अध्यक्ष शिवरानी केशरी, गरीवन महतो, अजीत यादव, रंजीत यादव एवं अन्य मौजूद थे।

# विधानसभा चुनाव को लेकर एसडीएम ने प्रशासनिक तैयारियों का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी नितिन वैभव काजले ने रहुई प्रखंड के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाजार स्थित मध्य विद्यालय रहुई समेत कई विद्यालयों में बनाए गए मतदान केंद्रों का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में एसडीएम ने साफ-सफाई, पेयजल, बिजली व्यवस्था, शौचालय, कमरों की स्थिति और अन्य मूलभूत सुविधाओं की जांच की। उन्होंने विद्यालय के कक्षाओं, मध्याह्न भोजन रसोई, बच्चों की उपस्थिति और भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। विद्यालय प्रशासन को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने और कचरा केवल डस्टबिन में डालने का निर्देश दिया गया। चुनावी तैयारियों के साथ-साथ सुरक्षा और विधि-व्यवस्था की दृष्टि से एसडीएम नितिन वैभव काजले एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिहारशरीफ-2 ने ग्राम कादी बीघा में दुर्गा पूजा एवं मेला स्थल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके अलावा रहुई प्रखंड के मध्य विद्यालय रहुई, मध्य विद्यालय कादीबीघा, प्राथमिक विद्यालय शेरपुर एवं प्राथमिक विद्यालय वासक सैदी पर स्थित मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की जांच की। निरीक्षण के दौरान अवर निर्वाचन पदाधिकारी बिहार शरीफ, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रहुई उपस्थित थे।

# मोदी और नीतीश सरकार के नेतृत्व में देश और बिहार का हो रहा कायाकल्प : डॉ सुनील कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ सुनील कुमार ने अपने विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना एवं अपने विधायक मद से विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इनमें रहुई प्रखंड के सर्वांगीण विकास के संदर्भ में सोसन्दी पंचायत के सोसन्दी रविदास टोला में अपने विधायक मद से 5 लाख की लागत से नाली निर्माण एवं पी सी सी ढलाई का उद्घाटन, 11 लाख रुपए की लागत से सोसन्दी में दक्षिण शिवालय से तालाब तक पी सी सी ढलाई का उद्घाटन, सोसन्दी पंचायत के मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 24 लाख रुपए की लागत से एस-एच 78 से सोसन्दी उत्तर पूर्वी टोला लक्ष्मी स्थान तक पी सी सी पर का शिलान्यास, सोसन्दी पंचायत के पितौजिया रविदास टोला में अपने विधायक मद से 12 लाख 50 हजार की लागत से महादलित सामुदायिक भवन से गन्नौर रविदास के मकान होते रामाशीष रविदास के मकान तक नाली व पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन, ओरा ग्राम में अपने विधायक मद आंगनबाड़ी होते हुए पुलिया तक पीसीसी पथ का शिलान्यास, अपने




विधायक मद से 4 लाख की लागत से तालाब पर दरगाह पर होते हुए दिनेश प्रसाद के मकान तक पी सी सी ढलाई कार्य का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए उपलब्धियों को गिनाया और कहा कि पी एम मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में देश और बिहार का कायाकल्प हो रहा है। समाज के सभी वर्गों सहित महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए अनेको जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जीविका समूहों के द्वारा मिलने जा रहे 10000 की राशि और उसके बाद 02 लाख रुपए की आर्थिक सहायता महिला सशक्तिकरण का बेजोड़ उदाहरण है। एक विधायक एवं मंत्री होने के नाते अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधाएं देना और उनकी समस्याओं का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता है।

# कृषि रोड मैप से किसान हो रहे हैं लाभान्वित : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नूरसराय।** नालंदा उद्यान महाविद्यालय, नूरसराय में बुधवार को अनुसूचित जाति लाभार्थियों के लिए "तीसी की वैज्ञानिक खेती" विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम का उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के निदेशक अनुसंधान डॉ. अनील कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय के उत्पाद मंत्री को भेंट कर उनका सम्मान किया। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि कभी खेती घाटे का सौदा मानी जाती थी, जिससे किसान रोजगार की ओर पलायन करने लगे थे। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2005 में पहला कृषि रोड मैप लागू कर किसानों में नई उम्मीद जगाई। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में लगातार योजनाएं बन रही हैं, जिससे किसान लाभान्वित हो रहे हैं। आज राज्य के 90 प्रतिशत परिवारों को 125 यूनिट मुफ्त बिजली मिल रही है। करीब एक करोड़ 87 लाख परिवारों को बिजली का बिल नहीं




देना पड़ रहा। वहीं, सरकारी स्कूलों में 90 लाख लड़कियां पढ़ाई कर रही हैं और प्राइवेट स्कूलों में भी लाखों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बीएयू सबौर के निदेशक अनुसंधान डॉ. अनील कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में तेलहन की खपत अधिक है लेकिन उत्पादन बेहद कम। राज्य सरकार चौथे कृषि रोड मैप में तीसी की खेती को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दे रही है। वर्तमान में नालंदा व पटना सहित 11 जिलों में लगभग एक हजार हेक्टेयर में तीसी की खेती हो रही है, जिसे बढ़ाकर 12 हजार हेक्टेयर करने का लक्ष्य है। प्रोजेक्ट इंचार्ज रामबालक प्रसाद निराला ने बताया कि तीसी तेलहनी फसलों में महत्वपूर्ण है। इसमें 50 से 70 प्रतिशत ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। इसके डंठल से लीलन का कपड़ा भी बनता है। बीएयू सबौर देश में कुल तीसी बीज उत्पादन का 20 प्रतिशत करता है और इस उपलब्धि के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी हुआ है। कार्यक्रम में जदयू वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद, प्राचार्य डॉ. रणधीर कुमार, बीडीओ डॉ. जियाउल हक, सीओ दीपक कुमार, थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं विशेषज्ञ मौजूद रहे।

# पल्स पोलियो चक्र की तैयारी को लेकर सिविल सर्जन ने की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** अक्टूबर में आयोजित होने वाले पल्स पोलियो चक्र और नियमित टीकाकरण की त्रैमासिक समीक्षा को लेकर मंगलवार को सदर अस्पताल सभागार में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सिविल सर्जन ने की। डब्ल्यूएचओ सर्विलेंस ऑफिसर ने बताया कि इस बार 6 लाख 15 हजार घरों तक पहुंचने और 5 लाख 35 हजार बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए 1,480 घर-घर दल, 129 सब डिपो और 550 सुपरवाइजर तैनात किए जाएंगे।

# श्रवण कुमार ने किया साधना एनर्जी स्टेशन का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राणाबीघा स्थित साधना एनर्जी स्टेशन (भारत पेट्रोलियम) का भव्य उद्घाटन किया गया। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने फीता काटकर इस नये पेट्रोल पंप की शुरुआत की। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि इस पेट्रोल पंप की स्थापना से आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को काफी सुविधा होगी। खासकर, राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को इंधन की निर्बाध आपूर्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में विकास कर रही है। परिवहन व्यवस्था के सुदृढ़ होने से क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी नया आयाम मिलेगा। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में बीपीसीएल के राज्य प्रमुख (बिहार-झारखंड) अजय मिश्रा,



क्षेत्रीय प्रबंधक (रिटेल, पटना) रमेश जी मीणा ने साधना एनर्जी स्टेशन की स्थापना को कंपनी और क्षेत्र दोनों के लिए एक उपलब्धि बताया। अधिकारियों ने कहा कि आधुनिक तकनीक से लैस यह स्टेशन ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। फर्म के प्रोपराइटर उजाला प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि साधना एनर्जी स्टेशन के माध्यम से स्थानीय लोगों को गुणवत्ता पूर्ण सेवा और सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने भरोसा जताया कि इससे न केवल वाहन चालकों को लाभ मिलेगा बल्कि रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। पंप के संचालन में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। इस मौके पर आए स्थानीय ग्रामीणों और व्यापारियों ने भी खुशी जताई। उनका कहना था कि अब उन्हें पेट्रोल-डीजल के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। खासकर कृषि कार्य से जुड़े किसानों को ट्रैक्टर व अन्य वाहनों के लिए इंधन आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। इससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी। इस अवसर पर जदयू जिला प्रवक्ता डॉ धनंजय कुमार देव, संजय कुशवाहा, बीपीसीएल के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# शारदीय नवरात्र में मां चंद्रघंटा की हुई पूजा-अर्चना, भक्तिमय बना माहौल

**दनियावां (पटना)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर बुधवार को प्रखंड क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय रहा। दनियावां बाजार, शाहजहांपुर, तोप, सरथुआ और समीपवर्ती मसाढ़ी समेत कई गांवों में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की विधिवत पूजा-अर्चना की। सरथुआ स्थित मां कालीस्थान प्रांगण में मणिकांत उर्फ धीरज पांडेय ने दुर्गा सप्तशती का पाठ किया और बताया कि मां चंद्रघंटा भक्तों को साहस, शांति और संकटों से मुक्ति प्रदान करती हैं। पूजा के दौरान मां को दूध और मेवे का भोग अर्पित किया गया। वहीं, तोप गांव में शर्मानंद पांडेय मां की आराधना में लीन नजर आए। दनियावां बाजार स्थित दुर्गा मंदिर चौराहे पर आकर्षक पंडाल का निर्माण किया गया है, जहां ध्वनि और प्रकाश की विशेष व्यवस्था ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया।

# डीएम ने की द्वितीय अपील से संबंधित 25 मामलों की सुनवाई

**नवबहिार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने 25 मामलों की सुनवाई की। इनमें से कुछ मामलों का निवारण सुनवाई से पूर्व ही संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा किया गया तथा कुछ मामलों में निवारण हेतु संबंधित लोक प्राधिकार के पदाधिकारियों को आवश्यक आदेश दिए गये। हिलसा अनुमंडल अंतर्गत परिवादी सुभाष कुमार द्वारा दर्ज शिकायत जमाबंदी को रद्द कराने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी द्वारा निष्पादन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी हिलसा एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता, हिलसा से जांच रिपोर्ट मांगा, हिलसा अनुमंडल अंतर्गत परिवादी सुभाष कुमार द्वारा दर्ज शिकायत आवास योजना की राशि भुगतान पर रोक लगाने से संबंधित समस्या को निष्पादन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी हिलसा एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता, हिलसा से जांच रिपोर्ट मांगा, हिलसा अनुमंडल अंतर्गत परिवादी शिवजी प्रसाद द्वारा दर्ज शिकायत विपक्षी द्वारा जबरन मकान बनाने एवं विपक्षियों द्वारा जान मारने की धमकी दिये जाने से संबंधित मामले का निष्पादन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी हिलसा एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता, हिलसा से जांच रिपोर्ट मांगा, सरमेरा अंचल अंतर्गत परिवादी रणधीर कुमार द्वारा दर्ज शिकायत अतिक्रमण मुक्त करने से संबंधित मामले का निष्पादन किया गया। इसी तरह कुल 25 मामलो की सुनवाई की गई। इस अवसर पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सहित संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बिहार विधानसभा आम निर्वाचन को लेकर मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम के निर्देश के आलोक में बुधवार को हरिदास सेमिनरी के प्रेक्षागृह में एडीएम राजस्व परितोष कुमार की अध्यक्षता में सभी डिस्ट्रिक्ट लेवल मास्टर ट्रेनर एवं असेंबली लेवल मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके पर लगभग 500 अधिक मास्टर ट्रेनर शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान एडीएम ने मास्टर ट्रेनरों से बारी-बारी से प्रश्न पूछकर उनकी जानकारी की जांच की और कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण का बुकलेट उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे आगामी प्रशिक्षण में पोलिंग पार्टियों को सही ढंग से मार्गदर्शन कर सकें। मतदान से पूर्व मॉक पोल अनिवार्य है। पोलिंग एजेंट का 15 मिनट तक इंतजार किया जाएगा, पोलिंग एजेंट की अनुपस्थित रहने पर पोलिंग पार्टी की उपस्थिति में मॉक पोल होगा।मॉक पोल में प्रत्येक प्रत्याशी को कम से कम एक-एक वोट और कुल 50 वोट डालने होंगे। इसके बाद मतगणना कर ईवीएम और वीवीपैट का मिलान किया जाएगा। प्रक्रिया पूरी होने पर पीठासीन पदाधिकारी रिपोर्ट-1 तैयार करेंगे, एजेंटों से हस्ताक्षर कराएंगे और कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीन को सील कर वास्तविक मतदान शुरू करेंगे। सभी मास्टर ट्रेनरों को यह भी निर्देश दिया कि निर्वाचन आचार संहिता का पालन सख्ती से कराया जाए।मतदान केंद्रों पर दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं की विशेष सुविधा सुनिश्चित की जाए।साथ ही वीवीपैट पर्चियों की गिनती, आपातकालीन परिस्थितियों के प्रबंधन तथा मतदान केंद्रों पर शांति एवं निष्पक्षता बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाए।मास्टर ट्रेनरों की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके प्रशिक्षित होने से ही पोलिंग पार्टियों को सही प्रशिक्षण मिलेगा और निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष एवं सफल हो सकेगी।इस अवसर पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के गया वन प्रमण्डल अंतर्गत बराचट्टी वन प्रक्षेत्र में प्लस टू कन्या उच्च विद्यालय, बराचट्टी में सेवा पर्व के अवसर पर वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन बुधवार को किया गया।विद्यालय प्रांगण एवं आसपास के परिसर में 200 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं और स्थानीय समुदाय में हरित पर्यावरण, वनों के महत्व और जलवायु परिवर्तन से निपटने में वृक्षारोपण की भूमिका के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के बीच चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई और सभी को पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई। विद्यालय प्राचार्य, शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग में विशेष व्याख्यान का आयोजन

## आंकिक भुगतान प्रणाली के कई फायदे : प्रो. आर. यू. सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग में एक दिवसीय विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का शीर्षक 'आंकिक भुगतानः अवसर और चुनौतियां' रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. विनीता कुमारी ने मुख्य वक्ता, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के प्रो. आर. यू. सिंह का स्वागत करके किया। तत्पश्चात विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेश साह ने प्रो. सिंह को शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। प्रो. आर. यू. सिंह ने अपने व्याख्यान में आंकिक भुगतान प्रणाली के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि आंकिक भुगतान प्रणाली के कई फायदे हैं, जैसे कि समय की बचत, सुविधा और सुरक्षा। यह प्रणाली कामकाजी महिलाओं और बच्चों के लिए भी लाभदायक सिद्ध हो रही है क्योंकि इससे वे अपने लेन-देन को आसानी से और सुरक्षित रूप से कर सकते हैं। हालांकि प्रो. सिंह ने यह भी बताया कि आंकिक भुगतान प्रणाली के कुछ नुकसान भी हैं जैसे कि साइबर हमलों का खतरा, तकनीकी समस्याएं और कुछ लोगों के लिए इसका उपयोग करना मुश्किल होना। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली के माध्यम से जहां एक ओर चीजें आसान हुई हैं, वहीं अभी भी लोगों को इस पर विश्वास करना मुश्किल साबित हो रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आंकिक भुगतान प्रणाली को सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने के लिए हमें कई कदम उठाने होंगे, जैसे कि मजबूत सुरक्षा उपायों को लागू करना, लोगों को इसके बारे में जागरूक करना और तकनीकी समस्याओं का समाधान करना। व्याख्यान समापन के बाद बच्चों के द्वारा प्रश्न किए गए जिनके उत्तर भी प्रो. सिंह ने बखूबी दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने प्रो. आर. यू. सिंह के व्याख्यान की प्रशंसा की और उनके द्वारा दिए गए सुझावों पर अमल करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापिकाओं डॉ. विनीता कुमारी और डॉ. श्वेता गोयल ने किया। इसे सफल बनाने के लिए विभाग के सभी कर्मियों ने पूरा सहयोग दिया।

## 10 वें आयुर्वेद दिवस समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** एसएसबी 29वीं बटालियन गयाजी के कमांडेंट मधुकर अमिताभ के दिशानिर्देश में 29वीं बटालियन के परिसर में 10 वां आयुर्वेद दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर गोविन्द नारायणन, बीएएमएस द्वारा जिला पलक्कड़ (केरला) से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 29 बल कार्मिकों को आयुर्वेद से शरीर को खुद को ठीक करने, पाचन तंत्र भी मजबूत बनाने, शरीर विषाक्त पदार्थों को प्रभावी ढंग से बाहर निकालने के बारे में बताया साथ ही साथ तनाव को नियंत्रित करने, अपने शरीर और मन को डिटॉक्स करने, अपना वजन नियंत्रित करने और बीमारियों कैसे बच सकते है इसके बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान रविशंकर कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, अजय कुमार वाजपेयी, उप कमांडेंट, सहायक कमांडेंट (चिकित्सा), डॉ कनन हरिदास, एवं अधीनस्थ अधिकारी, बलकर्मी उपस्थित रहे।

## मगध विश्वविद्यालय के श्रम एवं समाज कल्याण विभाग में विशेष व्याख्यान का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय अंतर्गत स्नातकोत्तर श्रम एवं समाज कल्याण विभाग में एक दिवसीय विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष आर एस जमुआर, आईक्यूएसी के समन्वयक मुकेश कुमार और मुख्य वक्ता समाजशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक वंदना कुमारी उपस्थित थे। व्याख्यान में संकायाध्यक्ष आर एस जमुआर ने शोधार्थियों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेमिनार और विशेष व्याख्यान ज्ञानवर्धन का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने 75 प्रतिशत उपस्थिति को अनिवार्य बताते हुए कहा कि नियमित उपस्थिति से विद्यार्थी विषयवस्तु के साथ अतिरिक्त ज्ञान भी अर्जित करते हैं। आईक्यूएसी के समन्वयक मुकेश कुमार ने शोध की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शोध का विशेष महत्व है और इसके माध्यम से ही वर्तमान परिस्थिति तथा भविष्य की रूपरेखा को समझा जा सकता है। उन्होंने शोधार्थियों से क्षेत्रीय अध्ययन कर वास्तविक आकलन करने की अपील की। मुख्य वक्ता वंदना कुमारी ने शोध प्रक्रिया से जुड़ी चुनौतियों और प्रश्नों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने परिकल्पना, शोध प्रश्न और क्षेत्र कार्य की भूमिका को समझाया। साथ ही संदर्भ ग्रंथ सूची के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एपीए शैली में स्रोतों को संकलित करने की पद्धति बताई। उन्होंने शोधार्थियों के अनेक प्रश्नों का समाधान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन विभाग प्रभारी वंदना कुमारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक राजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक दीपा रानी, सौरभ कुमार, इमरान आलम और ग़ज़ाला शाहीन, समाजशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक कविता कुमारी और प्रियम शर्मा उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मनरेगा कार्यालय में संजय कुमार ने संभाला पीओ का प्रभार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित मनरेगा कार्यालय में बुधवार को संजय कुमार ने प्रोजेक्ट ऑफिसर (पीओ) का प्रभार ग्रहण किया। दोपहर तीन बजे योगदान देने के बाद तिनेरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो. इंतेशाब सहित मनरेगा कर्मियों और प्रखंड के अन्य कर्मियों ने उन्हें बुके भेंट कर स्वागत किया। मौके पर संजय कुमार ने कहा कि कोंच प्रखंड क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने में सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कर्मियों से पारदर्शिता और लगन के साथ काम करने की अपील की। साथ ही बताया कि सामूहिक प्रयास से मनरेगा योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को अधिकतम लाभ दिलाने का लक्ष्य रहेगा। उपस्थित लोगों ने भी नए पीओ को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

### ग्रामीणों का अल्टीमेटम, विद्यालय नहीं तो मतदान नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** गयाजी जिला के डोभी प्रखंड अंतर्गत अंगरा पंचायत में विद्यालय नहीं होने के कारण बच्चों को बहुत परेशानी हो रही है। विद्यालय की पुनर्स्थापना की मांग को लेकर अंगरा पंचायत के तीन गांवों के सैकड़ों ग्रामीण पंचायत भवन में जुटे और जोरदार नारेबाजी की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक अंगरा गांव में उत्क्रमित मध्य विद्यालय को फिर से नहीं खोला जाएगा, तब तक वे चुनाव में वोट नहीं देंगे। छह वर्ष पहले भवन के अभाव में उत्क्रमित मध्य विद्यालय अंगरा को गम्हरिया स्थित विद्यालय भवन में स्थानांतरित कर दिया गया था। वर्तमान में कक्षा छह से आठ तक के बच्चों को प्रतिदिन तीन किलोमीटर दूर गम्हरिया जाना पड़ता है। गर्मी और बरसात के मौसम में कई बच्चे विद्यालय जाने से वंचित रह जाते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि विद्यालय की पुनः स्थापना उनकी प्राथमिक आवश्यकता है। मांग पूरी होने तक उनका चुनाव बहिष्कार जारी रहेगा।

### शेरघाटी के नयाबाजार में हटाया गया अतिक्रमण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** शहर के नयाबाजार में जाम की समस्या को देखते हुए प्रशासन ने अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई की। सीओ उषा कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार और थानाध्यक्ष अजित कुमार की मौजूदगी में बुधवार को सड़क किनारे लगाए गए फुटपाथी दुकानदारों, फल-सब्जी की दुकानों को हटाया गया। इससे पहले दुकानदारों को दो दिन पूर्व ही 24 घंटे के अंदर दुकानें हटाने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन पालन न करने पर प्रशासन को कठोर कदम उठाना पड़ा। सीओ उषा कुमारी ने स्पष्ट किया कि सड़क पर अवैध कब्जा और टोटो चालकों की अवैध पार्किंग के कारण आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी जिससे राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती थी।

# डा. प्रेम कुमार ने नीतीश सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

## अबकी बार दीपा कुमारी जीतेंगी तो इमामगंज बनेगा जिला : मांझी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में एनडीए के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में नेताओं ने इमामगंज के विकास का बड़ा खाका पेश किया। सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, भाजपा नेता सह पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन, मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन, प्रेम कुमार, श्याम रजक समेत कई बड़े नेता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि अबकी बार अगर इमामगंज की जनता विधायक दीपा कुमारी को जिताएगी तो इमामगंज को जिला बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इमामगंज की धरती उनके जीवन और संघर्ष का अहम हिस्सा रही है। यहां की जनता का एहसान वह कभी नहीं भूल सकते। श्री मांझी ने आगे कहा कि प्रस्तावित गया-डालटनगंज रेल लाइन को जल्द पूरा कराया जाएगा। अगले पांच वर्षों में गया नोएडा की तरह चमकेगा। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि गया से उनका पुराना लगाव रहा है। उन्होंने हज फ्लाइट, बैंकॉक व श्रीलंका के लिए उड़ानें शुरू कराने की याद दिलाई। उन्होंने महागठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि राजद-कांग्रेस आपसी झगड़े में उलझे हैं। तेजस्वी यादव अपने घर में ही भरोसा नहीं दिला पा रहे, जनता क्या भरोसा करेगी। वहीं लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि इमामगंज उनकी पार्टी के लिए प्रेरणास्थल है। उन्होंने कहा कि कम समय में विधायक दीपा कुमारी ने 15-16 पुलों के निर्माण का कार्य शुरू कराया है। 129 सड़कों का टेंडर हो गया है। 1500-1600 करोड़ की योजनाएं इमामगंज में चल रही हैं। इमामगंज को जिला बनाने का सपना जरूर पूरा होगा। वहीं कृषि मंत्री प्रेम कुमार ने नीतीश कुमार सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और कहा कि लाखों युवाओं को रोजगार मिला है। पूर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा कि हर वर्ग के लिए योजनाएं चल रही हैं।

## डोभी थाना परिसर में दुर्गा पूजा शांति समिति की बैठक सम्पन्न



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी (गया)।** दुर्गा पूजा को सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए डोभी थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में थाना प्रभारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न पूजा समितियों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में पंडालों की सुरक्षा, बिजली आपूर्ति, भीड़ नियंत्रण, शोभायात्रा के मार्ग और यातायात व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने कहा कि दुर्गा पूजा सामूहिक आस्था का पर्व है जिसे शांति और सद्भाव के साथ मनाना सभी की जिम्मेदारी है। समिति ने निर्णय लिया कि पूजा के दौरान पुलिस बल और स्वयंसेवक लगातार निगरानी रखेंगे, ताकि किसी भी तरह की अफवाह या अप्रिय घटना को रोका जा सके और श्रद्धालु निश्चिंत होकर पूजा का आनंद ले सकें।

## अधिकारियों से नहीं बनी बात धरना रहा जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** नीमचक बथानी अनुमंडल अंतर्गत सरबहदा बाजार के गांधी आश्रम में किसानों के सैकड़ों समस्याओं के निराकरण को लेकर गया जिला किसान सभा एवं समाज सेवी सूर्यदेव सिंह उर्फ सूरज यादव के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन सत्याग्रह आज तीसरे दिन भी जारी रहा। अनिश्चित कालीन सत्याग्रह स्थल पर अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी नीमचक बथानी एवं सरबहदा थानाध्यक्ष सत्याग्रहियों को मनाने पहुंचे पर नहीं बनी बात खाली हाथ लौटे। साथ ही अधिकारियों ने कहा कि हमारे विभाग से संबंधित नहीं है।

# महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के मोहरा प्रखंड के कजूर पंचायत में सूरज जीविका महिला ग्राम संगठन एवं दुर्गा जीविका महिला ग्राम संगठन में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजना बुधवार को किया गया जिसमें स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया। इस तरह के कार्यकम अन्य प्रखंडों में भी आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यकम में विभिन्न सकारी योजनओं सहित मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना जानकारी दी गई। महिलाओं को अपनी पसंद के रोजगार हेतु बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से पूरे राज्य में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए आवेदन लिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में जीविका महिला ग्राम संगठन के माध्यम से विभिन्न प्रपत्रों को भरवाया गया है जिसके सत्यापन के पाश्चात हस्तांतरण किया जायेगा। यह योजना ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की सभी महिलाओं के लिए है। योजना के प्रचार-प्रसार हेतु महिला संवाद का योजना किया जा रहा है। लोगों को योजना की विस्तृत जानकारी रही है। इसके लिए ई रिक्शा के माध्यम से प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की राशि को खाते में हस्तांरित की शुरुआत के लिए 26 सितंबर 2025 को वर्चुअल बैठक के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा एक कार्यक्रम के माध्यम से इसकी शुरुआत की जाएगी। योजना का लाभ प्रत्येक परिवार की एक महिला सदस्य को मिलेगा। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए स्वयं सहायता समूह से जुड़ना अनिवार्य है। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न माध्यमों से योजना की जानकारी दी जा रही है, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाएं इसका अधिकतम लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार की एक महिला सदस्य को रोजगार के लिए आर्थिक लाभ दिया जाएगा। महिलाओं को उनके खाते में सीधे दस हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया जाएगा।आगे इस रोजगार के आकलन के पश्चात आवश्यकता अनुसार दो लाख रुपए तक की अतिरिक्त सहायता का प्रबधान किया गया है।शहरी क्षेत्र में ऑनलाइन आवेदन करना है।उन्हें प्रपत्र दो भरना है।इसका आवेदन निःशुल्क है।नौकरी एवं आयकर के दायरे में आने वाले परिवारों की महिलाओं को छोड़कर सभी इसके लिए आवेदन कर सकती हैं।सरकार द्वारा विभिन्न माध्यमों से योजना की जानकारी दी जा रही है।सामुदायिक संगठनों के माध्यम से गांव-गांव तक इसकी जानकारी दी जा रही है।


**MAGADH DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LIMITED**
**KATARI HILL ROAD, GAYA-823001**
PHONE No.- +91 6287892663, Website- http://magadhmilkunion.in

## निविदा सूचना

मगध दुग्ध संघ, गया द्वारा बिहार राज्य अन्तर्गत गया-दाउदनगर, जहानाबाद (मखदुमपुर-राजाबजार), गया (स्टेशन एरिया), गया (चौक एरिया) राज्य अन्तर्गत सहित आसपास के क्षेत्रों के लिए वितरक सह परिवहन संवेदक की **नियुक्ति हेतु निविदा सूचना।**
मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि., गया डेयरी द्वारा उत्पादित सुधा ब्रांड दूध, दूध उत्पाद एवं मिठाइयों को बिहार राज्य के अन्तर्गत उल्लेखित क्षेत्रों के लिए विपणन हेतु वितरण के लिए योग्य, सक्षम, अनुभवी वितरक सह परिवहन संवेदक की निम्नरूपेण आवश्यकता है-

| पद का नाम | विपणन क्षेत्र | वर्तमान अनुमानित बिक्री | दुग्ध उत्पाद की बिक्री अनुमानित (रु.) | प्रति ट्रिप (आना जाना) तय की गई अनुमानित दूरी (लगभग) | जमानत राशि | परिवहन हेतु गाड़ी की क्षमता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 दाउदनगर (गोह-जम्होर) | कोंच, गोह, हसपुरा, दाउदनगर, रफीगंज, ओबरा, जम्होर | 1500 लि0 (लगभग) | 30000/- | 280 कि0मी0 | 250000/ | 3000 सी0 01 गाढ़ी (Tata 407, 01 गाड़ी शहरी क्षेत्र में वितरण हेतु Ape, Piaggio, या समकक्ष | सुबह आपूर्ति |
| 2 जहानाबाद (मखदुमपुर-राजाबाजार | मखदुमपुर, पाई बीघा रतनी फरीदपुर, नेहालपुर बबना राजाबाजार | 1200 लि. (लगभग) | 15000/- | 200 कि0मी0 | 150000/ | 01 गाड़ी 1800 ली0 (Tata Ace, Magic. 01 गाड़ी शहरी क्षेत्र में वितरण हेतु Ape, Piaggio, या समकक्ष | सुबह और संध्या आपूर्ति |
| 3 गया (स्टेशन एरिया) | गांधी मैदान, फायर ब्रिगेड, बैरागी, रामधनपुर सब्जी मंडी, पिलग्रिम बाटा मोड़ 01 नं0 गुमटी | 3500 लि0 (लगभग) | 50000/- | 20 कि0मी0 | 400000/ | 01 गाड़ी 1800 ली. (Tata Ace. Magic, 01. गाडी शहरी क्षेत्र में वितरण हेतु Ape, Piaggio, या समकक्ष | सुबह और संध्या पूर्ति |
| 4 गया (चौक एरिया) | दिग्घी तलाब, जिला स्कूल, केदारनाथ, एम0आई0 हॉल, टावर चौक, कोतवाली, किरानी घाट, पंचायती अखाड़ा, तुतवारी, रामशिला मोड़) | 3500 लि. (लगभग) | 50000/- | 20 कि0मी0 | 400000/ | 01 गाड़ी 1800 ली. (Tata Ace, Magic, 01 गाडी शहरी क्षेत्र में वितरण हेतु Ape, Piaggio, या समकक्ष | सुबह और संध्या आपूर्ति |

इस कार्य हेतु जी0एस0टी0 पंजीकृत व्यक्ति या पार्टी जो आर्थिक रूप से सक्षम हो तथा आयकर पैन नं0 प्राप्त हो विहित प्रपत्र में निविदा दे सकते हैं। निविदा 1000.00 (एक हजार रूपया) मात्र नगद भुगतान पर मगध दुग्ध संघ, गया के कार्यालय से दिनांक 25.09.2025 से दिनांक-11.10.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। अथवा मगध दुग्ध संघ के वेबसाइट (magadhmilkunion.in) से दिनांक-25.09.2025 से दिनांक-11.10.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। वेबसाइट से डाउनलोड किये जाने की स्थिति में संघ कार्यालय में निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 1000.00 (एक हजार रूपये) मात्र संघ कार्यालय में नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से प्री-क्वालिफिकेशन बीड के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा वैसी बिड को अस्वीकृत कर दिया जायेगा। निविदा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश, प्री क्वालिफिकेशन बीड एवं वित्तीय / प्राइस बीड के लिए आवेदन पत्र उपलब्ध होगा। पूर्णरूपेण भरे हुए निविदा को विहित आवेदन पत्र में गया डेयरी में दिनांक-13.10.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक हाथों हाथ / स्पीड पोस्ट / कुरियर द्वारा दो अलग-अलग मुहरबन्द लिफाफा में जिस पर 'प्री क्वालिफिकेशन बिड' एवं वित्तीय/प्राइस बिड अंकित होगा, को एक बड़े लिफाफे में भरकर वितरक सह परिवहन संवेदक चयन हेतु निविदा कार्य करने हेतु क्षेत्र का नाम एवं 'अंतिम तिथि का बड़े लिफाफों पर उल्लेख करते हुए भेजना होगा। निविदा दिनांक-15.10.2025 को प्रातः 11:00 बजे मगध दुग्ध संघ, गया के कार्यालय में खोला जायेगा जिसमें निविदादाता अथवा जनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये प्राप्त निविदाओं को पूर्ण या आंशिक रूप से रदद् / स्वीकार/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
विस्तृत जानकारी के लिए मगध दुग्ध संघ, गया डेयरी के पते और वेबसाइट पर एवं मोबाइल सं0 9264443658/9264430932 (10:00 AM से 04:00 PM बजे तक) पर संपर्क किया जा सकता है।

प्रबंध निदेशक


## विधि क्षेत्र में करियर के अपार अवसर : पीआरओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गयाजी)।** हालिया वर्षों में, देश में युवाओं के लिए विधि क्षेत्र (कानून की पढ़ाई) एक बेहतर करियर विकल्प के रूप में उभरा है। पहले, कानूनी क्षेत्र में डिग्री केवल एडवोकेट (वकील), जज (न्यायिक सेवा परीक्षा के माध्यम से), कानूनी सलाहकार, शिक्षाविद (कानून व्याख्याता) आदि जैसे पारंपरिक करियर विकल्पों तक ही सीमित थी, लेकिन अब एक विधि स्नातक कॉर्पोरेट वकील, अनुपालन अधिकारी, कानूनी पत्रकारिता, अनुपालन अधिकारी, अनुबंध प्रबंधन विशेषज्ञ और कई अन्य संबंधित क्षेत्रों में अपना करियर बना सकता है। एक केंद्रित दृष्टिकोण, मज़बूत विश्लेषणात्मक और तार्किक सोच, प्रभावी संचार, शोध और प्रारूपण कौशल, बातचीत और मध्यस्थता क्षमता, भारतीय संविधान और कानूनों का अच्छा ज्ञान होने पर, एक विधि छात्र पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद अच्छे पैकेज वाली एक सम्मानजनक रोजगार प्राप्त कर सकता है।ये बातें दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के पीआरओ-सह-प्लेसमेंट समन्वयक मोहम्मद मुदस्सिर आलम ने एक प्रेरण सत्र के दौरान बीए एलएलबी और बीबीए एलएलबी कार्यक्रमों के नव प्रवेशित छात्रों को संबोधित करते हुए कहीं। सीयूएसबी के कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में आयोजित स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस (एसएलजी) के इंटर्नशिप और प्लेसमेंट सेल के उद्घाटन सत्र के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम छात्रों को संबोधित कर रहे थे। लॉ ग्रेजुएट्स के लिए करियर के अवसर और करियर काउंसलिंग विषय पर सत्र का आयोजन एसएलजी के डीन और अध्यक्ष प्रो अशोक कुमार की देखरेख में आईपी सेल के समन्वयक डॉ अनुराग अग्रवाल द्वारा किया गया था।अपने संबोधन में, श्री मुदस्सीर ने विश्वविद्यालय के पीआरओ के रूप में अपनी भूमिका पर टिप्पणी करते हुए मीडिया और कानून के बीच घनिष्ठ संबंध पर ध्यान आकर्षित किया पीआरओ ने उन्हें विश्वविद्यालय के विकास के दृष्टिकोण को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया और सामूहिक प्रगति पर ज़ोर देते हुए साथी हाथ बढ़ाना का नारा दिया।उन्होंने सीयूएसबी के पूर्व छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों की भी सराहना की, उन्होंने एसएलजी और विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाकर गौरव और पहचान दिलाई है। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत आईपी सेल के समन्वयक डॉ. अनुराग अग्रवाल के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने अतिथियों और छात्रों का स्वागत करने के बाद आईपी सेल के मुख्य उद्देश्यों, छात्रों के मार्गदर्शन के लिए इसके दृष्टिकोण और विधि छात्रों को व्यापक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस वर्ष के एजेंडे पर प्रकाश डाला।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**( लापता गिरनाथ बियार, उम्र–29 वर्ष)**



मेराल थाना सनहा सं0–10/25, दिनांक–09.09.2025 में लापता गिरनाथ बियार, उम्र–29 वर्ष, पिता–द्वारिका बियार, ग्राम–पतहरिया, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाला है। लापता गिरनाथ बियार दिनांक–03.09.2025 को शाम बिना किसी को बताये कहीं चला गया है। उक्त लापता गिरनाथ बियार का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़का किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया** :– नाम–गिरनाथ बियार, उम्र–29 वर्ष, उंचाई–करीब 05 फीट रंग–गोरा, पहनावा–काला चेकदार शर्ट एवं काला जिन्स, एवं हवाई चप्पल, भाषा–हिन्दी एवं स्थानीय भाषा।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 362767 (Police)25-26*D

संपादकीय

## क्या राजस्व घाटा बढ़ेगा?

मोदी सरकार और भाजपा देश में 22 सितंबर से जीएसटी छूट का भारी प्रचार कर रही हैं। गोया सरकार ने जनता जनार्दन पर भारी इनायत कर दी हो। सरकार यह बताने की कोशिश कर रही है कि इससे जनता की कितनी बचत होने वाली है इसी हो-हल्ले में कांग्रेस अब यह सवाल पूछ रही है कि अगर जीएसटी में कमी समय की मांग थी तो सरकार आठ साल तक भारी-भरकम जीएसटी लगाकर जनता को क्यों लूटती रही? हालांकि यह सवाल भी बेमानी इसलिए है, क्योंकि इस खेल में कांग्रेस शासित राज्य भी शामिल थे। उन्होंने कभी इस भारी जीएसटी न तो खुलकर विरोध किया और न ही यह कहा कि वो इसे अपने राज्यों में लागू नहीं होने देंगे। यह बात इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में इस बात का खास तौर जिक्र किया था कि जीएसटी में यह कमी सभी राज्यों की सहमति से की जा रही है। इसी के साथ यह अहम सवाल भी जुड़ा है कि क्या जीएसटी छूट से सरकार को कितनी राजस्व हानि होगी? होगी तो इसकी भरपाई कैसे होगी? नहीं हुई तो सरकार क्या कदम उठाएगी? जनता को लाभ देने का सरकार का आर्थिक-राजनीतिक निर्णय कहीं उसी पर भारी तो नहीं पड़ जाएगा? इन सवालों का उत्तर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की ताजा रिपोर्ट में खोजा जा सकता है। एसबीआई की इस शोध रिपोर्ट के अनुसार जीएसटी की दरों में कमी के बाद सरकार को जीएसटी से मिलने वाले राजस्व में कम से कम 3700 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ेगा। रिपोर्ट में जीएसटी में बदलावों के प्रभाव से आवश्यक वस्तुओं की कीमतों और महंगाई कम होने के बारे में भी टिप्पणी की गई है। सरकार के अनुमानों के मुताबिक जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने से सालाना आधार पर सरकार के खजाने में करीब 48 हजार करोड़ रुपये कम आएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, विकास और उपभोग में वृद्धि को देखते हुए, न्यूनतम राजस्व हानि 3 हजार 700 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। ऐसे में राजकोषीय घाटे पर इसका कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ने का अनुमान है। गौरतलब है कि जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में मौजूदा चार स्तरीय ढांचे को दो स्तरीय ढांचे में बदल दिया गया है। इसमें 18 प्रतिशत और पांच प्रतिशत की मानक दर और कुछ चुनिंदा वस्तुओं और सेवाओं पर 40 प्रतिशत की की विशेष दर शामिल है। हालांकि रिपोर्ट यह भी कहती है कि जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाने से लागत दक्षता में सार्थक सुधार होगा। इससे बैंकिंग क्षेत्र पर काफी हद तक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाने से जीएसटी का औसत भार 2017 में लागू होने के समय के 14.4 प्रतिशत से घटकर 9.5 प्रतिशत हो गई है। जब जीएसटी लागू किया गया था, तब चार दरें थीं- पांच प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आवश्यक वस्तुओं (लगभग 295) पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटकर पांच प्रतिशत या शून्य हो गई है। ऐसा होने से चालू वित्त वर्ष में इस श्रेणी में खुदरा महंगाई भी 25 आधार अंकों से 30 आधार अंकों तक घट सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, खुदरा महंगाई दर 2026-27 तक 65 आधार अंकों से 75 आधार अंकों के बीच सीमित रह सकती है। रहा सवाल जनता तक इन सुधारों का लाभ जल्द से जल्द पहुंचाने का तो सरकार ने कंपनियों पर चौतरफा दबाव बनाया हुआ है। कई वस्तुएं के दाम कम भी हुए हैं। यह सिलसिला कितने दिनों तक चलता है, यह देखने की बात है।

# भूमि अधिकार कानून लाने का समय

**आज शहरों, नगरों की गलियों में मनुष्य कीड़े की तरह रेंगते हुए फुटपाथ पर दिखाई देते है। हम कहते हैं कि गांव में बहुत सुकून और शांति है कभी गांव की दलित, वंचित बस्तियों में झांक कर देखिए लोगों के पास पैर फैलाने की भी जमीन नहीं हैं। एक अति सामान्य जीवन जीने के लिए कम से कम एक रसोई, एक शौचालय, एक अध्ययन कक्ष और एक विश्राम कक्ष तथा छोटा सा बरामदा तो होना ही चाहिए पर दुर्भाग्य कि हमारे देश में करोड़ों लोग इसके लिए भी सपना देखते-देखते मर जाते है। सोच के देखिए इन परिवार में जन्मे बच्चों की परवरिश करने में ऐसे परिवार को कितने मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। भूमि का क़ानूनी प्रक्रिया में भी बहुत बड़ा योगदान है मसलन जब कोई फौजदारी हो जाती है तब जमानत ए तौर पर यह बहुत कारगार होता है, कुछ लोग इसके ही दम पर ग्रामीण परिवेश में समाज में दबंगई करते रहते है।**

**डॉ. संजीव कुमार**

दो वर्ष से लगातार चलती आ रही हिंसा, आगजनी हत्या बलात्कार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में मणिपुर का दौरा कर वहां शांति बनाए रखने की अपील की हैं और लोगों को भरोसा दिलाया कि अब सब कुछ ठीक हो जाएगा। इन दो सालों में मणिपुर में वह सब कुछ हुआ जो इतिहास में कभी भुला नहीं जाएगा। सड़कों पर जिंदा जलती लाशें, निर्वस्त्र घुमाई गई स्त्रियां, विस्थापन का दंश झेल रहे लोग, जिसका दर्द भूलने में कई पीढ़ियां लग जाएंगी। आखिर इस हिंसा के पीछे वजह क्या थी? छत्तीसगढ़ में एक साल से हजारों एकड़ में फैले हसदेव जंगल को व्यापार के नाम पर काटे जाने का सिलसिला अभी जारी है जिसका वहां के आदिवासी घोर विरोध कर रहे है। इधर बिहार में चुनाव है वहां भी हजारों एकड़ भूमि हड़पने का मामला सामना आ रहा है। कांग्रेस का कहना है कि सरकार ने अपने व्यापारी भाई गौतम अडानी को 1051 एकड़ जमीन एक रूपये की दर से पट्टे पर दे दी हैं। अगर यह सच है तो फिर आप मणिपुर की तरह एक और हिंसा के लिए तैयार रहिए। आज देश के वंचित वर्ग का बड़ा तबका भूमिहीन है उसके पास पैर फ़ैलाने के लिए भी जगह नही है और आप यू ही किसी को खैरात नहीं बाट सकते।

हम जानते हैं मैतेई समुदाय (राज्य की आबादी का लगभग 53 प्रतिशत) लंबे समय से अनुसूचित जनजाति का दर्जा मांग रहा था, ताकि उन्हें सरकारी नौकरियों, शिक्षा में आरक्षण और पहाड़ी क्षेत्रों में भूमि स्वामित्व का अधिकार मिल सके। वे दावा करते हैं कि 1949 में मणिपुर के भारत में विलय से पहले वे जनजाति ही थे। 14 अप्रैल 2023 को मणिपुर हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को मैतेई को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने की 10 साल पुरानी सिफारिश को केंद्र सरकार के पास भेजने का निर्देश दिया। कुकी-जो और अन्य आदिवासी समुदायों (जैसे नागा) को डर था कि इससे उनके मौजूदा आरक्षण और पहाड़ी क्षेत्रों पर नियंत्रण कम हो जाएगा, क्योंकि



मैतेई पहले से ही घाटी में आर्थिक रूप से मजबूत हैं। मणिपुर का केवल 10 प्रतिशत क्षेत्र (इम्फाल घाटी) मैतेई जातियों का है, जबकि 90 प्रतिशत पहाड़ी इलाके कुकी आदिवासियों के पास हैं। मैतेई भूमि कानूनों के कारण पहाड़ों में जमीन नहीं खरीद सकते, जिससे वे 'हाशिए पर' महसूस करते हैं। आदिवासी इसे मैतेई समाज का विस्तारवाद मानते हैं। तो असली बात जो निकल के आ रही है वह मामला है जमीन का जिसके लिए दो जातियां लड़ मर रही हैं। आज उत्तर प्रदेश की आबादी देश में सबसे घनी आबादी है। 2011 की जनगणना गणना के अनुसार जहां देश में प्रति वर्ग किलोमीटर 382 व्यक्ति थे वही उत्तर प्रदेश में प्रति वर्ग किलोमीटर 829 थे। हालांकि यह एक दशक पुराना आंकड़ा है तो आप समझ सकते हैं कि आज स्थिति कितनी विकराल है। उत्तर प्रदेश की गरीब बस्तियों में कभी झांककर देखिए आठ गुणे आठ के कमरे में पूरा परिवार जी रहा है। यह स्थिति तब है जब 1958 में उत्तर प्रदेश में चकबंदी कानून के तहत अनुसूचित जातियों को कुछ जमीने मुहैया कराई गई थी। देश में हर वर्ष जितनी हिंसक घटनाएं होती हैं उनमें 25प्रतिशत भूमि विवादों से जुड़े मामले होते हैं, जिनमें से 30प्रतिशत भूमि अधिग्रहण से संबंधित हैं। एक भूमि विवाद का समाधान होने में औसतन 20 वर्ष लग जाते है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार उत्तर प्रदेश में 2017-2021 के बीच 3,021 हत्याएं भूमि और संपत्ति विवादों के कारण हुई हैं। इस दौरान बिहार में 3,336 मामले दर्ज हुए और यह पूरे देश में भूमि विवादों से जुड़े अपराधों में शीर्ष पर है। आज शहरों, नगरों की गलियों में मनुष्य कीड़े की तरह रेंगते हुए फुटपाथ पर दिखाई देते है। हम कहते हैं की गांव में बहुत सुकून और शांति है कभी गांव की दलित, वंचित बस्तियों में झांक कर देखिए लोगों के पास पैर फैलाने की भी जमीन नहीं हैं। एक अति सामान्य जीवन जीने के लिए कम से कम एक रसोई,एक शौचालय , एक अध्ययन कक्ष और एक विश्राम कक्ष तथा छोटा सा बरामदा तो होना ही चाहिए पर दुर्भाग्य कि हमारे देश में करोड़ों लोग इसके लिए भी सपना देखते-देखते मर जाते है। सोच के देखिए इन परिवार में जन्मे बच्चों की परवरिश करने में ऐसे परिवार को कितने मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। भूमि का क़ानूनी प्रक्रिया में भी बहुत बड़ा योगदान है मसलन जब कोई फौजदारी हो जाती है तब जमानत ए तौर पर यह बहुत कारगार होता है,कुछ लोग इसके ही दम पर ग्रामीण परिवेश में समाज में दबंगई करते रहते है।

हमने यह कैसा समाज बनाया है कहीं एक आदमी एक एकड़ में अकेले टांग फैलाए हुए हैं तो कहीं पूरा का पूरा परिवार पशुओं के जैसे दरबों में जी रहा है। मुंबई का धारावी झुग्गी भारतीय समाज का सबसे घिनौना सच हैं। हमने लोगों का पेट भरने के लिए भोजन का अधिकार बनाया (राइट टू फूड) हर बच्चे को शिक्षित बनाने के लिए शिक्षा का अधिकार बनाया (राइट टू एजुकेशन) और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सूचना के अधिकार का कानून भी बनाया है (राइट टू इन्फर्मेशन) अतः अब समय की मांग है की सरकार भूमि के अधिकार (राइट टू लैंड) का भी कानून बनाए। मई 2024 में जनसत्ता में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी जिसके अनुसार देश का लगभग 90 प्रतिशत सम्पत्ति (भूमि जिसमे महत्वपूर्ण हिस्सा है) 10 प्रतिशत लोगो के पास है। इसका अर्थ यह हुआ कि 90 रोटी दस लोग खा रहे है और 90 लोग दस रोटी पर निर्भर है। यूनिसेफ के अनुसार भारत में आज प्रतिदिन लगभग 67385 बच्चे जन्म ले रहे है। आखिर इन आने वाले बच्चों के भविष्य के लिए हमारे पास क्या योजनाएं हैं? सांसारिक सत्य ये है कि हमारी भूमि तो बढ़ने वाली है नहीं और मनुष्य को सुकून से सोने के लिए कुछ फिट जमीन तो चाहिए ही अगर हमारी व्यवस्था यह सुनिश्चित नहीं कर सकती तो इसका दुर्गामी परिणाम हमें भुगतना होगा।

इसलिए अब समय आ गया है कि सरकार यह तय करें की कितनी जमीन पर सड़के होंगी, कितनी जमीन पर तालाब होंगे, कितनी जमीन के लिए जंगल पार्क होंगे, कितनी जमीन के लिए नदियां-नाले होंगे और कितनी जमीन मनुष्य के आवास के लिए होंगी तथा कितनी जमीन उनकी खेती- किसानी के लिए होगी और कितनी जमीन स्वास्थ्य एवं खेलकूद के लिए होंगी। कहाँ हमें उद्योग लगाना चाहिए कहाँ ,कालोनी बनेगी सब कुछ तय करना होगा। क्योंकि अगर आज इस विषय पर हमने विचार नहीं किया तो हमारी बढ़ती आबादी को कोई रोक नहीं सकता और जमीन किसी भी सुरत में बढ़ने वाली नहीं है। इसलिए बेहतर होगी सब कुछ तय किया जाए और मनुष्य को एक सामान्य जीवनयापन के लिए उसके हिस्से की भूमि उसे देने की व्यवस्था हो तभी रोटी कपडा और मकान का हमारा नारा सफल हो पाएगा अन्यथा बढ़ती आबादी के साथ बढ़ती हुई हिंसा को कोई भी सरकार और कोई भी व्यवस्था रोक नहीं पाएगी।

अध्यात्म

## सबसे ज्यादा खुश पक्षी कौन?

एक कौआ था जो अपनी जिंदगी से बहुत खुश और संतुष्ट था। एक बार वह एक तालाब पर पानी पीने रुका। वहां पर उसने सफ़ेद रंग के पक्षी हंस को देखा। उसने सोचा मैं बहुत काला हूँ और हंस इतना सुन्दर इसलिए शायद हंस इस दुनिया का सबसे खुश पक्षी होगा। कौआ हंस के पास गया और बोला- तुम दुनिया के सबसे खुश प्राणी हो। हंस बोला- मैं भी यही सोचा करता था कि मैं दुनिया का सबसे खुश पक्षी हूँ जब तक कि मैंने तोते को न देखा था। तोते को देखने के बाद मुझे लगता है कि तोता ही दुनिया का सबसे खुश पक्षी है क्योंकि तोते के दो खुबसूरत रंग होते है इसलिए वही दुनिया का सबसे खुश पक्षी होना चाहिए। कौआ तोते के पास गया और बोला- तुम ही इस दुनिया के सबसे खुश पक्षी हो। तोता ने कहा- मैं पहले बहुत खुश था और सोचा करता था कि मैं ही दुनिया का सबसे खुबसूरत पक्षी हूँ। लेकिन जब से मैंने मोर को देखा है, मुझे लगता है कि वो ही दुनिया का सबसे खुश पक्षी है क्योंकि उसके कई तरह के रंग है और वह मुझसे भी खुबसूरत है। कौआ चिड़ियाघर में मोर के पास गया और देखा कि सैकड़ों लोग मोर को देखने के लिए आए है। कौआ मोर के पास गया और बोला- तुम दुनिया के सबसे सुन्दर पक्षी हो और हजारों लोग तुम्हे देखने के लिए आते है इसलिए तुम ही दुनिया के सबसे खुश पक्षी हो। मोर ने कहा- मैं हमेशा सोचता था कि मैं दुनिया का सबसे खुबसूरत और खुश पक्षी हूँ लेकिन मेरी खूबसूरती के कारण मुझे यहाँ पिंजरे में कैद कर लिया गया है। मैं खुश नहीं हूँ और मैं अब यह चाहता हूँ कि काश मैं भी कौआ होता तो मैं आज आसमान में आजाद उड़ता। चिड़ियाघर में आने के बाद मुझे यही लगता है कि कौआ ही सबसे खुश पक्षी होता है। हम लोगों की जिंदगी भी कुछ ऐसी ही हो गयी है। हम अपनी तुलना दूसरों से करते रहते है और दूसरों को देखकर हमें लगता है, कि वो शायद हम से अधिक खुश है। इस कारण हम दुःखी हो जाते है। हम उनका आनंद नहीं उठा पाते जो हमारे पास पहले से ही और उन वस्तुओं के पीछे भागने लगते है जो हमारे पास नहीं है। और इसी चक्कर में समय निकलता जाता है और बाद में आकर हम सोचते है कि पहले हम अधिक खुश थे। दुनिया में हर व्यक्ति के पास अन्य व्यक्ति से कुछ वस्तुएं अधिक और कुछ कम होगी इसलिए दुनिया में सबसे खुश वही जो अपने आप से संतुष्ट है।

# पहले खुद हल निकालें फिर एआई से पूछें

**हमें एआई का विवेकपूर्ण उपयोग करना चाहिए। यह हमारे जीवन को बेहतर बनाने का साधन है, परंतु यदि हम उस पर पूरी तरह निर्भर हो गए तो हमारी स्वतंत्र सोचने की क्षमता खतरे में पड़ जाएगी। भविष्य का सही रास्ता वही होगा जिसमें इंसान और मशीन दोनों मिलकर काम करें, लेकिन इंसान का मस्तिष्क हमेशा केंद्र में रहे। तकनीक से सुविधा प्राप्त करें, परंतु अपने मस्तिष्क को रोज़ाना प्रशिक्षित करना न भूलें, क्योंकि वही हमारी असली सुरक्षा और प्रगति की गारंटी है।**

**डॉ. प्रदीप लक्षकार**

मानव सभ्यता की प्रगति का सबसे बड़ा आधार उसकी बुद्धि रही है। सोचने-समझने की शक्ति और जटिल समस्याओं का समाधान खोजने की क्षमता ही इंसान को अन्य प्रजातियों से अलग बनाती है। यही कारण है कि इंसान ने समय-समय पर ऐसे उपकरण और तकनीक विकसित किए, जिनसे जीवन आसान होता गया। पहिये की खोज से लेकर बिजली, टेलीफोन और कंप्यूटर तक, हर आविष्कार ने इंसान की क्षमताओं को नई दिशा दी। आज इसी श्रृंखला का सबसे चर्चित अध्याय है- कृत्रिम बुद्धिमत्ता या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)। यह तकनीक हमारे जीवन का ऐसा हिस्सा बन गई है कि अब इसके बिना आधुनिक जीवन की कल्पना करना कठिन हो गया है।

मानव मस्तिष्क को प्रकृति का सबसे अद्भुत चमत्कार माना जाता है। इसमें अरबों नयूरॉन्स होते हैं, जो आपस में जुड़कर नेटवर्क बनाते हैं। जब भी हम कुछ नया सीखते हैं, कोई किताब पढ़ते हैं, कोई अनुभव करते हैं या किसी समस्या को हल करते हैं, तो नयूरॉन्स के बीच नए संबंध बनते हैं। जितना अधिक अभ्यास करते हैं, ये संबंध उतने ही मजबूत होते जाते हैं। यही प्रक्रिया हमें बेहतर समझ, गहरी जानकारी और रचनात्मक सोच प्रदान करती है। कहा जा सकता है कि इंसान की पूरी बुद्धिमत्ता उसके नयूरॉन्स के नेटवर्क पर आधारित होती है।

वैज्ञानिकों ने इसी सिद्धांत से प्रेरणा लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता का निर्माण किया। आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क का विचार मानव मस्तिष्क से ही आया। जिस तरह नयूरॉन्स मिलकर सीखते हैं और अनुभवों से मजबूत होते हैं, वैसे ही कृत्रिम नयूरॉन्स आपस में जुड़कर पैटर्न को पहचानना और निष्कर्ष निकालना सीखते हैं। फर्क केवल इतना है कि इंसान को वर्षों तक मेहनत करनी पड़ती है, जबकि एआई कुछ ही हफ्तों या महीनों में लाखों डेटा से सीखकर परिणाम देने लगता है। यही कारण है कि आज भाषा अनुवाद से लेकर रोग निदान तक, एआई कई क्षेत्रों में इंसान से तेज़ और सटीक साबित हो रहा है।

यह तकनीक हमारे जीवन को सुविधाजनक बना रही है। आज हम मोबाइल पर वॉइस असिस्टेंट से बातचीत करते हैं, चैटबॉट से सलाह लेते हैं, या फिर कुछ ही सेकंड में इंटरनेट पर जटिल सवालों का जवाब पा लेते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि और मनोरंजन-हर क्षेत्र में एआई ने अपना दखल बना लिया है। वह काम, जो पहले घंटों या दिनों में होता था, अब मिनटों और सेकंडों में संभव हो रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि एआई ने हमें एक ऐसा सहायक दिमाग दे दिया है, जिसके लिए पहले इंसान को वर्षों तक मेहनत करनी पड़ती थी।

लेकिन इसी सुविधा के साथ एक बड़ा खतरा भी छिपा है। इंसान धीरे-धीरे अपनी प्राकृतिक क्षमताओं का उपयोग कम करता जा रहा है। जब हर सवाल का जवाब तुरंत एआई से मिल सकता है, तो लोग खुद सोचने और दिमाग पर जोर डालने से बचने लगते हैं। समस्या-समाधान और विश्लेषण की आदत कमजोर पड़ने लगती है। यदि यही प्रवृत्ति जारी रही, तो एक दिन ऐसा आएगा जब इंसान अपने नयूरॉन्स के नए संबंध बनाना ही बंद कर देगा। नतीजा यह होगा कि उसकी स्वतंत्र सोचने की क्षमता धीरे-धीरे कम हो जाएगी और वह हर छोटे-बड़े निर्णय के लिए मशीन पर निर्भर हो जाएगा।



कल्पना कीजिए कि जब जीवन के अहम फैसले भी इंसान खुद न लेकर मशीन के भरोसे छोड़ देगा, तो उसकी स्थिति क्या होगी? धीरे-धीरे इंसान तकनीक का मालिक न रहकर उसका गुलाम बन जाएगा। इतिहास गवाह है कि हर बड़ी खोज ने इंसान को शक्ति तो दी है, लेकिन उस पर पूरी तरह निर्भर होने से समाज कमजोर भी हुआ है। आज यदि हम एआई पर आँख मूँदकर विश्वास करेंगे, तो आने वाले समय में हमारी बौद्धिक स्वतंत्रता खतरे में पड़ सकती है।

इस स्थिति से बचने का रास्ता यही है कि हम संतुलन बनाएँ। एआई का उपयोग करें, लेकिन उसे केवल सहायक की भूमिका में रखें। हमें यह समझना होगा कि एआई हमारी सोचने की क्षमता को समाप्त करने के लिए नहीं, बल्कि उसे सहयोग देने के लिए बना है। इंसान को चाहिए कि वह हर दिन अपने दिमाग को सक्रिय रखने के प्रयास करे। किताबें पढ़े, नई चीजें सीखे, समस्याएँ हल करे और रचनात्मक गतिविधियों में हिस्सा ले। सीखने और समझने की प्रक्रिया को सक्रिय रखना जरूरी है, ताकि हमारे नयूरॉन्स नए संबंध बनाते रहें और मस्तिष्क मजबूत होता रहे। संतुलन बनाए रखने का एक तरीका यह भी है कि किसी समस्या का हल पहले खुद निकालने की कोशिश करें और उसके बाद एआई से उसकी तुलना करें। इससे आलोचनात्मक सोच भी विकसित होगी और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। इसी तरह नई भाषाएँ सीखना, लेखन करना, संगीत, खेल और गणित जैसी गतिविधियों में भाग लेना मस्तिष्क को प्रशिक्षित करता है। मानसिक व्यायाम के साथ शारीरिक व्यायाम और ध्यान जैसी आदतें भी दिमाग को सक्रिय रखने में सहायक होती हैं।

यह भी याद रखना चाहिए कि एआई उतना ही अच्छा है, जितना डेटा हम उसे देते हैं। इसलिए उसकी दी हुई जानकारी को आँख मूँदकर स्वीकार करना समझदारी नहीं है। यदि हम हर उत्तर को आलोचनात्मक दृष्टि से देखेंगे और उसका मूल्यांकन करेंगे, तो हम खुद को निष्क्रिय नहीं बल्कि और अधिक सक्रिय बना पाएँगे। तकनीक का विकास तभी सार्थक है जब वह इंसान की बौद्धिक और मानवीय क्षमता को और मजबूत बनाए, न कि उसे कमजोर करे।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव सभ्यता की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। यह आने वाले समय में शिक्षा, चिकित्सा और उद्योग को और अधिक विकसित करेगी। लेकिन यह तभी संभव है जब इंसान अपनी असली ताकत, यानी अपने मस्तिष्क की शक्ति को बनाए रखे। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि मशीनें हमारी खोज हैं, और उनका स्थान सहायक का होना चाहिए, मालिक का नहीं।

निष्कर्ष यही है कि हमें एआई का विवेकपूर्ण उपयोग करना चाहिए। यह हमारे जीवन को बेहतर बनाने का साधन है, परंतु यदि हम उस पर पूरी तरह निर्भर हो गए तो हमारी स्वतंत्र सोचने की क्षमता खतरे में पड़ जाएगी। भविष्य का सही रास्ता वही होगा जिसमें इंसान और मशीन दोनों मिलकर काम करें, लेकिन इंसान का मस्तिष्क हमेशा केंद्र में रहे। तकनीक से सुविधा प्राप्त करें, परंतु अपने मस्तिष्क को रोज़ाना प्रशिक्षित करना न भूलें, क्योंकि वही हमारी असली सुरक्षा और प्रगति की गारंटी है।

### आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए किसी नए वाहन की खरीदारी के लिए अच्छा रहेगा। व्यापार में भी अच्छा लाभ मिलेगा। परिवार में कलह दूर होती दिख रही है।

**मिथुन**

अपने खर्चो को थोड़ा कंट्रोल करने की आवश्यकता है। परिवार में कोई सदस्य यदि आपसे कोई सलाह मांगे, तो आपको उनकी बातों पर ध्यान देना होगा।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामलों में अच्छा रहने वाला है, लेकिन आपको कोई हानि होने की संभावना है, इसलिए अपनी योजनाओं पर ध्यान लगाएं।

**सिंह**

दूसरे के मामलों में बेवजह बोलने से बचना होगा। पूजा-पाठ का आयोजन कर सकते हैं। धन यदि डूबा था, तो उसके भी मिलने की पूरी संभावना है।

**कन्या**

दिन आपके लिए खर्चो से भरा रहने वाला है। आंखों से संबंधित समस्या हो सकती है। आपको घर परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए इनकम के मामले में कमजोर रहेगा। उतार-चढ़ाव रहने से आपका मन परेशान रहेगा। आप किसी नए घर का काम शुरू कर सकते हैं।

**वृश्चिक**

अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देना होगा, किसी से बेवजह वाद विवाद में ना पड़ें।कार्यक्षेत्र में आप लोगों से अपने काम से काम मतलब रखें।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए कठिनाइयां लेकर आएगा। आपको कामों में विघ्न आते रहेंगे। आपका बॉस से भी आपकी कहासुनी हो सकती है, जिससे आपके प्रमोशन पर रोक लग सकती है।

**मकर**

आज आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। व्यापार में भी आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपको कोई प्रिय वस्तु उपहार स्वरूप प्राप्त हो सकती है, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

**कुंभ**

आप किसी विरोधी के बातों में ना आएं। पिताजी कोई जिम्मेदारी देंगे, उस पर आप खरे उतरेंगे। व्यापार में भी आपको कुछ उतार-चढ़ाव तो लगे रहेंगे।

**मीन**

दिन आपके लिए स्वास्थ्य मामलों में कमजोर रहने वाला है। आपके विरोधी कार्यक्षेत्र में मात देने की कोशिश करेंगे, आपको वाहनों का प्रयोग सोच समझकर करना होगा।

# रिफाइनरी में आयुर्वेद दिवस मना

## आयुर्वेद के बारे में दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी में मंगलवार को आयुर्वेद दिवस मनाया गया। जिसमें भारत की पारंपरिक स्वास्थ्य सेवा की समृद्ध विरासत को सराहा गया। आज की रोजमर्रा की जिंदगी में इसकी प्रासंगिकता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आयुर्वेद के बारे में जागरूकता फैलाना था। जो प्रा.तिक उपचार और शरीर एवं मन के बीच सामंजस्य पर जोर देती है।रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक सत्य प्रकाश ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और आयुर्वेद की भूमिका को केवल एक चिकित्सा पद्धति न मानकर एक संपूर्ण जीवनशैली के रूप में रेखांकित किया। आयुर्वेद के वैज्ञानिक आधार और स्वस्थ जीवन के लिए प्राचीन प्रथाओं को समकालीन स्वास्थ्य सेवा के साथ कैसे एकीकृत किया जा सकता है इस पर चर्चा की। इस अवसर पर विशिष्ट वक्ता के रूप में राजकीय आयुष्य शिवकुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अस्पताल, बेगूसराय के प्राचार्य प्रो एस एन त्रिपाठी उपस्थित थे। प्रो त्रिपाठी ने निवारक स्वास्थ्य सेवा, संतुलित जीवन शैली और आयुर्वेदिक चिकित्सा विज्ञान में हल्दी, आंवला, अदरक, लहसुन और नीम जैसे प्राकृतिक उपचारों के उपयोग के महत्व पर जोर दिया और बताया कि हम इनके उपयोग से बीमारियों से कैसे बचाव और उपचार कर सकते हैं। जो नवरात्रि उत्सव के दौरान उपवास के साथ किया जा सकता है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से बरौनी रिफाइनरी अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सम्पूर्ण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

# पूजा के दौरान चुस्त रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** थाना परिसर में मंगलवार को दुर्गा पूजा को लेकर पूजा कमिटी के अध्यक्षों एवं शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गयी। अध्यक्षता थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने की। एसडीओ ने कहा कि दुर्गा पूजा शक्ति के उपासना का पर्व है। इस पर्व को हम शांतिपूर्ण माहौल में आपसी भाईचारे के साथ मनायें। उन्होंने सभी पूजा कमिटी के सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को बारी बारी से जानकारी ली। साथ ही उसके निदान पर चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुये प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी सह डीएसपी साक्षी कुमारी ने कहा कि पूजा के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही किसी भी पूजा कमिटी के द्वारा आर्केस्ट्रा का प्रोग्राम किये जाने पर उस पूजा कमिटी पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने पूजा के दौरान चुस्त सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहने का आश्वासन पूजा कमिटी के सदस्यों को दी। बैठक में मीरअलीपुर पूजा कमिटि के गुंजन कुमार, गोखले नगर विष्णुपुर पूजा कमिटि के चुना कुंवर के द्वारा पूजा के दौरान दियारा इलाके में पुलिस गस्त तेज करने एवं बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को शीघ्र चलने लायक बनाने की मांग की गयी। बैठक में थानाध्यक्ष विकास कुमार राय के द्वारा भी सभी पूजा कमिटी को कई जरूरी निर्देश दिये गये। बैठक में बीडीओ सन्नी कुमार, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता, मुख्य पार्षद मो जमालुद्दीन, उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि अरविंद कुमार यादव, प्रखंड प्रमुख ममता देवी, वार्ड पार्षद मो जावेद अख्तर, सेरनचक दुर्गा कमिटी के अध्यक्ष प्रेम कुमार मिश्रा, आदि उपस्थित थे।

# चमथा कल्पवास मेले को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बछवाड़ा।** चमथाघाट कल्पवास हेतु बछवाड़ा प्रखंड के बिशनपुर पंचायत में कल्पवास सेवा समिति की बैठक की गई। बुधवार को अध्यक्ष श्री श्री 1008 संत सत्यनारायण दास जी महाराज के अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें बताया गया कि 2 अक्टूबर दशहरा के दिन धार्मिक अनुष्ठान के साथ कल्पवास आयोजन स्थल पर पताका लगाया जाएगा। तथा 7 अक्टूबर पुनीत महीने कार्तिक के पहली तिथि से कल्पवासियो का आना शुरूहो जाएगा। इससे संबंधित जन सुविधा व विधि व्यवस्था संसाधन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी तेघडा सहित संबंधित पदाधिकारी को लिखित रूप से अवगत करा दिया गया है। तत्काल बाढ़ का पानी पंचायत के निचले इलाके में अभी भी जनजीवन को कष्टदायक बनाए हुए हैं। तथा कल्पवास आयोजन स्थल पहुंचने वाली सभी सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी है। पानी जगह-जगह लगा हुआ है। जिस पर सभी संतो ने चिंता व्यक्त की तथा प्रशासन से मांग किया कि कल्पवासियों को सुविधा हेतु सड़क का भी मरम्मत कराया जाए विदित हो कि किवदंती के अनुसार यह कल्पवास का आयोजन सभी युगों में होता रहा है। कभी यहां राजा जनक,र ाजा कर्ण मैथिल कवि कोकिल विद्यापति स्नान करने आते थे और इस प्रकार यह परंपरा प्राचीन समय से ही होती आ रही है। उक्त मौके पर श्रीराम राय मुखिया जी, श्रवण कुमार, मनोज राय, सुरेन्द्र राय, अरविंद राय, अशोक कुमार सहित दर्जनों संत एवं आयोजन समिति के सदस्य मौजूद थे।

# विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में बने सहभागी : प्रो हरे कृष्ण

## एमबीए का सत्रारंभ कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**दरभंगा।** प्रबंधन की आवश्यकता जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में है। समय प्रबंधन, वित्त प्रबंधन, उपलब्ध संसाधनों का समुचित प्रबंध कर सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने का प्रयास हम सभी करते हैं। प्रबंधन में मास्टर डिग्री प्राप्त कर आप सभी भविष्य में अच्छे प्रबंधक बन राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें ताकि देश 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। ऐसा उद्बोधन एलएन मिथिला विश्वविद्यालय के स्नाकोत्तर वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग में एमबीए के नए सत्र के छात्रों के दीक्षारम्भ कार्यक्रम में वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रोफ़ेसर एचके सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि रखा। मालूम हो कि सत्र 2025-27 के एम 0 बी 0 ए0 में नामांकित छात्रों का दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन विभागीय सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंचासीन अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर उनके स्वागत से हुआ। परंपरा के अनुसार दीप प्रज्वलन के पश्चात विभागीय शिक्षिका डॉक्टर निर्मला कुशवाह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। डॉक्टर संजय कुमार झा के द्वारा विभाग का संक्षिप्त परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत करने के पश्चात छात्रों की उपस्थिति प्रोफ़ेसर श्याम कुमार ने ली। छात्र विभाग में उपलब्ध संसाधनों का समुचित लाभ लेंगे, उनके वर्गों में सबसे प्रतिशत सहभागिता रहेगी, विभाग के मूल्यों का संवहन करेंगे, अपने उद्बोधन में विभागाध्यक्ष सह निदेशक प्रोफ़ेसर दिनेश प्रसाद गुप्ता ने ऐसी आशा व्यक्त की। विभाग के सभी संकाय सदस्यों से छात्रों का परिचय हुआ। डॉक्टर दिवाकर झा ने छात्रों को जीवन की नई शुरुआत और लक्षित मंजिल प्राप्त करने की शुभकामना व्यक्त की। विभागीय पुस्तकालय तथा अन्य संबंधित जानकारी पुस्तकालय प्रभारी डॉक्टर आशीष कुमार झा ने दी। कार्यक्रम में नामांकित सभी छात्र-छात्राओं, विभागीय शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मियों की उपस्थिति रही। अंत में विभाग के प्रबंध के वरिष्ठ शिक्षक डॉक्टर संजय कुमार ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच का संचालन सीनियर रिसर्च फ़ेलो पायल कुमारी ने किया।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** शहर के आयुर्वेदिक कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के दूसरे दिन बुधबार को आयुर्वेदीय अग्नि कर्म को पेन मैनेजमेंट में जादू की तरह प्रभाव वाला बताते हुए लीच थेरेपी को त्वचा संबंधी रोगों में बहुत लाभकारी बताया गया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के डा. अजय कुमार भारती ने पेन मैनेजमेंट में अग्निकर्म का प्रयोग बहुत लाभकारी बताते हुए कहा कि इसमें रोगी को दर्द से तत्काल आराम मिल जाता है। उन्होंने कहा की पांच धातुओं से बने शलाका से पेशेंट के दर्द के स्थलों को चिन्हित कर शलाका को गर्म कर दुग्ध किया जाता है। जिससे पेशेंट को दर्द से तत्काल आराम मिलता है। डा. भारती ने बताया की अग्निकर्म का प्रयोग ठीक है। शल्य, शालाक्य और स्त्री प्रसूति रोगों में किया जाता है। डा. भारती ने उपस्थित चिकित्सकों एवं छात्रों कोको संबोधित करते हुए अग्निकर्म निषेध की भी प्रक्रियाएं बतलाई। डा. अजय कुमार भारती द्वारा जोंक (लीच) से रक्त मोक्षण करने संबंधी व्यवहार को रोगी पर डेमोंसट्रेशन करते हुए इसकी व्यावहारिकताएं सेमिनार में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि त्वचा संबंधी रोगों में लीच का प्रयोग बहुत लाभकारी है। इसके पूर्व आज दूसरे दिन राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य डक्टर श्रीनिवास त्रिपाठी ने लीच थेरेपी एवं अग्निकर्म पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए उपस्थित छात्रों को इससे सीख लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज की यह वैज्ञानिक संगोष्ठी आयुर्वेद के इतिहास में मील के पत्थर का काम करेगा। आज के सत्र में उपाधीक्षक डक्टर दिलीप कुमार वर्मा, डा. जीपी शुक्ला, डा. अखिलेश जायसवाल, डा. अखिलेश सिंह, डा. इंदु कुमारी, डा. माधुरी कुमारी, डा. सुल्ताना परवीन, डा. मनीष कुमार आलोक, डा. प्रमोद कुमार, डा. मुन्ना कुमार, डा. राजीव कुमार शर्मा, डा. दिनेश कुमार डा. आनंद मिश्रा, डा. नंदकुमार साहनी, डा. विजेंद्र कुमार, डा. रमन रंजन आदि ने विभिन्न सत्रों के संचालन में अपनी भूमिका निभाई। विभिन्न वैज्ञानिक सत्रों का संचालन डा. अनिल कुमार, डा. प्रमोद कुमार, डा. राजीव कुमार शर्मा एवं डा. विजेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

# डिमेंशिया उम्र बढ़ने का सामान्य हिस्सा नहीं : डॉ भावेश्वर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के जरा और जराचिकित्सा विज्ञान एवं विश्वविद्यालय जंतु विज्ञान विभाग के सहयोग से अल्जाइमर डिजीज इंटरनेशनल (ए डीआई) एवं अल्जाइमर और संबंधित विकार सोसाइटी ऑफ इंडिया (एआर डी एसआई) के मासिक जागरूकता कार्यक्रम के आलोक में संस्थान के निदेशक डॉ आरती कुमारी की अध्यक्षता में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें संसाधन पुरुष के रूप में शहर के मशहूर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ए के गुप्ता और संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉक्टर भावेश्वर सिंह ने छात्र-छात्राओं और शोधार्थियों को मनोभ्रंश और अल्जाइमर बीमारी के बारे में अवगत कराया। आयोजन की शुरुआत वक्ताओं को निदेशक डॉ आरती कुमारी के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया।डॉक्टर गुप्ता ने अपने व्याख्यान में बताया कि सक्रिय जीवन शैली, पोषण, मानसिक सक्रियता, सामाजिक क्रियाशीलता और सोशल मीडिया का सही उपयोग कर डिमेंशिया से बचा सकता है। डॉक्टर सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि मनोभ्रंश (डिमेंशिया) उम्र बढ़ने का सामान्य हिस्सा नहीं है। 65% स्वास्थ्य और देखभाल पेशेवर गलत तरीके से मानते हैं कि मनोभ्रंश उम्र बढ़ने का एक सामान्य हिस्सा है। दुनिया भर में 55 मिलियन से अधिक लोग मनोभ्रंश के साथ जी रहे हैं। मनोभ्रंश के साथ रहने वाले लोगों की संख्या 2030 तक तेजी से बढ़ने का अनुमान है। संस्थान के समन्वयक डॉ काली चरण मिश्र ने बताया कि शोध में यह पाया गया है कि मनोभ्रंश के साथ रहने वाले 46% लोगों और देखभाल करने वालों ने निदान के डर और कलंक को निदान में बाधाओं के रूप में पहचाना साथ ही 4 में से 1 लोग यह सोचते है कि मनोभ्रंश को रोकने के लिए कुछ भी नहीं किया जा सकता है, फिर भी शोध से पता चलता है कि 14 परिवर्तनीय जोखिम कारकों को सुधार कर 45% तक मनोभ्रंश के मामलों टाला जा सकता है। जंतु विज्ञान विभाग के वरीय सहायक प्राचार्य डॉक्टर पारुल बनर्जी ने अपने धन्यवाद ज्ञापन के साथ बताया कि महिलाएं पेशेवर और अनौपचारिक रूप से मनोभ्रंश वाले लोगों की देखभाल पुरुषों से अधिक करती हैं।

# स्वछता हमारी संस्कृति और उन्नति का मापक : डा. नरेंद्र



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** जिला प्रशासन भोजपुर के तत्वाधान में जिला गंगा समिति एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति भोजपुर के संयुक्त तत्वाधान में महंत महादेवानंद महिला महाविद्यालय में स्वच्छता की सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष का महंत महादेवानंद महिला महाविद्यालय का प्राचार्य डॉ नरेंद्र पालित ने किया। इस मौके पर रंजय बैठा जिला जल एवं स्वच्छता समिति, अमित कुमार सिंह जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति भोजपुर, अमरजीत कुमार मिश्रा और राघवेंद्र नारायण विकास महाविद्यालय शिक्षक उपस्थित रहे। डॉ नरेंद्र पालित ने कहा कि स्वछता हमारे संस्कृति और उन्नति का मापक है हम देखते है कि जो भी समाज, राज्य या देश जितना स्वच्छता को अपनाये हुए हैं उनकी संस्कृति उतनी विकसित है और वह विकास के क्षेत्र में अग्रिम भूमिका निभा रहे हैं। स्वच्छता केवल सफाई ही नहीं बल्कि प्रकृति और आने वाली पीढियां के प्रति हमारी जिम्मेवारी भी है। हम सभी व्यक्तियों का कर्तव्य बनता है हम वर्तमान समय में जहां रहते हैं जो हमारा परिवेश है रहने का वहां पर स्वच्छता के नियमों को अपनाएं। जिससे आने वाले पीढ़ी को हम स्वच्छ समाज और स्वास्थ वातावरण दे सके। रंजय बैठा ने कहा कि आज हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने घरों पर ही कचरे का वर्गीकरण करें जिससे गीला कचरा अलग और सूखा कचरा अलग हो सके ऐसे करने से हम स्वच्छता के क्षेत्र में एक सराहनीय प्रयास कर सकते हैं। जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में लोग एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे तो स्वच्छता केवल अभियान नहीं आंदोलन बन जाएगा। इस कार्यक्रम का संचालन अमरजीत मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन राघवेंद्र नारायण विकास ने किया।

# लोक गायिका मनीषा श्रीवास्तव और कार्टूनिस्ट पवन बने आकर्षण का केन्द्र

## डांडिया नाइट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** अम्बा संस्था द्वारा आयोजित डांडिया नाइट 2025 मंगलवार को पूरे उल्लास और भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। लगातार 9वें वर्ष हुए इस आयोजन में बतौर सेलिब्रिटी गेस्ट मशहूर लोकगायिका मनीषा श्रीवास्तव और देश के चर्चित कार्टूनिस्ट पवन टून ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता संजय टाइगर, शोभा देवी (सांसद सुदामा प्रसाद की पत्नी), समाजसेवी विष्णु सिंह, यशवंत सिंह व भीम श्रीवास्तव, इंजीनियर मांडवी तिवारी, डॉ श्रुति दिव्यांशिका तिवारी ने आरती दिखाकर किया। मनीषा श्रीवास्तव ने अम्बा टीम को बधाई दी और मातारानी के गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्टूनिस्ट पवन टून ने कहा कि आरा की धरती सांस्कृतिक रूप से समृद्ध है। ऐसे आयोजन उसकी पहचान को और मजबूत करते हैं। भाजपा नेता संजय टाइगर व समाजसेवी यशवंत सिंह ने अम्बा टीम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज की सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखते हैं।

### 9 विशेष लोग हुए सम्मानित

अम्बा संस्था ने इस बार 9 विशेष लोगों को सम्मानित किया गया जिन्होंने पिछले 9 वर्षों में निरंतर सहयोग किया जिसमें इंजीनियर मांडवी तिवारी प्रोप्राइटर, तिवारी कंस्ट्रक्शन और एमडी, होटल कान्हा रेज़ीडेंसी, डॉ श्रुति दिव्यांशिका तिवारी शाहाबाद की सबसे कम उम्र की सर्जन डॉक्टर, भीम श्रीवास्तव समाजसेवी लगातार 9 वर्षों से अम्बा टीम को एक परिवार मानकर सहयोग करते आ रहे हैं। इनके छोटे भाई समीर अम्बा के सक्रिय सदस्य हैं। डॉ अर्चना सिंह समाजसेवी एवं संभावना स्कूल की प्राचार्या। राकेश कुमार सिंह, समीर अख्तर, राकेश कुमार बंटी पत्रकार, चांदनी सिंह एयरहोस्टेस और राजू कुमार राजू मेकअप स्टूडियो के संचालक शामिल है। आयोजक ओपी. पाण्डेय के पिता जीतन पाण्डेय को विशेष सम्मान दिया गया। वे सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे हैं और अपने बेटे को सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए सदैव प्रेरित करते रहे हैं। सभी सम्मानित अतिथियों को अंगवस्त्र और गिफ्ट हैम्पर भेंट किए गए। गिफ्ट हैम्पर साड़ी घर प्रतिष्ठान और बुलेट शोरूम ओम व्हील्स की ओर से दिए गए। इस सफल आयोजन के पीछे अम्बा टीम की कड़ी मेहनत रही। आयोजन संयोजक ओपी पाण्डेय ने बताया कि टीम एक परिवार की तरह काम करती है। इसमें राकेश राजपूत, मंगलेश तिवारी, गोलू प्रताप सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, अदिति राज, गौरी तिवारी, अभिषेक द्विवेदी, स्नेहा चौधरी, खुशबू श्रीवास्तव, काजल ऋतु, करिश्मा सिंह, मीरा, प्रियांशु भास्कर, अंकिता कश्यप, दीप्ति कश्यप, जया, मनीषा सिंह, अमित कुमार सिंह, ज्योत्सना, सत्यजीत सिंह, अंजली भारद्वाज, आदित्य अंकुर और अभय विश्वास भट्ट सहित अन्य सदस्यों ने अहम योगदान दिया।

# डीआईजी ने किया कांड अनुसंधानकर्ता को सस्पेंड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** पुलिस उप महानिरीक्षक आशीष भारती ने खगड़िया जिला के पौरा थाना में कांड अनुसन्धान को सस्पेंड कर दिया है। बुधवार को श्री भारती ने पौरा थाना कांड संख्या 20/25 तथा 21/25 की समीक्षा की गई। इस काण्ड के संबंध में आवेदक द्वारा डीआईजी कार्यालय में समर्पित आवेदन के आधार पर समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पौरा थाना कांड संख्या 21/25 के तत्कालीन अनुसंधानकर्ता सहायक अवर निरीक्षक अखिलेश कुमार ने घोर लापरवाही की है। कांड दैनिकी में जख्मियों का जख्म जांच प्रतिवेदन साधारण प्र.ति का होना अंकित किया गया है। उसके बावजूद एक पक्षीय एवं द्वेषपूर्ण कार्रवाई करते हुए दो माह के अंतराल के उपरांत कांड के 2 नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया तथा उक्त अवधि में अनुसंधानकर्ता द्वारा वरीय पदाधिकारी का परामर्श-अग्रतर निर्देश प्राप्त करने का भी कोई प्रयास नहीं किया गया। चिकित्सीय जख्म जांच प्रतिवेदन साधारण प्रकृति का होने के बावजूद स्वेच्छताचारिता तथा मनमानेपन का परिचय देते हुए उपरोक्त दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया जो इनकी घोर लापरवाही, कर्तव्यहीनता, स्वेच्छाचारिता एवं संदिग्ध आचरण को प्रदर्शित करता है। अतः उपरोक्त कांड में की गई उपरोक्त दोषपूर्ण कार्रवाई के लिए तत्कालीन अनुसंधानकर्ता सहायक अवर निरीक्षक अखिलेश कुमार (वर्तमान बेगूसराय जिला बल) को सामान्य जीवन यापन भत्ता पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## एक नजर

### आरओबी का उद्घाटन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बीहट आरओबी के सिंगल लेन का सांसद सह केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा उद्घाटन किया गया। बीहट आरओबी का सिंगल लेन प्रारंभ हो जाने से बहुत हद तक लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, नगर विधायक कुंदन कुमार, एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड परिसर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ चिरंजीव पांडेय, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी, स्थानीय मुखिया राष्ट्रपति कुमार तथा अन्य के सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। श्री पांडेय ने कहा कि प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन तथा स्वच्छ ग्रामीण लोहिया बिहार कार्यक्रम में जुड़े कर्मी नित्य कचरा प्रबंधन का कार्य संपादित करते हैं। कचरे का निपटारा कर परिवेश को प्रतिदिन साफ सुथरा रखते हैं। इन्हें स्वस्थ रहना जरूरी है। इनके स्वास्थ्य की जांच हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें 180 स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक दवा तथा परामर्श दिया गया। इसमें 27 स्वच्छता कर्मियों का आभा स्वास्थ्य कार्ड, 07 पीएम आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड बनाया गया। 32 व्यक्तियों के आंखों की भी जांच की गई। मौके पर सीएचओ विक्रांत कुमार, सूर्य भूषण कुमार, राजा कुमार, सुमानी कुमारी, जूली कुमारी, प्रियदर्शनी, नेत्र सहायक बबलू कुमार, प्रिस कुमार, आपरेटर करण कुमार आदि मौजूद थे।

### वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के अलग- अलग गांवों से समकालीन अभियान के तहत तीन एन बी डब्लू वारंटी को नावकोठी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी पहसारा के राजेन्द्र सिंह का पुत्र रामाश्रय सिंह, सीताराम सिंह का पुत्र प्रमोद सिंह तथा बेगमपुर के हरिनारायण पासवान का पुत्र सुनील पासवान हैं। सभी न्यायालय में लंबे समय से अपनी उपस्थिति नहीं दे रहे थे। लगातार अनुपस्थित रहने से न्यायालय ने इनके विरुद्ध गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसमें एसएचओ राजीव कुमार रंजन, एस आई विश्व जीत कुमार, रंजीत कुमार, अबोध कुमार, युगल किशोर मडल तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### एनएसयूआई ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बुधवार को जीडी कॉलेज में एनएसयूआई के कलेज अध्यक्ष श्याम सुंदर कुमार के नेतृत्व में कलेज परिसर में व्याप्त अनियमिताओं को दुरूस्त करने को लेकर प्रधानाचार्य चन्द्रभानु प्रसाद सिन्हा को ज्ञापन सौपा। श्याम सुंदर कुमार ने आवेदन के माध्यम से बताया कि भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने जीडी कलेज परिसर में लगातार हो रहे हैं। दलाली, भ्रष्टाचारों को लेकर आवाज को बुलंद किया है। लेकिन कलेज प्रशासन के द्वारा इस पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे यह साफ जाहिर होता है कि छात्र संगठनों के द्वारा दिए गए आवेदन का प्रधानाचार्य के द्वारा लगातार मजाक बनाया जा रहा है। वही उन्होंने बताया कि अभी भी हमारी मांग है कि कलेज परिसर में कदाचार मुक्त कार्य किया जाए। कलेज परिसर के साफ सफाई का ध्यान रखा जाये।

### युवा उत्सव को लेकर निकली गई प्रभात फेरी

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जोकीहाट प्रखंड अंतर्गत चिरह गांव में एस.एस.एफ. के द्वारा साहित्य उत्सव आयोजित कर प्रभात फ़ेरी निकाली गयी। यह प्रभात फ़ेरी मरियम मस्जिद चिरह से निकलकर मजार पश्चिम टोला तक जाकर संपन्न हो गई। इस मौके से पूरे गांव में बच्चों द्वारा शिक्षा का उद्देश्य को लेकर तालीमी बिदारी कर लोगों को जागरूक किया। कहा कि शिक्षा ही असल हथियार है, जिसके बदौलत इंसान अपनी असली हालत में तब्दील होती है। कार्यक्रम को कई स्थानीय शिक्षाविद् और उलेमा इकराम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अररिया, पूर्णिया और किशनगंज ज़िले से आए कई मुख्य अतिथि वो उलेमा इकराम शामिल हुए। अलग-अलग ज़िलों के छात्रों ने अपनी प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सफल विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। यह प्रतियोगिता केवल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। कुल मिलाकर यह तालीमी बिदारी यात्रा काफी सफल रहा। मौके पर रजी अहमद, मौलाना वदूद सकाफी, मुफ्ती अहमद रजा, मास्टर मुजफ्फर, मुखिया प्रतिनिधि सह युवा सामाजिक कार्यकर्ता शाहिद आलम, डीलर मुहम्मद राजिक, मौलाना जफर, मास्टर अब्दुल वाहिद, मास्टर कैसर हयात सहित कई ग्रामीण गण मौजूद थे।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रोगी कल्याण समिति की बैठक अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र देवपुरा में हुई। इसकी अध्यक्षता चिकित्सा पदाधिकारी डा हिमांशु कुमार ने की। सदस्य जयशंकर भारती ने इस अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की अव्यवस्था पर ध्यान आ.ष्ट कराया। उन्होंने कहा कि ओपीडी में आने वाले मरीजों के बैठने की व्यवस्था नहीं है। इससे इलाज कराने आने वाले मरीजों को अपनी बारी का इंतजार खड़े रहकर करना होता है। अस्पताल आने वाले मरीजों के पीने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं रहने से इन्हें पानी के लिए दरदर भटकना पड़ रहा है।

# स्वच्छता अभियान में युवाओं का योगदान महत्वपूर्ण

**दरभंगा।** राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर मिल्लत कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता संबंधी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य प्रो इफ्तिखार अहमद की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय एनएसएस समन्वयक डॉ आर एन चौरसिया, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ सोनी शर्मा, डॉ विजय शंकर पंडित, डॉ जोहा सिद्दीकी, डॉ सुभाष, डॉ नाहिदा तथा डॉ निशा कुमारी सहित 50 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर छात्र-छात्रों के बीच भाषण प्रतियोगिता तथा महाविद्यालय परिसर स्वच्छता कार्यक्रम के साथ ही एनएसएस स्थापना दिवस भी केक काटकर स्वयंसेवकों ने मनाया।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एफ–एमएफजी–180–एमएमएडब्ल्यू–एएमसी, दिनांक 23.09.2025,** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, जमालपुर, जिला–मुंगेर, बिहार–811214 द्वारा निविदा सं. एफ–एमएफजी–180–एमएमएडब्ल्यू–एएमसी के तहत ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। ठेकेदारों को इस निविदा के लिए बयाना राशि बाबत केवल आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध भुगतान माध्यम जैसे कि नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के द्वारा भुगतान करने की अनुमति है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रिसीट, एफडीआर आदि के माध्यम से मैनुअल भुगतान करने की अनुमति नहीं है। **कार्य का नाम** : 03 वर्ष के लिए 180 एमएमएडब्ल्यू रेक्टिफायर (आईजीबीटी एवं थाइरिस्टर आधारित) वेल्डिंग मशीनों के लिए एएमसी। **कार्य स्थल:** पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, मुंगेर (बिहार), पिन–811214, **विज्ञापित मूल्य:** रु. 91,88,795/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 00.00, **बोली प्रतिभूति:** रु.1,83,800/–, **समापन अवधि:** तीन वर्ष। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 24.10.2025 को 16.00 बजे। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 26.09.2025 को 15.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट का स्थान जहाँ से निविदा का संपूर्ण विवरण देखा जा सकता है:** (**www.er.indianrailways.gov.in** के साथ हाइपरलिंक्ड **www.ireps.gov.in**) एवं उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस को। MISC-219/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### नशीली दवाओं के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इंटेलिजेंस सेट अप एफ कम्पनी 71 वीं वाहिनी एसएसबी करैया के जवान और झरोखर पुलिस ने संयुक्त करवाई करते हुए पिलर संख्या 355/6 के समीप लक्ष्मीनिया टोला गांव के पास से एक तस्कर को बाइक हीरो स्प्लेंडर के साथ दबोच लिया गया जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बी आर 0 5 टी 9608 उक्त तस्कर के पास साइकोट्रोपिक दवाएं ड्रामाडोल टैबलेट 400 पीस नाइट्रोजेपम 40 पिस नशीली दवाओं के साथ उक्त तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया पकड़े गए तस्कर की पहचान झड़ौखर थाना क्षेत्र के कोरैया गांव निवासी गुदरी महतो के पुत्र राजू प्रसाद कुशवाहा के रूप में किया गया।जिसे गिरफ्तार कर झरोखर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया।जानकारी एसएसबी के अधिकारियों ने दी।



### राजद के विधायक का बनजरिया प्रखंड का दौरा

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नरकटीया विधानसभा क्षेत्र के बनजरिया प्रखंड में पूर्व मंत्री सह विधायक डाक्टर शमीम अहमद ने अपने विकास कार्यों को बताते हुए दर्जनों गांवों का दौरा किए, इनके साथ दर्जनों की तादाद में दो पहिया,चार पहिया गाड़ियों की काफिला थी, आरजेडी के समर्थक व नेता को पहले से जानकारी दी गई थी कि पहले बथना, बनकट, तरकुलम, गोखुला, कचहरिया टोला, सिसवा बीनटोली, नुनीया टोली, सिसवा चौक, कोयरी टोला, आमवा टोला, शनीचरी स्थान, गंदी टोला, पंडाल चौक, हरिजन टोली, सिसवा, शाहवाद टोला में कार्यकताओं ने विधायक को जमकर स्वागत किया, विधायक ने बताया कि क्षेत्र का विकास बोल रहा है,हमने इस क्षेत्र के लिए कड़ी मेहनत कर सींचा है,आने वाला कल आरजेडी का होगा,और मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव होंगे, निसंदेह जनता बिहार सरकार से उब चुकी है,देश में मोदी की सरकार है, हमलोग संविधान बचाने निकले हैं, लोकतंत्र की हमारी जीत होगी जो विकास हमने कराया है उससे वाकिफ हैं जनता, जनता ही मालिक है।



### 26 सितंबर को जिला नियोजनालय कैम्पस में एक दिवसीय जॉब कैम्प

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला नियोजनालय, पूर्वी चम्पारण, जिला नियोजनालय के कैंपस में एक दिवसीय जॉब कैंप सह - कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब कैम्प में 'सत्या माइक्रो कैपिटल लिमिटेड' द्वारा भाग लिया जाएगा और अभ्यर्थियों का चयन 'एग्जीक्यूटिव' पद के लिए किया जाएगा। विभिन्न पदों के लिए योग्यता 10वीं /12 वीं पास आवश्यक है, उम्र पुरुष 20 से 34 वर्ष निर्धारित है। जॉब का कार्यस्थल बिहार में होगा और मानदेय 20,901 सीटीसी निर्धारित किया गया है। साथ ही साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी जैसे आवास, इंसेंटिव,पीएफ,मेडिकल, इंश्योरेंस इस जॉब कैंप मे कुल- 100 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। अभ्यर्थी अपने रिज्यूम बॉयोडाटा, मूल प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो के साथ जिला नियोजनालय के कैंपस में रोजगार कैम्प में प्रातः 11:00 उपस्थित हो सकते हैं।

### स्वदेशी मेला का उद्घाटन सांसद एवं डीएम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी के राजाबाजार, प्रेक्षा गृह के नजदीक स्वदेशी मेला का उद्घाटन सांसद पूर्वी चंपारण राधा मोहन सिंह, जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार एवं उप महापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं एवं स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि सभी लोगों को स्वदेशी को अपनाना चाहिए । देश में निर्मित अथवा स्थानीय उत्पादों / वस्तुओं का हर संभव अधिकाधिक उपयोग करना चाहिए ताकि श्रमिकों को प्रोत्साहन के साथ देश की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती मिले।



### जीतना थाना में 650 लीटर शराब की गई नष्ट

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के जीतना थाना की पुलिस ने विभिन्न कांडों में जब्त 650 लीटर कस्तूरी शराब बुधवार को नष्ट किया। नोडल पदाधिकारी सह बनकटवा अंचलाधिकारी अतुल कुमार बादल व जीतना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार की उपस्थिति में थाना परिसर में ही फर्श पर शराब को बहाने के बाद जमींदोज कर दिया गया।थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारी के आदेश के आलोक में जीतना थाना के विभिन्न कांडों में जब्त किए गए 650 लीटर नेपाल निर्मित कस्तूरी शराब को नष्ट किया गया।मौके पर अपर थाना अध्यक्ष रजनी कुमारी , दरोगा शिवजी पासवान सहित कई थाना पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

### शहीद अकलू तुरहा विचार मंच की बैठक

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय तुरहा समाज की एक बैठक शहर के तुरहापट्टी में धर्मेंद्र शाह के आवास पर आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अमर शहीद अकलू तुरहा विचार मंच के राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र शाह उर्फ जीतू तुरहा की द्वारा किया गया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव पर चर्चा जिसमें जिसमे निर्णय लिया गया कि ढाका विधानसभा के तुरहा समाज की एक समीक्षक बैठक बुलाकर विचार विमर्श किया जाये। समीक्षा बैठक की तिथि का घोषणा शीध्र किया जाएगा। जीतू तुरहा ने कहां कोई भी पार्टी तुरहा जाति को मान सम्मान नहीं देता है। हमारा समाज अभी भी काफी पिछड़ा हुआ है। आगामी बैठक में यह तय होगा जो हम लोगों को मान सम्मान जो पार्टी या संगठन देगा हम लोग उसी को वोट करेंगे। तुरहा समाज विधानसभा चुनाव में अपनी ताकत नहीं दिखाएंगे तब तक कोई भी पार्टी उनको राजनीतिक भागीदारी नहीं देगी। बैठक में रमेश शाह,धर्मेंद्र शाह,राजू कुमार, सुजीत कुमार,पप्पू कुमार, विजय कुमार आदि शामिल रहे।



### 123 बच्चियों को लगा एचपीवी टीका

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजकीय मध्य विद्यालय पारस पकड़ी में बुधवार को 9-14 वर्ष की 123 बच्चियों को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीका लगाया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त पहल का यह अभियान गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए शुरू किया गया।डब्लूएचओ प्रतिनिधि पुरुषोत्तम चौबे, पीएचसी प्रभारी डॉ. लूकमान सर और प्रधानाध्यापक रमाशंकर सिंह ने टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। टीकाकरण एएनएम कुमारी सुमन और कल्पना कुमारी ने किया, जिसमें शिक्षिकाओं निलोफर शगुफ्ता, अंजली कुमारी, श्वेता सिंह और श्वेता कुमारी ने सहयोग दिया। बच्चियों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस पहल को सराहा। ग्रामीणों ने इसे स्वास्थ्य जागरूकता और बीमारी से बचाव के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

### अगलगी में तीन झोपड़ियां राख, लाखों का नुकसान

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बनकट मुसहरी, वार्ड नंबर 2 में बीती रात भीषण आग लगने से जलील मियां के तीन झोपड़ीनुमा घर जलकर राख हो गए। आग ने बर्तन, कपड़े, अनाज और अन्य सामान नष्ट कर दिया। एक मवेशी की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लाखों की संपत्ति खाक हो चुकी थी। पीड़ित परिवार सदमे में है। अंचलाधिकारी राजीव रंजन ने नुकसान के आकलन के लिए कर्मचारी भेजा और शीघ्र राहत राशि देने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से त्वरित मुआवजा और राहत सामग्री की मांग की। क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

### रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक का शव मिला

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नरकटियागंज-मुजफ्फरपुर रेलखंड के साठी-चनपटिया स्टेशन के बीच पिलर 229/7-229/9 पर बुधवार सुबह एक 25 वर्षीय अज्ञात युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। मृतक ने लाल शर्ट, लाल पैंट और दाहिने हाथ में लाल कलावा पहना था। शव का सिर धड़ से 10 फीट दूर पड़ा था, जिससे हत्या कर शव को ट्रैक पर रखने की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर थानाध्यक्ष राजन कुमार, दरोगा नीतीश कुमार और जमादार रघुनंदन मेहता ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेजा गया।

# 1.84 करोड़ रुपए की लागत से नाला और सड़क निर्माण कार्य योजना का महापौर ने किया शिलान्यास



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या-22, बाजार समिति के सामने स्थित मोहन केडिया दुकान से लेकर पंडाल चौक तक 1,84,43,900 रुपया की लागत से नाला और सड़क निर्माण कार्य की योजना का शिलान्यास महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी द्वारा किया गया। इस योजना के तहत वार्ड के नागरिकों सहित आसपास के व्यापारियों को शीघ्र ही जलजमाव एवं जर्जर सड़कों की समस्या से मुक्ति मिल जायेगी। इस अवसर पर स्थानीय वार्ड पार्षद विभा देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। महापौर प्रीति कुमारी ने कहा कि बाजार समिति से पंडाल चौक तक नाले और सड़क का यह निर्माण कार्य केवल एक भौतिक संरचना नहीं बल्कि नागरिकों को सुरक्षित, टिकाऊ एवं समतल मार्ग प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह कार्य वर्षा के मौसम में जल जमाव, कीचड़ एवं संभावित दुर्घटनाओं से स्थायी समाधान प्रदान करेगा। मोतिहारी नगर निगम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने नागरिकों से निर्माण कार्य में पूर्ण सहयोग की अपील भी की। यह योजना लंबे समय से लंबित था। इससे क्षेत्र में न केवल जनसुविधाएं बढ़ेंगी बल्कि व्यापारिक गतिविधियां और सौंदर्यीकरण को भी बल मिलेगा। वार्ड संख्या-4 की निगम पार्षद मीना देवी ने महापौर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना वर्षों से लंबित थी, और आज इसका शिलान्यास होना क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। स्थानीय नागरिकों ने भी महापौर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्माण कार्य से सुविधाएं बढ़ेंगी, साथ ही क्षेत्र का सौंदर्य एवं व्यापारिक गतिविधियां भी सशक्त होंगी। महापौर ने यह भी जानकारी दी कि नगर निगम द्वारा अन्य वार्डों में भी चरणबद्ध रूप से सड़क, नाला, प्रकाश व्यवस्था एवं स्वच्छता से जुड़ी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे सम्पूर्ण नगर का समग्र एवं संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सके।

## राजनीति विज्ञान विभाग में पीएचडी की मौखिकी संपन्न हुई, कुलपति हुए सम्मिलित



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय राजनीती विज्ञान विभाग में पी-एच.डी. शोधार्थी विजय शंकर चौधरी का पी-एच.डी की मौखिकी परीक्षा संपन्न हुई और उन्हें पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान करने की संस्तुति प्रदान की गई। विजय शंकर चौधरी ने डॉ. पंकज कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान विभाग के शोध निर्देशन में 'भारत में संघवाद का स्वरूपः मनमोहन सिंह एवं नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल में संघवाद के कार्यकरण का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन (2009- 2019)' विषय पर अपना शोध-प्रबंध जमा किया था। यह उल्लेखनीय है कि इस मौखिकी में पहली बार माननीय कुलपति, प्रो. संजय श्रीवास्तव जी उपस्थित रहे, जो उनके अकादमिक एवं शोध के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। माननीय कुलपति ने कहा कि यह अत्यंत प्रासंगिक एवं समीचीन विषय है। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्रित्व काल में संघवाद की भावना एवं संरचना दोनों सुदृढ़ हुए हैं। योजना आयोग की जगह नीति आयोग का गठन, राज्यों को अत्यधिक वित्तीय सहायता एवं स्वायत्तता, जी.एस.टी. सुधारों ने निश्चित तौर पर सहकारी संघवाद को स्थापित किया है। कुलपति महोदय ने सुझाव दिया कि कैसे सोशल मीडिया ने क्षेत्रीय आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में योगदान दिया है। उन्होंने परामर्श दिया कि एकदलीय प्रभुत्व की 10 वर्षों तक सरकार रहने पर भी मोदी सरकार ने संघवाद की भावना को आगे बढ़ाया, जो कि अत्यंत प्रशंसनीय है। कुलपति जी ने शोधार्थी तथा पर्यवेक्षक दोनों को शुभकामनाएँ दी।

## अमोद हत्याकांड में प्रेमी का दोस्त गौतम गिरफ्तार

**इस मामले में पत्नी, प्रेमी एवं शूटर को पुलिस पहले ही कर चुकी है गिरफ्तार**

**चिरैया(पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के डीह महुआही और खोड़ा गांव के बीच में विगत 16 सितम्बर को मोहद्दीपुर गांव निवासी रामाध्या प्रसाद यादव के पुत्र अमोद कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हत्या में लाइनर की भूमिका निभाने वाले प्रेमी के दोस्त को अहमदाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। जिसे आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया गिरफ्तार लाइनर सीतामढ़ी जिले के बैरगनिया थाना क्षेत्र के मासहा नरोतम गांव निवासी जयमंगल यादव का पुत्र गौतम कुमार है। जो मृतक अमोद की पत्नी के प्रेमी विकास कुमार का दोस्त है। उसने विकास के कहने पर ही अमोद की हत्या के लिए बत्तीस हजार रुपए में एक शूटर की व्यवस्था की थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अमोद की हत्या के बाद गौतम गुजरात चला गया है। वह वहां रहकर मजदूरी करता है। जिसके बाद तकनीकी सेल के सहयोग से उसका सही लोकेशन लेकर सब इंस्पेक्टर गौतम कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर गुजरात भेजा गया। जिसके बाद गठित टीम के द्वारा गौतम कुमार को अहमदाबाद से गिरफ्तार कर चिरैया लाया गया। हिरासत में लेकर आरोपी गौतम से पुलिस ने सघन पूछताछ की। इस क्रम में उसने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। बता दें कि अमोद की हत्या पत्नी ने ही प्रेमी के साथ मिलकर कराई थी। हत्या के समय वह खोड़ा गांव स्थित अपनी बहन के घर से मोहद्दीपुर जा रहा था। इस मामले में अमोद की पत्नी, प्रेमी विकास कुमार व शूटर गोलू पटेल को पहले में ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने सिकरहना के पुलिस उपाधीक्षक उदय शंकर कुमार के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया था। घटनास्थल पर मिले परिस्थितिजन्य साक्ष्य व गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 72 घंटे में ही हत्याकांड का पदार्फाश कर दिया था।



## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बच्चों एवं शिक्षकों ने किया गया पौधारोपण

**यह अभियान लोगों को धरती माँ की रक्षा के लिए करता है प्रेरित**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जगन्नाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिसर में एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वन विभाग के सहयोग से स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों ने आम, अमरूद, सागवान आदि के दस से अधिक पौधे का रोपण किया। इस संबंध में उक्त विद्यालय के शिक्षक रवि कुमार ने बताया कि एक पेड़ माँ के नाम" एक देशव्यापी वृक्षारोपण अभियान है, जिसे 5 जून 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू किया था। इस अभियान के तहत, लोगों को अपनी माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए उनके नाम पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बढ़ावा देता है और लोगों को धरती माँ की रक्षा के लिए प्रेरित करता है। बता दें कि इन दिनों मिशन लाइफ के लिए इको क्लब के तत्वाधान में देश भर के विद्यालयों के छात्र- छात्राओं को अपनी माँ और धरती माता के सम्मान में एक करोड़ से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए स्कूली बच्चों को अपने जन्मदिन व अन्य अवसरों पर पौधा लगाकर वातावरण को शुद्ध बनाने पर जोर दिया जा रहा है।



## नवीं व दसवीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा शुरू पहले दिन हिंदी व संस्कृत की हुई परीक्षा

**चिरैया(पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों में बुधवार से नौवीं एवं दसवीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुई। इस संबंध में पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया के प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक एवं दूसरी पाली अपराह्न 2 बजे से 5.15 बजे तक संचालित हुई। पहले दिन प्रथम पाली में दोनों ही कक्षाओं के छात्र - छात्राओं की मातृभाषा हिंदी एवं उर्दू विषय की परीक्षा हुई। वहीं, दूसरी पाली में द्वितीय भारतीय भाषा संस्कृत एवं उर्दू भाषियों की हिंदी विषय की परीक्षा हुई। इधर, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़तरी पश्चिमी के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सुमन ने बताया कि बोर्ड के दिशा - निर्देश पर विद्यालय में परीक्षा संचालित की जा रही है। यह परीक्षा 27 सितम्बर तक चलेगी। प्रतिदिन दो पालियों में अलग-अलग विषयों की परीक्षा होगी। मौके पर शिक्षक संतोष कुमार, कामेश्वर प्रसाद सिंह, राघवेंद्र कुमार, आदित्य राज, खालिद हसमुल्लाह, हरि प्रकाश, चंद्रिका कुमार, दिवाकर कुमार, सरताज अहमद, जितेंद्र पंडित, शिक्षिका सविता यादव, सुजाता कुमारी, लिपिक विनोद कुमार सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



## नरकटियागंज में चार अक्टूबर को शस्त्रो का होगा सत्यापन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शिकारपुर थाना में चार अक्टूबर को अनुज्ञप्तिधारियों का शस्त्र सत्यापन कराया जाएगा। इसको लेकर जिलाधिकारी द्वारा एक आदेश पत्र जारी किया गया है। जिसमे अंचलाधिकारी सुधांशु शेखर को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि जिला दंडाधिकारी के आदेश पर शिकारपुर थाना में चार अक्टूबर को अनुज्ञप्तिधारियों का शस्त्र व कारतूस सत्यापन होगा। सीओ ने बताया कि तीन चरणों में अलग अलग निर्धारित तिथियों पर शस्त्र एवं कारतूसों का सत्यापन किया जा चुका है। हालांकि अब शत प्रतिशत सत्यापन को लेकर जिलाधिकारी द्वारा उक्त तिथि निर्धारित करते हुए निर्देशित की गई है।

## किन्नरों ने रैली में दिखाया अपना दमखम



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के गोपाला ब्रह्मस्थान परिसर से बुधवार को किन्नर माया रानी ने किन्नरों के समूह के साथ विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में कूदने का ऐलान कर दिया है।इसको लेकर किन्नरों की रैली गोपाला ब्रह्म स्थान से निकल कर अस्पताल रोड ,शिवगंज, शहीद चौक ,सब्जी बाजार ,हरदिया चौक होते हुए धूमनगर में जाकर सभा मे तब्दील हो गयी। रैली के दौरान किन्नर नाचते थिरकते हुए माया रानी जिंदाबाद हिंदुस्तान जिंदाबाद, नरकटियागंज जिन्दाबाद के नारे लगा रही थी। इस रैली में किन्नरों के साथ साथ भारी संख्या में महिला व पुरुषों ने भाग लिया।रैली के बाद किन्नरों ने बताया कि इस विधानसभा में उनकी भी भगीदारी है। अब वे चुनाव के माध्यम से नरकटियागंज को सवारेंगी।उंन्होने बताया कि अनेक राज्यो में किन्नर समाज क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे है।यहां भी अब एक किन्नर चुनाव लड़ेगी और सभी पाटीयों से मुकाबला करेगा।

### ट्रैक्टर ने महिला और बच्ची को रौंदा, मौके पर मौत

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा थाना के नगरदेही गांव में धन से लदे ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर एक महिला और बच्ची को रौंद डाला। जिससे घटनास्थल पर महिला और बच्चे की मौत हो गई। मृत महिला व बच्ची नगरदेही गांव के हरिशंकर शाह की पत्नी निर्मला देवी (35) एंव मृत बच्ची चंद्र प्रकाश हाजरा की पुत्री बेबी कुमारी (7) बतायी जाती है। इतना घटना को लेकर ग्रामीणों ने भंगहा थाना सेरवा गांव के ट्रैक्टर चालक मुकेश कुमार को पिटाई शुरू कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही भंगहा थानाध्यक्ष रौशन कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और ग्रामीणों से बीच बचाव कर ट्रैक्टर चालक मुकेश कुमार को थाना लाए। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि दोनों डेड बॉडी को पोस्टपार्टम में भेज पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### युवा शक्ति की एक जुटता से होगा विकास : समृद्ध वर्मा

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड के मेला चौक से इनरवा थाना क्षेत्र के पिराड़ी तक बाइक रैली के माध्यम से भाजपा नेता समृद्ध ने विभिन्न पंचायतों में भ्रमण कर युवा संवाद कार्यक्रम किया। जिसमें पूर्व विधायक दिलीप वर्मा ने अपने कार्यकाल सिकटा विधानसभा क्षेत्र में किए गए कार्यों को बताया। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र में बिजली व सड़क का अभाव था। काफी मशक्कत के बाद रक्सौल से सिकटा इलाके में बिजली आपूर्ति बहाल कराया था। सड़कें व पुल बने. बीस करोड़ की लागत से त्रिमुहान घाट पर पुल का निर्माण कराया गया। इस दौरान भाजपा नेता समृद्ध उर्फ ने केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को भी बताया।



## भाकपा माले ने जारी की जांच रिपोर्ट

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाकपा (माले) की जांच टीम ने चनपटिया के मरचईया गांव में रेणु देवी और उनके परिवार पर हुए बर्बर हमले की जांच की। 14 सितंबर को भाजपा समर्थक रत्नेश ओझा ने रेणु देवी की बकरी को गाड़ी से कुचल दिया। शिकायत करने पर रत्नेश के पिता उदय ओझा ने रेणु को पीटा। बाद में रत्नेश और 25-30 लोगों ने पुलिस की मौजूदगी में रेणु और उनके परिवार पर हमला किया। पुलिस ने कोई हस्तक्षेप नहीं किया। कुमार बाग थाने में उदय ओझा ने रेणु पर फर्जी एफआईआर दर्ज कराई, जबकि रेणु का आवेदन स्वीकार नहीं किया गया। थाना प्रभारी और उदय ओझा ने रेणु को डरा-धमकाकर फर्जी वीडियो बनवाया और उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गांव में दहशत का माहौल है। भाकपा (माले) ने पुलिस की भूमिका को संदिग्ध बताया और निष्पक्ष जांच, रेणु को न्याय, और अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की। जांच टीम का कहना है कि नीतीश कुमार के शासन में सामंती और भाजपाई ताकतों का मनोबल बढ़ा है। समाजिक न्याय के लिए भाकपा (माले) को मजबूत कर आंदोलन तेज करने की जरूरत है।

## बिहार की बीएमडब्ल्यू वेंचर्स लि. का मेगा आईपीओ दशक बाद दलाल स्ट्रीट पर पहला कदम

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार की मिट्टी से निकली कंपनी बीएमडब्ल्यू वेंचर्स लि. एक नया इतिहास रचने को तैयार है। यह कंपनी मेनबोर्ड आईपीओ के जरिए दलाल स्ट्रीट पर कदम रखने वाली बिहार की पहली कंपनी बनने जा रही है, जो लगभग एक दशक बाद राज्य से आने वाला पहला आईपीओ है. यह आईपीओ 24 सितंबर को खुलेगा और 26 सितंबर को बंद होगा। यह आईपीओ बिहार के व्यापारिक समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। कंपनी बीएमडब्ल्यू वेंचर्स लि. का यह कदम न केवल राज्य के उद्यमियों की ताकत को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करता है, बल्कि बिहार के आर्थिक विकास को भी नई दिशा देता है। बीएमडब्ल्यू वेंचर्स लि. बिहार की एक प्रमुख कंपनी है, जो स्टील उत्पादों, ट्रैक्टर इंजन और उनके स्पेयर पार्ट्स के व्यापार और वितरण में सक्रिय है। यह कंपनी बिहार के 38 में से 29 जिलों में एक बड़े सप्लायर की विशेष वितरक है। कंपनी ने अब निर्माण के क्षेत्र में भी कदम रखा है. यह बीएमडब्लू पॉलीट्यूब ब्रांड के तहत PVC पाइप बनाती है. इसके अलावा, कंपनी जीपी शीट्स की रोल फॉर्मिंग और रेलवे के लिए RDSO-अनुमोदित स्टील गर्डर का निर्माण करती है.

# प्रसाद रत्नेश्वर को मिला बिहार सरकार का सर्वोच्च सम्मान

**प्रदर्श कला के लिए एक लाख रुपये , प्रतीक चिह्न, मोमेंटो, प्रमाण पत्र एवं अंगवस्त्रम से हुए सम्मानित**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा बुधवार को पटना के मौर्या अशोक हॉल में मोतिहारी निवासी प्रसिध्द रंगकर्मी - नाटककार प्रसाद रत्नेश्वर को प्रदर्श कला का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 2024 -25 प्रदान किया गया । बिहार सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर के राज्य एवं राज्य के बाहर के नामचीन कलाकार को दिया जाने वाला यह सर्वोच्च सम्मान प्रसाद रत्नेश्वर को 'प्रदर्श कला के लिए (राष्ट्रीय स्तर ) राष्ट्रीय सम्मान' पुरस्कार दिया गया। बिहार कला पुरस्कार के अन्तर्गत दिया जाने वाला यह सबसे बड़ा सम्मान है। सम्मान के रूप में प्रसाद रत्नेश्वर को एक लाख रुपये के साथ स्मृति चिह्न, मोमेंटो, प्रमाण -पत्र, अंगवस्त्र आदि प्रदान किया गया। इस मौके पर प्रसाद रत्नेश्वर के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किये गये उल्लेखनीय योगदान से सम्बंधित एक परिचयात्मक फिल्म भी दिखायी गयी जिसे विभागीय मीडिया टीम ने तैयार किया है। बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि ने इस समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर उदघाटन किया । कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री मोतीलाल प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह के मंच पर विशिष्ट अतिथि विभाग के सचिव प्रणव कुमार , संयुक्त सचिव सह सांस्कृतिक कार्य निदेशक श्रीमती रूबी समेत अनेक उच्चाधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि दिल्ली में बिहार महोत्सव एवं संयुक्त चम्पारण में चम्पारण महोत्सव के प्रणेता प्रसाद रत्नेश्वर पिछले 41 वर्षों से मोतिहारी,पटना एवं दिल्ली रंगमंच पर सक्रिय है। वे 14 वर्षों तक राज्य सरकार की बिहार संगीत नाटक अकादमी की कार्यसमिति के सदस्य तथा दो वर्षों तक एक कलाविद सदस्य के रूप में इजेडसीसी, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। नाटक के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त प्रसाद रत्नेश्वर का नाटक 'निलही कोठी' विदेसिया लोक नाट्य शैली का नाटक है जिसका राष्ट्रीय स्तर पर मंचन हो चुका है। इसके अलावा इनकी कविता, गजल, शोध प्रबंध, शोध- पत्र संग्रह एवं जीवनी की पाँच पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। थारु जनजाति को विश्व की एक नई सभ्यता के रूप में चीन के विश्व मंच पर प्रस्तुत कर अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुके प्रसाद रत्नेश्वर ने बताया कि इस सम्मान का स्थानीय महत्व यह है कि 150 वर्षों के चम्पारण रंगमंच के इतिहास में कई पीढ़ियों के गुजर जाने के बावजूद यहां के किसी रंगकर्मी को किसी स्तर का कोई राजकीय सम्मान प्राप्त नहीं हुआ था। इस राष्ट्रीय सम्मान के साथ यहां के रंगमंच पर एक नया इतिहास बन गया है। उन्होंने कहा कि मोतिहारी रंगमंच पर अपनी भूमिका कर गुजर चुके हजारों रंगकर्मियों के लिए यह सम्मान तर्पण के समान है। उल्लेखनीय है कि यह प्रतिष्ठित सम्मान शोभना नारायण, पं. बिरजू महाराज, प्रेम कुमार मल्लिक, सतीश आनंद को दिया जा चुका है।

**इस सम्मान से चम्पारण में बन गया एक इतिहास**

CMYK

# विराट युवा कवि सम्मेलन भाग-4 का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। स्थानीय शहर के विराट युवा कवि मंच के तत्वावधान में विराट युवा कवि सम्मेलन भाग–4 का भव्य आयोजन किया गया। इस साहित्यिक समारोह में जहानाबाद सहित बिहार और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए दर्जनों युवा और वरिष्ठ कवियों ने अपनी काव्य रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को पहचान दिलाना है। उनका मानना है कि गांव–कस्बों में अनेक युवा कवि और साहित्यकार हैं, जिन्हें अवसर नहीं मिल पाता। ऐसे आयोजनों से न सिर्फ साहित्य को बढ़ावा मिलता है, बल्कि संस्कृति और समाज को भी नई दिशा देने का मार्ग प्रशस्त होता है। कार्यक्रम





का शुभारंभ पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार, समाजसेवी अशोक कुमार, निरंजन केशव प्रिंस, रितेश कुमार उर्फ चुनू शर्मा तथा वरिष्ठ पत्रकार संतोष श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि "काव्य केवल शब्दों का संग्रह नहीं, बल्कि समाज का दर्पण है। यदि युवाओं को सही मंच और दिशा मिले तो वे साहित्य और समाज दोनों को नई ऊँचाइयों पर पहुँचा सकते हैं। विराट युवा कवि मंच का यह प्रयास सराहनीय है।" इस अवसर पर जदयू नेता निरंजन केशव प्रिंस ने कहा कि "कविता केवल मनोरंजन नहीं बल्कि समाज को दिशा देने का सशक्त साधन है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रितेश कुमार उर्फ चुनू शर्मा ने युवाओं को मोबाइल और इंटरनेट की दुनिया से बाहर निकालकर साहित्य धारा की ओर मोड़ने पर बल दिया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार संतोष श्रीवास्तव ने लेखनी की शक्ति को सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि यह मंच गांव से लेकर शहर तक युवाओं को नई पहचान दे रहा है। सम्मेलन के समापन पर सभी प्रतिभागी कवियों को मेडल, प्रमाणपत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंच के संस्थापक समाजसेवी विक्रम कुमार ने कहा कि "हमारा उद्देश्य केवल कवियों को अवसर देना नहीं, बल्कि युवाओं की रचनात्मकता को पहचान दिलाना है। गांव–गांव और शहर–शहर तक पहुंचकर ऐसी प्रतिभाओं को सामने लाना ही हमारा संकल्प है।" कवि सम्मेलन में प्रस्तुत किए गए काव्य रचनाओं ने श्रोताओं को कभी भावुक किया तो कभी जोश से भर दिया। पूरा वातावरण साहित्य और संस्कृति की सुगंध से सराबोर हो गया।इस मौके पर युवा कवि सुभाष शर्मा, रजनीश कुमार गौतम, नारायण जी, अमन शर्मा, बिट्टू जी, पवन उर्फ लड्डू बाबू, शुभम कुमार, राहुल कुमार समेत कई कवि और साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

# 'स्वच्छता ही सेवा' आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता में अनुग्रह स्कूल की चंचल रहीं प्रथम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में नगर विकास एवं आवास विभाग के द्वारा स्वच्छता ही सेवा विषय पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता एवं "एक पत्र अभिभावक के नाम" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद के चेयरमैन उदय गुप्ता, वार्ड आयुक्त सह अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, सिटी मैनेजर शिल्पी राज एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

नगर परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि बच्चे आरम्भ के वर्गों से ही स्वच्छता के मूल मंत्र को समझ लें। स्वच्छता के प्रति जागरूकता उन्हें स्वस्थ एवं सुरक्षित रखेगी।उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह के विद्यालय के विकास के प्रति उनके समर्पण की प्रशंसा किए। वार्ड आयुक्त अशोक सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के सहज अनुरोध पर आज सभी



नागरिक स्वच्छता के अग्रदूत बन चुके है। स्वच्छता एक जनांदोलन जैसा रूप ले चुका है। सिटी मैनेजर शिल्पी राज ने जानकारी दी कि नगर विकास विभाग समाज के छोटे छोटे स्तर तक पहुंच कर स्वच्छता के लाभों की मुहिम चला रही है एवं प्लास्टिक के प्रयोगों को रोकने का हर प्रयास कर रही है। पेंटिंग के विजेताओं में प्रथम चंचल, द्वितीय गुनगुन एवं तृतीय विराट रहे। कार्यक्रम में नगर विकास से आदित्य कुमार, टाऊन प्लानर निकिता, शिक्षिका मंजु कुमारी, रीता कुमारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# दाउदनगर महाविद्यालय में मना राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। दाउदनगर महाविद्यालय, दाउदनगर (मगध विश्वविद्यालय, बोधगया का अंगीभूत महाविद्यालय) में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराते हुए विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर में एन.एस.एस. ध्वज फहराने और एन.एस.एस. परेड से हुई। इसके बाद स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने परिसर को स्वच्छ बनाने के साथ स्वच्छता का संदेश भी दिया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) एम. एस. इस्लाम ने कहा कि "एन.एस.एस. केवल एक संगठन नहीं बल्कि जीवन जीने की पद्धति है, जो हमें अनुशासन, सेवा और सहयोग की भावना से जोड़ता है।" दर्शनशास्त्र के सहायक प्राध्यापिका डॉ. रोजी कांत ने कहा कि यहां के



स्वयंसेवकों में वो ऊर्जा व प्रतिभा है जिसके बल पर वो अपनी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. देव प्रकाश ने पिछले एक वर्ष की एन.एस.एस. गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें समाजोपयोगी कार्यों, शैक्षणिक योगदान और पर्यावरणीय जागरूकता अभियानों का उल्लेख किया गया। इसके बाद एन.एस.एस. टीम लीडर अमित ने अपने विचार साझा किए और सभी स्वयंसेवकों को नई ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

सभी एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से शपथ ली और समाज सेवा व राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। धन्यवाद ज्ञापन डॉ रवींद्र कुमार ने दिया. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। मौके पर एन.एस.एस. स्वयंसेवक, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नव पदस्थापित सेक्टर पदाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के सफल एवं निर्विघ्न संचालन हेतु बुधवार को जहानाबाद जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के नव पदस्थापित सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग, मास्टर प्रशिक्षक तथा पुलिस पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान वी1 से वी5 प्रपत्रों का विस्तार से व्याख्यान किया गया। प्रशिक्षण में सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उनके कर्तव्य एवं दायित्व, मतदान केन्द्रों की सुव्यवस्थित व्यवस्था, विधि-व्यवस्था बनाए रखने, सामग्री प्रबंधन एवं समयबद्ध रिपोर्टिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि सेक्टर पदाधिकारी चुनाव के दौरान निर्वाचन प्रबंधन की रीढ़ होते हैं और उनकी सक्रिय भूमिका निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में जिला स्वीप आइकॉन अमित कुमार तथा जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी द्वारा सभी उपस्थित सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सभी को यह संकल्प दिलाया गया कि वे स्वयं मतदान करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। साथ ही उनसे यह भी अपील की गई कि वे मतदाताओं को सहयोग करते हुए उन्हें मतदान केन्द्र तक लाने के लिए प्रेरित करें ताकि कोई भी योग्य मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित न रह जाए। यह सुनिश्चित करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हर मतदाता निर्भीक होकर मतदान केन्द्र पर पहुंचे और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी निभाए।

# सेवा पखवाड़ा 2025: उपभोक्ता शिकायत निवारण व जागरुकता शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड, पटना के निर्देश पर "सेवा पखवाड़ा 2025" के अंतर्गत जहानाबाद जिले में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक विभिन्न उपभोक्ता केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवधि में विद्युत उपभोक्ताओं को राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना, उपभोक्ता शिकायतों का निवारण तथा साइबर ठगी से बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाना प्रमुख उद्देश्य है। इसके अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने एवं उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित निवारण के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। वर्तमान समय में उपभोक्ताओं के बीच बिजली से संबंधित साइबर ठगी की घटनाओं को देखते हुए जागरूकता भी इस अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। 25 सितम्बर 2025 को जिले के सभी प्रखंडों में उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें

JAGO GRAHAK JAGO

स्मार्ट मीटर, विद्युत आपूर्ति, बिल सुधार, नए विद्युत संबंध, कृषि विद्युत संबंध, गलत रीडिंग, खराब मीटर आदि से संबंधित शिकायतों का निवारण किया जाएगा। इस दौरान 26–28 सितम्बर 2025 को सभी गांवों, टोले एवं मोहल्लों में चलंत वाहन के माध्यम से मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना, प्रधानमंत्री सूर्य-घर मुफ्त बिजली योजना तथा साइबर ठगी से बचाव संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं 29 सितम्बर – 01 अक्टूबर 2025 को सभी पूजा पंडालों एवं मेला स्थलों पर शिविर लगाए जाएंगे। यहां सेल्फी पॉइंट एवं कैनोपी के माध्यम से निःशुल्क बिजली योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा साइबर ठगी से बचाव हेतु विशेष जागरुकता गतिविधियां आयोजित होंगी। इस प्रकार सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में उपभोक्ता शिकायत निवारण एवं जागरूकता से जुड़ी विस्तृत गतिविधियां संचालित की जाएंगी, जिससे आमजन को सीधे लाभ मिल सके।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे लिखे गये कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेव पोर्टल पर खुली ई–निविदा के रूप में आमंत्रित करती है:– **(1) निविदा सूचना सं०:** टी.सी.–201–2025–एस.पी.जे., **कार्य का नाम:** रक्सौल में बुनियादी फर्नीचर सहित ए एस सी कार्यालय, आईपीएफ/सीआईबी कार्यालय, एवं एसआईबी कार्यालय का निर्माण। **निविदा लागत (रूपये मे):** 36898298.49, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 334500.00, **कार्य की समाप्ति अवधिः** 06 माह **(2) निविदा सूचना सं०:** टी.सी. –202– 2025–एस.पी.जे., **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/तृतीय/समस्तीपुर के अधिकार क्षेत्र में स्वीच एवं सीएमएस कॉसिंग बॉडी का रीकंडिशनिंग। **निविदा लागत (रूपये मे):** 17478726.21, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 237400.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 12 माह **(3) निविदा सूचना सं०:** टी.सी.–203–2025–एस.पी.जे., **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/तृतीय/समस्तीपुर के अधिकार क्षेत्र में फ्लैश बट वेल्डिंग। **निविदा लागत (रूपये मे):** 25412142.40, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 277100.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 12 माह **(4) निविदा सूचना सं०:** टी.सी.–204– 2025–एस.पी.जे., **कार्य का नाम:** समस्तीपुर मंडल में रेलवे विनिर्देश IS/RDSO-GE/0001:2023 के अनुसार बाकुडीह/पाकुड़ से 50 मी.मी. आकार की 1,00,000 घनमीटर मशीन क्रश्ड स्टोन ब्लास्ट की आपूर्ति एवं किसी भी प्रकार के वैगन में लदाई का कार्य। (वर्ष–2025–26 के लिए)। **निविदा लागत (रूपये मे):** 198074000.00, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 1140400.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 12 माह **(5) निविदा सूचना सं०:** टी.सी.–205– 2025–एस.पी.जे., **कार्य का नाम:** समस्तीपुर मंडल में विभिन्न लेवल कौसिंग पर 2020 मीटर रबड़युक्त सड़क सतह पैड का प्रावधान। **निविदा लागत (रूपये मे):** 343729653.95, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 1868700.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 18 माह। **(1) आई.आर.ई.पी.एस. वेव पोर्टल पर ई–निविदा के रूप में निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय :–** 15/10/2025 को 12.00 बजे तक। **(2) ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय:–** 15/10/2025 को 12.00 बजे के बाद। **(3) वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:–** वेबसाईट: **www.ireps.gov.in**. उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचनां समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाईटः पर अपलोड कर दिया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय**
**पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर**

पीआर/1014/एसपीजे/ईएनजीजी/टी/25–26/68

# सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में नौ नए व्यावसायिक कोर्सों की स्वीकृति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय ने बुधवार को अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों में नया अध्याय जोड़ा। विश्वविद्यालय ने एक साथ नौ नए व्यावसायिक कोर्सों की पढ़ाई की स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब महाविद्यालय में एमएलआईएस, एमएसीआइटी, एमएससी बायोटेक, पीजी डिग्री इन मास कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी एनवायरमेंटल साइंस, एम इन वूमेन स्टडी और पीजी डिप्लोमा इन योगा शुरू होंगे। प्रत्येक विषय में 60-60 सीटें उपलब्ध होंगी, जिनमें छात्र-छात्राएं आगामी सत्र 2025-26 से नामांकन ले सकेंगे। नए कोर्सों



की स्वीकृति के साथ ही महाविद्यालय में पहले से चल रहे बीएलआइएस, बीएससी बायोटेक, बीएससी आईटी और बीएपीएसएम की सीट संख्या 60 से बढ़ाकर 120 कर दी गई है। इस तरह महाविद्यालय में अब कुल 20 व्यावसायिक कोर्स संचालित होंगे। जिले में यह पहला संस्थान है जहां इतने बड़े पैमाने पर व्यावसायिक शिक्षा की सुविधा उपलब्ध होगी। प्राचार्य कक्ष में आयोजित बैठक में प्राचार्य ने कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए ऐतिहासिक है और संस्थान के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी शिक्षकों और विभागाध्यक्षों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इन कोर्सों के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा का अवसर मिलेगा और उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक में व्यावसायिक कोर्सों के समन्वयक नागेंद्र कुमार सिंह ने प्राचार्य सुधीर कुमार मिश्रा को अंगवस्त्र और बुके देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह महाविद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है और प्राचार्य के अथक प्रयास का ही परिणाम है कि एक साथ इतने नए कोर्सों की मंजूरी मिली। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष और शिक्षक मौजूद रहे। शिक्षकों ने कहा कि इन नए कोर्सों की शुरुआत से विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक और व्यावसायिक संभावनाओं का नया द्वार खुलेगा तथा महाविद्यालय की पहचान औरंगाबाद ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में नई ऊंचाई प्राप्त करेगी।

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों में जुटा प्राधिकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। दिसंबर माह में होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला जज राज कुमार ने न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक की और तैयारियों पर चर्चा की। बैठक में लोक अदालत की सफलता को लेकर जिला अभियोजन पदाधिकारी एवं सभी सहायक अभियोजन पदाधिकारी तथा अनुमंडलीय अभियोजन पदाधिकारियों को कई निर्देश दिया। इस बैठक में जिला अभियोजन पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा, सहायक अभियोजन पदाधिकारी संजय कुमार सिंह, विनय कुमार, विकास कुमार, अनुमंडलीय सहायक अभियोजन पदाधिकारी तथा सोनम कुमारी, सुजीत सिंह, संतोष कुमार, राज किशोर सिंह, ज्योत्सना यामिनी, स्वाती कुमारी, प्रज्ञा प्रिया, निधि अवस्थी, आशा कुमारी, अमला सिंह, रंजन पासवान रणवीर सुबोध प्रशान्त सहित सभी सहायक अभियोजन पदाधिकारी इस बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल उपस्थित रहे। जिला जज ने बैठक के दौरान उपस्थित सभी अभियोजन पदाधिकारियों से आगामी होने वाले लोक अदालत में निस्तारण योग्य वादों को अपने स्तर से चिह्नित करते हुए अपने स्तर से कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया एवं कहा गया कि जिन सुलहनीय वादों में न्यायालय द्वारा संज्ञान लिया गया है परंतु पुलिस द्वारा आरोप-पत्र दाखिल नहीं किया गया है अपने-अपने न्यायालय में वैसे वादों जिनमें पक्षकारो के बीच सुलहनामा लग गया हो एवं वाद सुलहनीय के श्रेणी में है, और आरोप पत्र समर्पित नहीं हुआ है, को चिह्नित करते हुए आरोप-पत्र समर्पित करने हेतु अपने स्तर से संबंधित अनुसंधानकर्ता अथवा थानाध्यक्ष को निदेशित करना सुनिश्चित करायें, जिससे कि वैसे चिह्नित वादों को आगामी लोक अदालत में निस्तारण की कार्रवाई संभव हो सके।

# बेस्ट चॉइस सैलून एंड स्पा का शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। शहर के एमजी रोड स्थित एक्सिस बैंक के समीप बुधवार को बेस्ट चॉइस सैलून एंड स्पा का भव्य उद्घाटन किया गया। सैलून के प्रोपराइटर विश्वजीत कुमार उर्फ़ विशु और राहुल कुमार उर्फ़ राजा ने बताया कि आधुनिक जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए यहां ग्राहकों के लिए अलग-अलग डिजाइन और नवीनतम तकनीक के साथ सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि सैलून एंड स्पा में विशेषज्ञ टीम द्वारा हेयर कटिंग, स्टाइलिंग, स्किन केयर तथा रिलैक्सेशन से जुड़ी सभी सुविधाएं दी जाएंगी, ताकि लोग एक ही स्थान पर ब्यूटी और वेलनेस की पूरी सेवाओं का लाभ उठा सकें।

# एस. एस. कॉलेज में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। एस. एस. कॉलेज, जहानाबाद में महाविद्यालय के ईको क्लब एवं आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत विशेष पौधारोपण कार्यक्रम चलाया गया। पर्यावरणीय महत्व के इस अभियान में स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं ने कुमारी निधि मिश्र के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय के वित्तेक्षक डॉ० विनोद कुमार राय ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जहां विद्यार्थियों के बीच हरित चेतना का निर्माण और विकास करना है, वहीं ज़मीनी स्तर पर पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देकर विभिन्न प्रकार के प्रदुषण से मुक्ति में सहभागी भी बनना है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपनी मां के प्रति श्रद्धा व सम्मान स्वरूप एक पेड़ लगाने की भावनात्मक अपील की। वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत औषधीय गुणों से भरपूर तेजपत्ता, ऐलोवेरा, हरसिंगार, चंपा आदि का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर स्नातकोत्तर जन्तु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष सह ईको क्लब के अध्यक्ष प्रो० प्रवीण दीपक ने कहा कि प्रधानमंत्री के पहल पर चलाया जा रहा यह महाअभियान काफी जोर पकड़ चुका है। उन्होंने आगे कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए समर्पित यह अभियान ग्लोबल वार्मिंग, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदुषण नियंत्रण में कारगर साबित होगा।

## कैंप लगाकर विद्युत उपभोक्ता को दी जाएंगी जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। विद्युत उपकेंद्र हरदत्ता में गुरुवार यानी आज कैंप लगाकर मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना की जानकारी दी जाएगी और बिजली संबंधित समस्याओं का निष्पादन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए विद्युत विभाग के कनीय अभियंता प्रिय कंचन निराला ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को हर महीने 125 यूनिट बिजली निःशुल्क दी जा रही है। जिसे लेकर उपभोक्ताओं को फर्जी मैसेज और लिंक से सावधान रहने की जरूरत है।

# ओवरब्रिज के समीप लगते जाम से कराह रहे नागरिक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। शहर की यातायात स्थिति भयावह हो गई है। जाम नाम का कोढ़ अब भय का रूप ले चुका है। यू कहें तो न कोई देखने वाला है और न सुनने वाला नहीं है। इस मर्ज का इलाज आखिर कब होगा यह बताने वाला कोई नहीं है। पहले औरंगाबाद के लोग पुराने जीटी रोड के जाम से त्रस्त थे। समाधान के लिए गुहार लगाते थे। अब महाराजगंज रोड की वही हालत हो ऐसे में किस किस सड़क के जाम से समाधान की गुहार लोग लगाए। हर दिन के जाम के समाधान के लिए न यहां के जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं और न ही जिला प्रशासन के अधिकारी दे रहे हैं। पूरे शहर की स्थिति भयावह हो गई है। कब कौन जाम में फंस कर कराह उठे क हना मुश्किल है। ओवरब्रिज से रमेश चौक और फिर रमेश चौक से धरनीधर मोड़ तक यानी लगभग तीन किलोमीटर की सड़क पूरी तरह जाम के हवाले है। शाम के वक्त तो व्यस्त सड़कों पर वाहन के पहिये सिसकते और रेंगते हुए नजर आते हैं।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएक्स_एमईएमयू–25–26, दिनांक 22.09.2025,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा, कैरिज कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पीओः काँचरापाड़ा, पिन–743145 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** 01 (एक) वर्ष की अवधि के लिए खुली निविदा के आधार पर कार्य अनुबंध के माध्यम से बाहरी एजेंसी द्वारा काँचरापाड़ा वर्कशॉप में निष्पादन किए जाने हेतु विशिष्ट कलर स्कीम के अनुसार 48 एमईएमयू रेक की एक्सीटीरियर पीयू पेंटिंग एवं स्क्रीन प्रिंटिंग का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.1,47,10,295.04 (जीएसटी सहित)। **निविदा कागजात का मूल्य (टीडीसी):** शून्य। **वेबसाइट जहाँ निविदा कागजात उपलब्ध होगा :** निविदा कागजात का संपूर्ण सेट भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 22.09.2025 से 14.10.2025 को 14.00 बजे तक उपलब्ध होगा। **बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** रु.2,23,600/–, **कार्य की समापन अवधि:** 01 (एक) वर्ष। **विज्ञापन अवधि:** दिनांक 22.09.2025 से 14.10.2025 को 14.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधि:** 15 (पंद्रह) दिन पूर्व से 14.10.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 14.10.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा की वैधता:** 66 (छियासठ) दिन। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** निविदा दिनांक 14.10.2025 को 15.00 बजे और उसके बाद खोली जाएगी।

MISC-218/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपध्याय मंडल द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल से आरंभिक निम्नवत कोचिंग ट्रेन के एस.एल.आर. कोच में पार्सल स्थान को पट्टे पर देने के लिए ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैः– **(1) (AA/1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधिः** गाडी संख्या 13024 (गया से हबडा) गया–हबडा एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4 टी) का आवंटन। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** SLR-LEASE-25-03, **ई–नीलामी लॉट संख्याः** 13024-SLR-F1-GAYA-HWH-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 04.10.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी। **(AA/2) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधिः** गाड़ी संख्या 12397 (गया से नई दिल्ली) गया– नई दिल्ली के FSLR के पार्सल स्थान (4 टी) का आवंटन। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** SLR-LEASE-25-03, **ई–नीलामी लॉट संख्याः** 12397-SLR-F1-GAYA-NDLS-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 04.10.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी। **(AA/3) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधिः** गाड़ी संख्या 22409 (गया से आनंद विहार टर्मिनस) गया– ANVT गरीबरथ एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (3.9 टी) का आवंटन। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** SLR-LEASE-25-03, **ई–नीलामी लॉट संख्याः** 22409-SLR-F1-GAYA-ANVT-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 04.10.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:50 बजे बंद होगी। **(AA/4) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधिः** गाडी संख्या 12389 (गया से चेन्नई) गया–चेन्नई एग्मोर एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4 टी) का आवंटन। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** SLR-LEASE-25-03, **ई–नीलामी लॉट संख्याः** 12389-SLR-F1-GAYA-MAS-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 04.10.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 13:00 बजे बंद होगी। **(2) वेबसाइट का पता जहाँ ई– नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है:** **www.ireps.gov.in** (E-auction Leasing) मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1013/डीडीयू/सीओएमएमएल/ईएएन/25–26/56

# जहानाबाद में माले कार्यकर्ताओं ने नीतीश-मोदी का किया पुतला दहन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। अडानी समूह को मात्र 1 रुपये प्रति एकड़ सालाना किराये पर सरकारी जमीन दिए जाने के खिलाफ भाकपा (माले) ने जहानाबाद में जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित कार्यकर्ता शहर के अंबेडकर चौक पर एकत्रित हुए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन कर सरकार की कॉरपोरेट परस्त नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि डबल इंजन की सरकार गरीबों और भूमिहीनों को घर बनाने के लिए जमीन तक उपलब्ध नहीं कराती, लेकिन अडानी समूह को 1050 एकड़ सरकारी जमीन 33 साल के लिए मात्र 1 रुपये प्रति एकड़ सालाना किराये पर दे रही है। माले नेताओं ने इस फैसले को



गरीब और किसानों के साथ धोखा बताया। उनका कहना था कि सरकार की प्राथमिकता जनता नहीं, बल्कि कॉरपोरेट घरानों की तिजोरी भरना है। बिजली खरीद समझौते पर भी सवाल सभा की अध्यक्षता माले नेता जगदीश प्रसाद ने की। उन्होंने कहा कि सरकार ने जमीन देने के साथ-साथ अडानी समूह से 6 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदने का भी करार किया है। उनके अनुसार यह समझौता आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डालेगा और गरीब परिवारों के बजट को और बिगाड़ देगा। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि "यह सौदा पूरी तरह से जनता विरोधी और पूंजीपतियों के हित में किया गया है।"माले नेता रामानंद सागर सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि सरकार तुरंत अडानी को दी गई जमीन की लीज रद्द करे और उसे गरीबों, भूमिहीनों एवं किसानों की जरूरतों के लिए उपलब्ध कराए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जमीन अधिग्रहण और लीजिंग की आड़ में किसानों की आजीविका छीन रही है और उन्हें कॉरपोरेट कंपनियों का गुलाम बना रही है।

## कुआं में गिरकर महिला की मौत

**बिहारशरीफ**। कल्याण बिगहा थाना क्षेत्र के डिहरा गांव में मंगलवार की रात्रि में कुआं में गिरने एक वृद्ध महिला की मौत हो गयी। मृतका स्व. समुद्र पासवान के पत्नी कौशल्या देवी (65) थी। परिजनों ने बताया कि सुबह पता चला कि कुआं मे बुजुर्ग महिला की शव है। थानाध्यक्ष राज किशोर चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

# स्वच्छता को लेकर चलाया गया स्वच्छता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत मखदुमपुर स्वच्छता अभियान की टीम एवं भूगर्भ सर्वेक्षण विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रूप से वाणावर पर्यटन स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसके तहत बुधवार के दिन वाणावर पर्यटन स्थल का सफाई किया गया। उन्होंने बताया कि पूरे परिसर में झाड़ू दी गई, एवं जहां गंदगी फैली थी सभी को इकट्ठा कर गाड़ी में भरकर डंप करवाया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत आम लोगों को अपने घर एवं आसपास के जगह पर साफ सफाई रखने की अपील की गई एवं प्रतिबंध प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग न करने का अपील किया गया। मौके पर भूगर्भ सर्वेक्षण विभाग की टीम के प्रियदर्शी साहू ,डॉ मंसूर अहमद ,कुमार रॉबिन्स पर्यटक गाइड राकेश प्रसाद एवं स्वच्छता अभियान की टीम के सदस्य मौजूद रहे।

# विधानसभा चुनाव : मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र में 17 कोषांग गठित

## कोषांगों के कार्यों की हुई समीक्षा, दिए गए निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को स्वच्छ, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीएम अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। एसडीएम के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव को लेकर 17 कोषांगों का गठन किया गया है। एसडीएम ने आदर्श आचार संहिता कोषांग, कार्मिक कोषांग, नामांकन कोषांग, नामांकन हेल्प डेस्क, ईवीएम-वीवीपैट कोषांग, पोस्टल बैलेट कोषांग, विधि व्यवस्था कोषांग, सीएपीएफ कोषांग, स्वीप कोषांग, के नोडल व वरीय पदाधिकारी के साथ बैठक की गई। बैठक में एसडीएम ने चुनाव तैयारियों के मद्देनज़र संबंधित कोषांग के नोडल पदाधिकारियों के कार्यों की प्रगति से अवगत हुए तथा उन्होंने सभी पदाधिकारियों से इलेक्शन मोड में रहने की बात कहीं और टीम वर्क पर जोर देने का निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि संबंधित कोषांग अपने-अपने स्तर पर निर्वाचन संबंधित कार्यों के लिए स्पष्ट व व्यवस्थित कार्ययोजना तैयार कर लें तथा संबंधित प्राधिकारियों व अधीनस्थ कर्मियों को समयबद्ध लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के लिए सक्रिय करें। कहा कि बिना टीम वर्क के चुनाव का सफल संचालन संभव नहीं है ऐसे में आवश्यकता है कि सभी लोग एक साथ एकजुट होकर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जिस व्यक्ति का जो दायित्व है उसका निष्पादन नोडल पदाधिकारी अपने देख- रेख में ससमय पूरा कराना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में एसडीएम ने चुनाव कार्यों में विधि- व्यवस्था संधारण के लिये आने वाले पारामिलिट्री फोर्स के रहने के लिये भवन चिन्हित कर सभी मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, शौचालय, साफ-सफाई आदि की उच्च स्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित नोडल पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही एसडीएम ने सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधा को उपलब्ध कराने हेतु संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर एक सप्ताह के अंदर कार्य समाप्त करने का सख्त निर्देश दिया है। मौके पर अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सोनाली, मसौढ़ी बीडीओ प्रभाकर कुमार, मसौढ़ी धनरूआ अंचलाधिकारी, नगर कार्यपालक पदाधिकारी नविन कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, आपूर्ति पदाधिकारी विरेंद्र भारती, राजेंद्र ठाकुर, धर्मवीर कुमार, समेत सभी कोषागों के नोडल पदाधिकारी शामिल रहे।

## कर्मियों ने की कलमबंद हड़ताल

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ के कर्मियों ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के असंवैधानिक एकतरफा एवं अन्यायपूर्ण निर्णयों के खिलाफ एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल किया गया। केन्द्र पर सभी वैज्ञानिक एवं कर्मियों ने इस प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। केन्द्र के कर्मी इस हड़ताल के माध्यम से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली एवं बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के वरीय पदाधिकारियों को पूरे भारत में एक के.वी.के एक विधान एवं आई.सी.ए.आर. एवं गैर आई.सी.ए.आर. कृषि विज्ञान केन्द्रों में वेतन एवं अन्य भत्तों में एकरूपता लाने जैसे चिकित्सा भत्ता, एन.पी.एस अंशदान, ग्रेच्यूटी, लीव इनकैसमेंट, प्रमोशन आदि की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। आज के इस हड़ताल का आयोजन राष्ट्रीय फोरम ऑफ के.वी.के. एवं ए.आई.सी.आर.पी. आह्वाहन पर किया गया।

## माले की बैठक में कई मुद्दे पर की गई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** भाकपा माले पटना ग्रामीण जिला कमेटी की दो दिवसीय बैठक 24-25 सितंबर को पुनपुन प्रखंड के नीमा गांव में शुरू हुई। जन-जन की है एक पुकार बदलो सरकार बदलो बिहार वोट चोर गद्दी छोड़ नारे के साथ पुनपुन के नेवां में प्रखंड व जिला सम्मेलन की रिपोर्ट व समीक्षा विशेष ग्रहण पुनरिक्षण अभियान की रिपोर्ट व समीक्षा एवं सांगठनिक फैसले के आलोक में स्थाई समिति का पुनर्गठन, सांगठनिक सेल जन संगठन की जिम्मेदारी और उसकी रिपोर्ट, विधानसभा चुनाव की समग्र तैयारी पर विचार विमर्श व जिले के महत्वपूर्ण घटनाओं पर विचार विमर्श सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में जिला कमेटी के 51 सदस्य पूरे पटना ग्रामीण के विभिन्न प्रखंडों से शामिल हुए। बैठक को भाकपा माले के पोलित ब्युरो सदस्य सह पटना जिला सचिव कामरेड अमर केंद्रीय कमेटी के सदस्य व फुलवारीशरीफ़ विधायक गोपाल रविदास केंद्रीय कमेटी सदस्य पालीगंज के विधायक संदीप सौरभ सहित जिले के 51 सदस्य बैठक में शामिल होकर चर्चा की। वैठक मे कमलेश कुमार, सतनारायण प्रसाद, जयप्रकाश पासवान, अनवर हुसैन, सुरेंद्र पासवान, आशा देवी, माधुरी गुप्ता, अमर सेन दास मोहन राकेश, नागेश्वर पासवान, बिनेश चौधरी, उमेश मांझी, मंगल यादव कृपा नारायण सिंह अरविंद पासवान अकलू पासवान प्रमोद यादव श्री भगवान पासवान निरंजन वर्मा वीरेंद्र प्रसाद रिंकू देवी सोना देवी नागो देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में 26 सितंबर को पटना के सदाकत आश्रम में आयोजित महिला जन संवाद में ऐपवा स्कीम वर्कर माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के कर्ज तबाह महिलाएं सहित अन्य तब कागत संगठनों से हजारों महिलाएं शामिल होगें।

## मसौढ़ी जेल के कक्षपाल पर जानलेवा हमला

### अज्ञात पर एफआईआर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी जेल के कक्षपाल के साथ मारपीट कर जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। दरअसल बताया जाता है कि बुधवार की दोपहर तकरीबन 1:30 बजे के आसपास मसौढ़ी जेल के कक्षपाल रामनाथ शाह है जो जेल में मुलाकाती ड्यूटी मे रहते है। ड्यूटी करने के उपरांत पूजा की सामग्री लाने के लिए मसौढ़ी जेल से बाजार की ओर जा रहे थे, उसी दरमियान ब्लॉक के आसपास पहले से ही घात लगाये अज्ञात युवक कक्षपाल के साथ मारपीट करने लगे। उस दौरान सिपाही का सिर फट गया। उसे तीन टांके लगे हैं। दरअसल यह पूरा मामला जेल में बंद एक बंदी से मुलाकाती को लेकर बताया जा रहा है। घटना के संदर्भ में कई लोगों ने बताया की जेल में बंद कुछ बंद साथियों से मिलने उनको सुविधा पहुंचाने की बात में कुछ अनबन हुई थी, इसी बात से नाराजगी को लेकर घात लगाए कुछ युवकों ने जेल के सिपाही पर जानलेवा हमला किया है और जान से मारने की धमकी दी है। मसौढ़ी जेलर गौतम कुमार ने बताया कि यह घटना निंदनीय है, जेल के सभी कार्यरत सिपाही अपने नियम कानून से बंधे हैं और उसी अनुरूप काम कर रहे हैं। कुछ बंदी अपने मन मुताबिक सुविधा चाहते हैं और उनके मुलाकात करने आए भी लोग स्वार्थ सिद्ध करना चाहते हैं जो गैर कानूनी काम पर रोक लगाया गया है इससे जानलेवा में हमला किया है इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद पुलिस घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है और पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

## पांच सूत्री मांगों को लेकर मसौढ़ी विकास परिषद ने किया शहर में मार्च

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढी अनुमंडल में मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर बुधवार को मसौढ़ी विकास परिषद के बैनर तले कर्पूरी चौक से अनुमंडल कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए अपनी पांच सूत्री मांग रखा है, मसौढी विकास परिषद के अध्यक्ष लाल प्रसाद ने कहा कि मसौढ़ी अनुमंडल के अधीन विभिन्न पंचायत के अंतर्गत आम जनता, किसानों एवं नगर परिषद के विकास हेतु मसौढी विकास परिषद की ओर से जनहित के सवाल पर पांच सूत्री मांग पत्र एसडीएम को ज्ञापन सौंप हैं, जिसमें किसानों के विकास के लिए सिंचाई हेतु मोतेपुर बांध एवं पेटीगांव से नहर निकालकर मसौढी धनरूआ एवं पुनपुन के विभिन्न गांव में सिंचाई की व्यवस्था, नगर परिषद मसौढ़ी को स्थाई जाम से मुक्ति, लाला बीघा से पुरनचक भाया धनौती एवं पुरनचक से सरवां रेलवे गुमटी भाया सोनकुकरा बाईपास सड़क निर्माण, नगर परिषद के अंतर्गत फुटपाथी दुकानदारों को वैकल्पिक व्यवस्था, डाक बंगला में खाली पड़े जगह पर बाजार स्थापित करना, महान विभूतियां जैसे गणितज्ञ एवं खगोल शास्त्री आर्यभट्ट के सम्मान में प्रतिमा स्थापित करने एवं बढ़ाते हुए महंगाई को देखते हुए वृद्ध जनों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत 1100 से बढ़कर 2500 पेंशन की राशि स्वीकृत करने की मांग की गई है। मौके पर सुदर्शन शर्मा, संजय शर्मा, राजदेव प्रसाद, सत्येंद्र, मनोज कुमार, श्याम दयाल, ओम प्रकाश, कुंदन शर्मा, बिजेंद्र पासवान समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## मॉर्निंग वॉक के लिए निकले बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौके पर मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना सिटी।** पटना सिटी के कंगन घाट पर बुधवार की सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने कुचल डाला। इस घटना में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। इस बीच अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग दुर्घटना स्थल पर इकठ्ठा हो गए। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पटना सिटी के चौक थाने को दी। सूचना पाकर चौक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मृत व्यक्ति की पहचान हाजीगंज के निवासी बैजू प्रसाद 70 वर्ष के रूप में हुई है। मृतक दवा दुकानदार थे। घटनास्थल पर मौजूद पिंटू कुमार ने बताया कि बैजू प्रसाद प्रतिदिन सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकलते थे। बुधवार को भी सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए पटना सिटी के कंगन घाट गये थे। इस बीच तेज रफ्तार से आ रही एक हाईवा गाड़ी बैजू प्रसाद को पीछे से कुचल दिया।

## विधायक गोपाल रविदास ने सात विकास योजनाओं का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत पुनपुन प्रखंड में बुधवार को विधायक गोपाल रविदास ने कुल सात विकास योजनाओं का उद्घाटन किया। इन योजनाओं के अंतर्गत सड़क, नाला और सामुदायिक भवन से संबंधित निर्माण कार्य पूर्ण किए गए हैं, जिनकी कुल लागत 1 करोड़ 86 लाख रही। उद्घाटन किये गये योजनाओं में ग्राम पंचायत बेहरावां में पी.सी.सी. नाला निर्माण कार्य है।वर्षों की मांग के बाद नाला निर्माण कार्य पूरा हुआ, जिससे स्थानीय जनता में उत्साह देखा गया। वहीं पंचायत बेहरावां ग्राम नेवां में पी.सी.सी. सड़क निर्माण, ग्राम पारथू में पी.सी.सी. सड़क निर्माण कार्य, लखनापूर्वी में बेलदारीचक नाला एवं पी.सी.सी. सड़क निर्माण कार्य, सोनाचक में विभिन्न गलियों में ईंट सोलिंग कार्य, नीमा सामुदायिक भवन का निर्माण एवं पी.सी.सी. सड़क निर्माण कार्य, सपहुँआ) पी.सी.सी. सड़क निर्माण कार्यद्य आदी है। विधायक गोपाल रविदास ने कहा कि विकास कार्यों को हर पंचायत और गाँव तक पहुँचाना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## एकजुट होकर भाजपा को करें मजबूत : मंत्री

### कार्यकर्ता सम्मेलन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फतुहा।** फतुहा विधानसभा क्षेत्र के फतुहा सोनारू मोर के पास वृंदावन गार्डन में बीजेपी का कार्यकर्ता सम्मेलन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। इस बैठक का मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार मंटु मंत्री पहुंचे जिन्होंने अपनी बातें रखते हुए बताया कि संगठन को मजबूत करें। सभी लोग एकजुट होकर बीजेपी को वोट देकर बीजेपी पार्टी के हाथों को मजबूत करें। वहीं ई0 सतेंद्र कुमार सिंह ने बीजेपी के पार्टी प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा गरीब गुरूवे तक जो योजनाएं दी गई है। उसके बारें में जानकारी दी। जीविका दीदी को योजना से मिलने वाले लाभ से लेकर जन-धन, जल- नल योजना, आवास योजना, शौचालय योजना, शिक्षा, स्वास्थ्य के विकास के बारे में विशेष रूप से चर्चा की। इस बैठक में मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार मंटू, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री, बिहार सरकारक्ष विशिष्ट अतिथि, सलीम परवेज, पूर्व उप सभापति, बिहार विधान परिषद्, सम्मानित अतिथि पूर्व विधायक, कृष्णनंदन यादव, लोजपा (आर) पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता, राजेश भट्ट, हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मेरे पूर्व परिचित, मोहम्मद कमाल परवेज, राष्ट्रीय लोक मोर्चा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु पटेल, इस अवसर पर फतुहा नगर परिषद अध्यक्ष रूपा कुमारी, बीजेपी नेता टुनटुन यादव, गोपाल शंकर, जितेंद्र यादव, राजाराम कुमार, मनीषा कुमारी, अनामिका अग्रवाल, रंजीत यादव, मुन्ना सिंह, फतुहा नगर परिषद के सभी वार्ड पार्षदगण इस प्रकार सैकड़ों कार्यकर्तागण शामिल हुए।

## एम्स पटना में महिला स्वास्थ्य पर पोषण संबंधी चुनौतियों को लेकर कार्यक्रम आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** राष्ट्रीय पोषण माह के उपलक्ष्य में एम्स पटना के डायटेटिक्स विभाग की ओर से महिला स्वास्थ्य में पोषण संबंधी चुनौतियों पर कंटिन्यूइंग न्यूट्रिशन एजुकेशन (सीएनई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विशेषज्ञ और विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम में मेडिकल सुपरिंटेंडेंट प्रो। अनुप कुमार, बाल रोग विभागाध्यक्ष प्रो। चंद्र मोहन कुमार, डाइटीशियन व डीएमएस (डाइट एवं किचन सर्विसेज) डॉ संगम झा, सामुदायिक एवं परिवार चिकित्सा विभाग के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ। महेंद्र एम और स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. पम्मी प्रविना मौजूद रहे। इस अवसर पर विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञ वक्ताओं ने महिला स्वास्थ्य में पोषण से जुड़ी चुनौतियों और उनके समाधान पर अपने विचार साझा किए। चर्चा के प्रमुख विषयों में मोटापा और उसकी जटिलताओं का पोषण प्रबंधन, मातृ स्वास्थ्य और सुरक्षित गर्भावस्था, तथा महिला स्वास्थ्य में पोषण संबंधी चुनौतियां और उनकी रोकथाम शामिल रहे। सीएनई के दौरान राष्ट्रीय पोषण माह में किए गए विभिन्न गतिविधियों को भी प्रस्तुत किया गया। इसमें पौधारोपण अभियान, चीनी और तेल के उपभोग पर जागरूकता बोर्ड लगाना, आईपीडी और ओपीडी में जागरूकता सत्र आयोजित करना और आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण जैसी गतिविधियां शामिल थीं।

## एम्स पटना में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** एम्स पटना के सभागार में बुधवार को 14वें बैच एमबीबीएस, 13वें बैच बीएससी (ऑनर्स) नर्सिंग और 2वें बैच एलाइड एंड हेल्थकेयर कोर्स के विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत रजिस्ट्रार (अकादमिक) प्रो. ज्योति प्रकाश के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का स्वागत करते हुए ओरिएंटेशन कार्यक्रम की महत्ता पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो। सौरभ वर्ष्णेय ने की। उन्होंने कहा कि एम्स पटना देश के सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा संस्थानों में से एक है। विद्यार्थियों को यहां उपलब्ध संसाधनों और सुविधाओं का बेहतर उपयोग कर उज्ज्वल भविष्य गढ़ने की प्रेरणा दी। डीन (अकादमिक एवं रिसर्च) प्रो. संजय पांडे ने डॉक्टर, नर्स और हेल्थकेयर वर्कर्स की समाज और राष्ट्र के प्रति अहम भूमिका पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को समाजहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। डीन (स्टूडेंट अफ़ेयर्स) प्रो. पूनम प्रसाद भदानी ने संस्थान के नियम-कानून पर जोर दिया और विद्यार्थियों को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। वहीं डीन (परीक्षा) व मेडिकल सुपरिंटेंडेंट प्रो. अनुप कुमार और एसोसिएट डीन (स्टूडेंट अफ़ेयर्स) डॉ। अमित पाटिल ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर विभिन्न विभागों के हेड ऑफ डिपार्टमेंट, फैकल्टी सदस्य, नर्सिंग कॉलेज के ट्यूटर, सब-डीन और एसोसिएट डीन, बॉयज व गर्ल्स हॉस्टल के चीफ प्रोवोस्ट, अधिकारी और बड़ी संख्या में स्टाफ मौजूद रहे। करीब 250 विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन नर्सिंग कॉलेज के प्रभारी प्रिंसिपल डॉ। हंसमुख जैन के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### नाले का बह रहा पानी

**दानापुर।** छावनी परिषद प्रशासन के लापरवाही के कारण नवरात्र में बिना बारिश के ही लाल कोठी स्कूल रोड में नाले के गंदे पानी बह रहे है। जिससे स्कूली बच्चों, श्रद्धालुओं व आम लोगों नाले के गंदे पानी में घुसकर आवागमन करने को विवश है।

## पेज 1 का शेष

### रेल कर्मचारियों को....

लगभग 7।3 बिलियन यात्रियों को ढोया। श्री वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने नेशनल शिप बिल्डिंग मिशन को भी मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को भारत के जहाज निर्माण और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए 69,725 करोड़ रुपये के व्यापक पैकेज को भी मंजूरी दी। यह मिशन घरेलू क्षमता को मजबूत करने, दीर्घकालिक वित्तपोषण में सुधार करने, ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड शिपयार्ड विकास को बढ़ावा देने, तकनीकी क्षमताओं और कौशल को बढ़ाने तथा मजबूत समुद्री बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए कानूनी, कराधान और नीतिगत सुधारों को लागू करने के लिए बनाया गया है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए यह बात कही। इस पैकेज के तहत जहाज निर्माण वित्तीय सहायता योजना (एसबीएफएएस) को 24,736 करोड़ रुपये की कुल राशि के साथ 31 मार्च 2036 तक बढ़ाया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य भारत में जहाज निर्माण को प्रोत्साहित करना है और इसमें 4,001 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ एक शिपब्रेकिंग क्रेडिट नोट भी शामिल है। सभी पहलों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक राष्ट्रीय जहाज निर्माण मिशन भी स्थापित किया जाएगा। इसके अलावे इस क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण उपलब्ध कराने हेतु 25,000 करोड़ रुपये की राशि के साथ समुद्री विकास कोष (एमडीएफ) को मंजूरी दी गई है। जहाज निर्माण विकास योजना का बजटीय परिव्यय 19,989 करोड़ रुपये है।

### नोटबंदी और गलत जीएसटी ...

मोदी सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह नाकाम रही है। दो करोड़ नौकरियों का वादा अधूरा है जबकि बिहार में बेरोजगारी दर 15% से ऊपर पहुंच चुकी है। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा भी अधूरा रहा। 2020-21 के कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन में 750 से अधिक किसानों की जान गई। श्री खरगे ने आरोप लगाया कि बिहार की तर्ज पर पूरे देश में लाखों वोटरों के नाम काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वोट चोरी का मतलब है गरीब, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और वंचित तबकों के अधिकारों की चोरी। इसे उन्होंने लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया। चुनाव आयोग को भी कांग्रेस ने निशाने पर लिया। श्री खड़गे ने कहा कि लोकतंत्र की नींव निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों पर टिकी है लेकिन अब चुनाव आयोग की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से जुड़े हाल के विवादों का जिक्र करते हुए कहा कि आयोग जवाब देने के बजाय विपक्ष से एफिडेविट मांग रहा है। श्री खरगे ने कहा कि नोटबंदी और गलत जीएसटी ने देश की अर्थव्यवस्था को पटरी से उतार दिया। लाखों युवा रोजगार के बिना भटक रहे हैं। 8 साल बाद सरकार को अपनी गलती का एहसास हुआ और अब वही सुधार किए जा रहे हैं, जिनकी मांग कांग्रेस ने शुरू से की थी।

### सीएम नीतीश ने रोहतास...

घोषणा में से जिन योजनाओं का कार्यारम्भ किया गया उसमें 66.89 करोड़ रुपए से कैमूर पहाड़ी के रेहल से रोहतासगढ़ किला होते हुए चौरासन मंदिर तक पथ का निर्माण, 147.00 करोड़ से कुदरा-चेनारी-मल्लीपुर पथ का चौड़ीकरण, 25.98 करोड़ से इन्द्रपुरी बराज के पास पर्यटन हाट, 2.67 करोड़ रुपए से कोचस में पुराने बस स्टैंड की जगह नए बस स्टैंड का निर्माण, 9.01 करोड़ से पुरानी जीटी रोड से बबुरा मोड़ तक कैनाल पथ का जीर्णोद्धार एवं चौड़ीकरण, 26.77 करोड़ से नोखा-नासरीगंज पथ में सोन नहर पर उच्च स्तरीय आरसीसी पुल का निर्माण, 177.20 करोड़ से डिहरी-अकोढ़ी गोला-तेतराढ-राजपुर पथ, आयरकोठा-अकोढ़ी गोला-अमरा तालाब पथ का चौड़ीकरण, 5.99 करोड़ से डिहरी-बिक्रमगंज-दिनारा पथ के दिनारा बाजार भाग एवं नटवार बाजार भाग में नाला निर्माण एवं 54.09 करोड़ की लागत से कोचस में आरा-मोहनिया पथ पर बाईपास का निर्माण किया जाएगा। इन योजनाओं से रोहतास जिले में बेहतर सड़क संपर्क, विश्वसनीय बिजली आपूर्ति, पर्यटन, शिक्षा की नई सुविधाएँ और शहरी विकास में तेजी आएगी। सरकार का लक्ष्य है कि जिले के हर गांव और शहर तक विकास की रोशनी पहुंचे। बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल और पर्यटन के क्षेत्र में लगातार अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं।

## एक नजर

### चार योजनाओं का किया गया शिलान्यास

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बुधवार को दानापुर में करीब 40 करोड़ की लागत से चार योजनाओं का शिलान्यास किया। मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि नीतीश सरकार में शिलान्यास करती है और उदघाटन भी करती है. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार व नरेंद्र मोदी की सरकार में विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार ने दानापुर में विकास की धारा बह दिया है।मंत्री ने कहा कि सभी 4 योजनाओं की निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और जल्द ही कार्य आरंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 615।64 लाख से बीआरसी के वीर स्मृति के समीप फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य का शिलान्यास , 2915।81 लाख की लागत से उसरी से नकटी भवानी पथ दो लेन चौडीकरण, 266।82 लाख की लागत से बेली रोड सर्विस लेन से कालीकेत नगर तक पथ चौड़ीकरण व 99।18 लाख की लागत से हाईटेक अस्पताल से बालाजी नगर पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। मौके पर पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, विधान पार्षद अनामिका सिंह, भाजपा नेता भाई सनोज यादव, शंकर सिंह, संजय यादव व अरूण फौजी समेत कई नेता व स्थानीय नागरिक मौजूद थें।

### 10 दिवसीय रासलीला का उद्घाटन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर नरहट गांव में माता रानी के प्रांगण में दस दिवसीय रासलीला कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मसौढी के विधायक रेखा देवी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नीरज कुमार बबलू , कौशल मुखिया, गीता प्रवाचक विश्वरंजन, वृन्दावन से पधारे रासमंडली के व्यास प्रेम, वार्ड पार्षद मुन्ना सिंह, टनटन यादव, शैलेश कुमार, आयोजन समिति के नवीन कुमार, अमित कुमार, संजीव कुमार, अमितेश कुमार बबलू, यशवंत कुमार, पप्पू सिंह, लोकेश सिंह, सत्यवीर सिंह आदि सहित बहुत से वोलेनटीयर्स एवं श्रद्धालुजन उपस्थित हुए और श्रीराधाकृष्ण के पावन लीला का आनन्द उठाये। के लीला में वसुदेव-देवकी का विवाहोत्सव, कंस का अत्याचार और भगवान श्रीकृष्ण जी के प्राकट्य का लीला मुख्य रूप से शामिल है।

### बीजेपी का हर घर संपर्क अभियान

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मसौढ़ी के नगर मंडल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 'हर घर संपर्क अभियान' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा मसौढ़ी विधानसभा प्रभारी अमरजीत सिंह चौहान ने सक्रिय सहभागिता करते हुए स्थानीय नागरिकों से मुलाक़ात की तथा उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनहितैषी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। नगर अध्यक्ष आशीष देव ने कहा इस अभियान का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं की जानकारी पहुँचाना और सरकार की जनसेवा की प्रतिबद्धता को जन-जन तक पहुँचाना है।

### दो चोर गिरफ्तार

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रूपसपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान रामजयपाल नगर व सबरी नगर से चोरी के एक-एक बाइक के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार मो सद्दाम के निशानदेही पर चोरी के मामले में रवि कुमार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार चंदन कुमार सबरी नगर व मो सद्दाम राजा बाजार व रवि कुमार शेखपुरा ब्रह्मस्थान निवासी है।

## वैभव सूर्यवंशी ने तोड़ा सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड, शानदार 70 रनों की पारी में लगाए 6 छक्के



**ब्रिस्वेन (एजेंसी)।** भारत के 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी अंडर-19 मैच में दर्शकों को मैदान पर खींच ला रहे हैं। आईपीएल 2025 के बाद सूर्यवंशी ने 24 सितंबर को ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे यूथ वनडे में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। ऐसा करते हुए उन्होंने अंडर-19 क्रिकेट वन-डे में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड तोड़ दिया।पिछला रिकॉर्ड भारत के अंडर-19 विश्व कप 2012 विजेता कप्तान उन्मुक्त चंद के नाम था, जिन्होंने 38 छक्के लगाए थे। भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन क्रमशः 30 और 22 छक्कों के साथ इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। वहीं इस बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी के अब 10 मैचों में 41 छक्के हो गए हैं। वह एकदिवसीय क्रिकेट में लगभग 13 गेंदों पर एक छक्का लगाते हैं।मैच में सूर्यवंशी ने धीमी शुरुआत के बाद तेज गति पकड़ी। पिछले मैच में 33 रनों की छोटी पारी खेलने के बाद सूर्यवंशी की शुरुआत धीमी रही क्योंकि उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान आयुष म्हात्रे दो गेंदों पर शून्य पर आउट हो गए। सूर्यवंशी ने चौथे ओवर में अपना पहला चौका लगाया। एक समय वह 29 गेंदों पर 10 रन बनाकर खेल रहे थे। नौवें ओवर में जॉन जेम्स को मैदान पर उतारा गया और सूर्यवंशी ने उन्हें बैकवर्ड स्क्वेयर लेग पर छक्का जड़ा। 12वें ओवर में सूर्यवंशी ने हेडन शिलर की गेंद पर दो छक्के लगाए। उन्होंने 54 गेंदों में एक छक्के के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया। 19वें ओवर में सूर्यवंशी यश देशमुख की गेंद पर आउट हो गए। उन्होंने 68 गेंदों में 70 रन की पारी में 6 छक्कों के अलावा पांच चौके भी लगाए। उनके आउट होने के समय भारत अंडर-19 का स्कोर 117/2 था।

## वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज के लिए आज हो सकती है टीम इंडिया की घोषणा



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एक रिपोर्ट के अनुसार भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को सूचित किया है कि वह अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए चयन के लिए उपलब्ध हैं। सीनियर चयन समिति 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए जल्द ही भारतीय टीम की घोषणा करेगी। इंग्लैंड दौरे पर बुमराह के कार्यभार को नियंत्रित किया गया था, जहां उन्होंने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में तीन टेस्ट मैच खेले थे। वह मौजूदा टी20 एशिया कप 2025 के लिए एक साल से भी ज्यादा समय बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में लौटे हैं। बुमराह को हाल ही में ओमान के खिलाफ ग्रुप स्टेज मैच के लिए आराम दिया गया था। हालांकि, मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में सहायक कोच रयान टेन डोशेट ने कहा कि टूर्नामेंट में आगे किसी भी मैच के लिए उन्हें आराम दिए जाने की संभावना नहीं है। भारत के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के दौरान दाहिने पैर में लगी चोट से अभी तक उबर नहीं पाए हैं, इसलिए वे पूरी श्रृंखला से बाहर हो गए थे। नारायण जगदीशन का टीम में बैकअप विकेटकीपर के रूप में स्थान बरकरार रखना तय है, जबकि ध्रुव जुरेल के अंतिम एकादश में उनकी जगह लेने की पूरी संभावना है।

# भारत-पाकिस्तान के बीच हो सकता है एशिया कप का फाइनल

**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 अब निर्णायक मोड़ पर है। केवल चार मैच बचे हैं और दुबई का फाइनल हर किसी की जुबान पर है। पाकिस्तान ने श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया है। इस जीत ने भारत-पाकिस्तान फाइनल की उम्मीदों को भी जगा दिया है।

### दबाव में पाकिस्तान की जीत

श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 133/8 बनाए। पाकिस्तान ने तेज शुरुआत की और सिर्फ 5.3 ओवर में 45 रन जड़ दिए। हालांकि स्कोर 80/5 तक लड़खड़ा गया। लेकिन टीम ने हार नहीं मानी और वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### नवाज-तलत की साझेदारी

कठिन हालात में मोहम्मद नवाज (38* रन, 25 गेंद) और हुसैन तलत (32* रन, 22 गेंद) ने नाबाद 58 रन जोड़े। दोनों ने मिलकर 18वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। पाकिस्तान ने यह मुकाबला 12 गेंद शेष रहते जीत लिया और फाइनल रेस में अपनी पकड़ मजबूत की।

### श्रीलंका की हार से बदले समीकरण



### फाइनल की जंग – कौन आगे?

गुरुवार को पाकिस्तान और बांग्लादेश का मुकाबला सेमीफाइनल जैसी तस्वीर पेश करेगा। अगर बांग्लादेश भारत को मात देता है तो सुपर-4 की जंग खुल जाएगी और हर टीम के पास मौका रहेगा।

### अंक तालिका

भारत- 1 मैच, 1 जीत, नेट रन रेट +0.689
पाकिस्तान-2 मैच, 1 जीत, नेट रन रेट +0.226
बांग्लादेश-1 मैच, 1 जीत, नेट रन रेट +0.121
श्रीलंका- 2 मैच, 0 जीत

### हो सकता है भारत-पाकिस्तान फाइनल

पाकिस्तान की वापसी ने टूर्नामेंट में नई जान डाल दी है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या दुबई में फाइनल भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल खेला जाएगा? इसका पता भी जल्द ही चलेगा लेकिन अगर ऐसा होता है तो दोनों टीमें इस एशिया कप में तीसरी बार एक दूसरे के आमने सामने होंगी।

# टी20 रैंकिंग में भारत का दबदबा

### पांड्या-चक्रवर्ती और अभिषेक टॉप पर बरकरार

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने बुधवार को जारी आईसीसी टी20 रैंकिंग में अपने-अपने वर्ग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। पिछले हफ्ते दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने चक्रवर्ती ने 14 रेटिंग अंक के फायदे से शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की। उनके 747 अंक हो गए हैं।

### पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाड़ियों की प्रगति

पिछले हफ्ते 11 स्थान की छलांग लगाने वाले पाकिस्तान के अबरार अहमद को नवीनतम रैंकिंग में 12 स्थान का फायदा हुआ है। बांग्लादेश के अनुभवी तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान ने छह स्थान के फायदे के साथ शीर्ष 10 में वापसी की है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने एशिया कप के अपने पिछले दो मैच में आठ के औसत से छह विकेट चटकाए हैं।

### पांड्या का ऑलराउंड प्रदर्शन

ऑलराउंडर सूची में शीर्ष पर बरकरार पंड्या गेंदबाजी रैंकिंग में छह स्थान आगे बढ़कर 60वें स्थान पर हैं।

### अभिषेक की धमाकेदार बल्लेबाजी

बल्लेबाजी रैंकिंग में सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। उन्होंने ओमान के खिलाफ भारत के अंतिम ग्रुप मैच में 38 रन की तेजतर्रार पारी



खेलने के अलावा रविवार को पाकिस्तान के 171 रन के स्कोर का पीछा करते हुए 74 रन की मैच विजयी पारी खेली। पाकिस्तान के खिलाफ 19 गेंद में नाबाद 30 रन की पारी खेलकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करने वाले तिलक वर्मा को भी तीन स्थान का फायदा हुआ है।

### सूर्यकुमार, फरहान और तलत का उभार

कप्तान सूर्यकुमार यादव भी एक स्थान के फायदे से शीर्ष पांच में जगह बनाने के करीब पहुंच गए हैं। भारत के खिलाफ 45 गेंद में 58 रन की पारी खेलने वाले पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान 31 स्थान के फायदे से 24वें पायदान पर हैं। श्रीलंका के खिलाफ धैर्यपूर्ण पारी खेलकर पाकिस्तान को जीत दिलाने वाले हुसैन तलत 1474 अंक की लंबी छलांग लगाकर पुरुष टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में संयुक्त रूप से 234वें स्थान पर हैं।

### सैफ हसन की शानदार पारी

बांग्लादेश के सैफ हसन भी सुपर चार चरण के मैच में 61 रन की पारी खेलने के बाद 133 रन के फायदे से 81वें पायदान पर हैं।



# श्रीलंका बाहर! पाकिस्तान बाल-बाल बच गया...

### एशिया कप का सुपर 4 सिनारियो फंसा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 के सुपर 4 मुकाबले में पाकिस्तान की टीम ने जैसे-तैसे श्रीलंकाई टीम को 5 विकेट से हरा दिया। इस मैच में जीत हासिल करने के साथ ही पाकिस्तान ने खुद को टूर्नामेंट से बाहर करने से बचा लिया है। पाकिस्तान की टीम अब सुपर 4 टेबल में भारत के बाद दूसरे नंबर पर आ गई है। लेकिन श्रीलंका के लिए अब टूर्नामेंट में बने रहना मुश्किल है। अब एशिया कप का सुपर 4 सिनारियो काफी पेचीदा हो गया है।

### पाकिस्तान ने जीतकर खुद को बचाया

पहले मैच में भारत से हारने के बाद अब पाकिस्तान ने श्रीलंका को हरा दिया। यहां से आखिरी मैच में अगर पाकिस्तान की टीम बांग्लादेश को हरा लेती है तो उसे फाइनल का टिकट मिल जाएगा। लेकिन ऐसा करने से पहले उन्हें ये भी देखना होगा कि बांग्लादेश अपना अगला मैच भारत से हार जाए। ऐसे में भारत का भी फाइनल का टिकट पक्का हो जाएगा और बांग्लादेश की टीम उस मामले में बाहर हो जाएगी। वहीं श्रीलंकाई टीम को दुआ करनी होगी कि भारत अपने सभी मैच हार जाए और बांग्लादेश पाकिस्तान को भी हरा दे। तब कहीं उनके फाइनल तक जाने के थोड़े से चांस हैं।

# आईसीसी का यूएसए क्रिकेट पर बड़ा एक्शन, किया निलंबित

**दुबई (एजेंसी)** आईसीसी ने आखिरकार यूएसए क्रिकेट (यूएसएस) को निलंबित करने का फैसला किया है। यह एक प्रमुख बाजार में खेल के नेतृत्व और संचालन ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन लाने के प्रयासों के तहत रीसेट बटन दबाने जैसा है। मंगलवार को एक वर्चुअल बैठक के बाद आईसीसी बोर्ड ने यह फैसला लिया।

यूएसएसी के निलंबन का असर फरवरी में भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में यूएसए की भागीदारी पर नहीं पड़ेगा। हालांकि निलंबन का विशिष्ट कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है, यह आईसीसी द्वारा जुलाई में अपनी वार्षिक आम बैठक में यूएसएसी को 'स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव' कराने और 'व्यापक' प्रशासनिक सुधार लागू करने के लिए तीन महीने का समय दिए जाने के लगभग दो महीने बाद आया है। उस समय आईसीसी ने दोहराया था कि एसएसी जुलाई 2024 से 'सूचना पर' बना रहेगा।

आईसीसी बोर्ड ने एसएसी को यह भी चेतावनी दी थी कि वह सुधारों की प्रगति के आधार पर कोई भी उचित कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस निलंबन का लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट के शामिल होने पर तत्काल प्रभाव नहीं पड़ेगा। तीन महीने की यह राहत आईसीसी द्वारा यूएएसी को




अमेरिकी ओलंपिक और पैरालंपिक समिति से राष्ट्रीय शासी निकाय का दर्जा दिलाने में मदद के लिए एक 'रोडमैप' तैयार करने के तुरंत बाद आई है, जो लॉस एंजेलिस 2028 खेलों में शामिल किए गए सभी खेलों के लिए अनिवार्य है।

मेजबान होने के नाते, अमेरिका के पुरुष और महिला दोनों वर्गों में पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली छह टीमों में से एक होने की उम्मीद है। छह चरणों वाला यह रोडमैप आईसीसी की नॉर्मलाइज़ेशन कमेटी द्वारा तैयार किया गया था, जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष जय शाह ने की थी। इससे पहले, समिति ने ट्रस्ट के शीर्ष अधिकारियों पिसिके (अध्यक्ष) और जॉनाथन एटकेसन (सीईओ) से दो बार मुलाकात की थी, जिसमें पहली बार अप्रैल में वर्चुअली और फिर जून में व्यक्तिगत रूप से शामिल थी।

रोडमैप में यूएसएसी को बोर्ड में मौजूदा सदस्यों की जगह तीन नए स्वतंत्र निदेशकों को लाकर पुनर्गठन शुरू करने का आह्वान किया गया था। इसके बाद यूएसएसी बोर्ड अपने पद से हट जाएगा और नए चुनाव कराएगा। इस समय यूएसएसी एनजीबी दर्जे के लिए आवेदन करेगा। इसके साथ ही आईसीसी ने यह भी कहा कि स्वतंत्र निदेशकों और प्रासंगिक आईसीसी हितधारकों के साथ गहन परामर्श करके यूएसए क्रिकेट संविधान की व्यापक समीक्षा और सुधार किया जाएगा।

अभी यह स्पष्ट नहीं है कि अब देश में क्रिकेट के संचालन की देखरेख कौन करेगा। इस घटनाक्रम से उन खिलाड़ियों की चिंताएं और बढ़ सकती हैं जो हाल ही में यूएसएसी द्वारा अपने वाणिज्यिक साझेदार और मेजर लीग व माइनर लीग क्रिकेट के मालिक अमेरिकन क्रिकेट एंटरप्राइज के साथ अनुबंध समाप्त करने के कदम से प्रभावित हुए हैं। पिछले हफ्ते यूएएसी ने इस समाप्ति को कानूनी रूप से चुनौती देने का विकल्प चुना। न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर कोरी एंडरसन, जो अमेरिका चले गए और 2022 से वहां खेलने के पात्र हो गए और अब यूएसएए क्रिकेटर्स एसोसिएशन के संचालन निदेशक हैं। उन्होंने कहा कि कि यूएसएसी और एसीई के बीच मतभेदों ने खिलाड़ियों को अनिश्चितता और अपने भविष्य के प्रति अनिश्चितता में डाल दिया है।

# दिग्गज अंपायर 'डिकी' बर्ड का हुआ निधन, तीन वर्ल्ड कप फाइनल में की थी अंपायरिंग

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बेहद लोकप्रिय और महान अंपायर हेरोल्ड 'डिकी' बर्ड का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बर्ड ने 1973 और 1996 के बीच अपने लंबे करियर में 66 टेस्ट और 69 एकदिवसीय मैचों में अंपायरिंग की थी। अंपायर के तौर पर बर्ड का आखिरी टेस्ट 1996 में लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया था। इसी मैच में पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली ने टेस्ट प्रारूप में पदार्पण किया था।

यॉर्कशर काउंटी क्लब ने यहां जारी बयान में कहा, ''यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब को बड़े दुख के साथ यह घोषणा करनी पड़ रही है कि क्रिकेट के सबसे चहेते लोगों में से एक हेरोल्ड डेनिस 'डिकी' बर्ड एमबीई ओबीई का 92 वर्ष की आयु में अपने घर पर निधन हो गया। उन्होंने कहा, '' वह अपने पीछे खेल भावना, विनम्रता और खुशी की विरासत के साथ कई पीढ़ियों के प्रशंसकों की एक फौज छोड़ गये हैं। बर्ड का यॉर्कशर के साथ लंबे समय तक जुड़ाव रहा। उन्होंने 1956 में इस काउंटी के साथ अपने प्रथम श्रेणी करियर की शुरुआत



की और 1964 में करियर समाप्त होने तक 93 मैचों में 3,314 रन बनाए। इसमें दो शतक भी शामिल हैं।

क्लब ने कहा, ''इस समय यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब में हर किसी की संवेदनाएं डिकी के परिवार और दोस्तों के साथ हैं। क्लब में सभी लोग उन्हें बहुत याद करेंगे क्योंकि उन्होंने यहां सभी के समर्थन में अविश्वसनीय रूप से बहुत समय बिताया। उन्हें यॉर्कशर के इतिहास के सबसे महान इंसान में से एक के रूप में याद किया जाएगा। बर्ड को 1986 में क्रिकेट में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए एमबीई और 2012 में ओबीई से सम्मानित किया गया था।

उन्होंने हमवतन दिवंगत डेविड शेफर्ड (2009 में निधन) के साथ मैदान पर अंपायरिंग की खास जोड़ी बनाई। बर्ड अपने फैसलों की सटीकता और अपनी खास आदतों के कारण दर्शकों और खिलाड़ियों दोनों के बीच काफी लोकप्रिय थे। वह अकसर मैच स्थल पर सुबह छह बजे ही पहुंच जाते थे। भारत और इंग्लैंड के बीच 1974 में ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गये टेस्ट मैच के दौरान भारतीय दिग्गज सुनील गावस्कर ने बर्ड से अपने बाल कटवाए क्योंकि उनके बाल बार-बार उनकी आंखों में आ रहे थे। बर्ड ने इसके लिए गेंद की सीम के धागे को काटने वाली कैंची का इस्तेमाल किया था। बर्ड ने बाद में कहा,''यह वही है जो सभी अंपायरों को अपने पास रखना चाहिए।

बर्ड को उस समय के खिलाड़ियों से भी काफी सम्मान मिलता था। उन्होंने एक बार कहा था, '' (गैरी) सोबर्स, (रिची) रिचर्ड्स, (डेनिस) लिली और (इयान) बॉथम जैसे महान खिलाड़ियों ने मुझे अच्छा अंपायर बताया था। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। बर्ड अविवाहित रहे लेकिन उन्होंने कुछ बेहतरीन दोस्त बनाए, जिनमें दिवंगत महारानी एलिजाबेथ भी शामिल थी। वह महारानी एलिजाबेथ के यहां अक्सर चाय पार्टियों में जाते थे। लेखक स्टीफन किंग और जॉन मेजर जैसे ब्रिटिश प्रधानमंत्री उनके अच्छे दोस्त रहे। बर्ड ने दो बेस्ट-सेलर किताबें 'माई ऑटोबायोग्राफी विद कीथ लॉज' और 'द व्हाइट कैप एंड बेल्स' नामक किताबें भी लिखी। बर्ड ने अंपायरिंग से संन्यास लेने के बाद खुद को क्विज सेशन, और चैट शो के माध्यम से सक्रिय रखा। यह सत्र बहुत मनोरंजक होते थे।

# अलग-अलग घटनाओं में पांच की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बारून थाना क्षेत्र के मुंशी बिगहा के समीप मंगलवार की देर शाम ऑटो और ट्रक की जोरदार टक्कर में ऑटो सवार तीन महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि इस हादसे में ऑटो सवार छह लोग घायल हो गए जिनका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। मृतक महिला की पहचान सासाराम नगर थाना क्षेत्र के सागर मोहल्ला के अठनवां गांव निवासी स्व. केशव बिंद की 60 वर्षीय पत्नी फुलेसरी देवी, शिवसागर थाना क्षेत्र के कुसहरा गांव के स्व. उमाशंकर सिंह के 55 वर्षीय पत्नी सीता देवी एवं चेनारी थाना क्षेत्र के सिमरी गांव निवासी ननक देवी के रूप में की गई है। वहीं इस हादसे में घायल हुए लोगों में रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के मरवा गांव के सीताराम साह, रोहतास जिले के ही नटवार थाना क्षेत्र के छोटी नटवार गांव निवासी मालती देवी, चेनारी थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव निवासी सविता देवी, रोहतास के मरवा गांव निवासी नीलम देवी, सासाराम नगर थाना क्षेत्र के सागर गांव निवासी इतरवा देवी शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायलों ने बताया कि सभी लोग सासाराम बस स्टैंड से ऑटो रिजर्व कर के औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के महुआ धाम की ओर आ रहे थे, तभी मुंशी बिगहा मोड़ के समीप ऑटो और ट्रक की टक्कर हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने फुलेसरी देवी एवं सीता देवी को मृत घोषित कर



दिया। जबकि ननक देवी की मौत रात्रि 9 बजे इलाज के दौरान हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं इसी थाना क्षेत्र के बगाही के समीप सोन नदी के दलदल में फंसने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान उस गांव निवासी 62 वर्षीय राम नरेश सिंह के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक बुजुर्ग व्यक्ति पशु चराने सोन नदी किनारे गए थे। जहां पशु चराने के दौरान वे सोन नदी के दलदल में फंस गए और दलदल से निकल नहीं पाए। आसपास कोई व्यक्ति भी नहीं था जिससे उन्हें कोई सहायता मिले। देर शाम तक बुजुर्ग घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इसी क्रम में देखा की सोन नदी किनारे दलदल में फंसने से उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक के चार बेटे है जिसमें तीन की शादी हो चुकी है जबकि एक अविवादित है। उन्होंने मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि सोन नदी के दलदल में फंसने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हुई है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गोह संवाददाता के अनुसार बुधवार को बन्देया थाना के मलहद गांव में हाई वोल्टेज विद्युत तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी गिरिजेश साव के 22 वर्षीय पुत्र सुरंजन कुमार अपने गांव के लख की तरफ शौच के लिए गया हुआ था जहां बगल से गुजरे हाई वोल्टेज विद्युत की चपेट में आ गया, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। परिजन आनन फानन में गोह पीएचसी ले जा रहे थे तभी रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता बार-बार बेहोश हो जा रहे थे। इधर सूचना पर बन्देया थानाध्यक्ष सूरज कुमार दल-बल के साथ सरकारी अस्पताल पहुंचकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है। मुखिया संतोष रजक ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया है।

# निष्पक्ष मतदान के लिए डीएम ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2025 की तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा देव प्रखंड अंतर्गत 222-कुटुम्बा विधानसभा क्षेत्र के उच्च विद्यालय दुलारे (पूर्वी भाग) स्थित मतदान केंद्र संख्या-342 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उक्त मतदान केंद्र पर एएमएफ (सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं/आश्वस्त न्यूनतम सुविधाएं) जैसे रैम्प, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की सुविधा एवं आवश्यक साइनज की उपलब्धता की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, देव को निर्देश दिया कि सभी सुविधाएं समय पर पूर्ण रूप से उपलब्ध कराई जाएं, ताकि दिव्यांगजन, वृद्ध, महिला एवं सभी मतदाता निर्बाध रूप से मतदान कर सकें। जिलाधिकारी ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2025 में निर्भीक, निष्पक्ष एवं उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतान कुमार सिंह, देव की प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकेशा यादव आदि उपस्थित थे।

# तीन बड़े पूजा पंडालों के समीप स्टॉल लगायेगा उद्योग विभाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार का उद्योग विभाग 'स्वदेशी अपनाओ' अभियान के तहत राज्य के स्थानीय और पारंपरिक उत्पादों को बढ़ावा दे रहा है। इसी के मद्देनजर जिले में दुर्गापूजा पंडालों में स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए विशेष पहल की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य बिहार की सांस्कृतिक विरासत एवं परंपरा को अक्षुण्ण रखते हुए 'लोकल फॉर वोकल' की अवधारणा को साकार करना है। जिला उद्योग केन्द्र औरंगाबाद के महाप्रबंधक मो. अफ्फान ने जानकारी दी कि अपर मुख्य सचिव, उद्योग विभाग, बिहार पटना के निदेशानुसार 'सेवा पर्व' के अवसर पर दुर्गापूजा पंडालों में भारत की ऐतिहासिक धरोहर एवं बिहार की माटी की पहचान को प्रदर्शित करने वाले श्रेष्ठ तीन पंडालों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 25,000 रूपये, 15,000 रूपये एवं 5,000 रूपये की राशि उद्योग विभाग द्वारा प्रदान की जाएगी। महाप्रबंधक ने सभी पूजा समितियों से अपील की कि पंडालों में भारतीय एवं बिहार की सांस्कृतिक विरासत तथा परंपरा की झलक अवश्य प्रदर्शित की जाए तथा अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो, जिससे सरकार के 'स्वदेशी अपनाओ' और 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को गति मिल सके। उन्होंने बताया कि जिले के तीन बड़े आकर्षक पंडालों के पास उद्योग विभाग द्वारा विशेष पंडाल एवं टेंट लगाया जाएगा, जिसमें खादी वस्त्र, हस्तनिर्मित वस्तुएं, 'एक जिला एक उत्पाद' से संबंधित सामग्री, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, बिहार लघु उद्यमी योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, हस्तशिल्प एवं हस्तकरघा उत्पादों की बिक्री 50 प्रतिशत विशेष छूट के साथ की जाएगी। जिले के इच्छुक उद्यमियों से अपील की गई है कि वे अपने उत्पाद का स्टॉल लगाने हेतु जिला उद्योग केन्द्र, औरंगाबाद के महाप्रबंधक कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करें। इसके अतिरिक्त 'स्वदेशी के साथ आत्मनिर्भर भारत' विषय पर आज दिनांक 23 सितंबर, 2025 को गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, में एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, कॉलेज के प्राचार्य एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन

## पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा एवं दिनेश बावरा ने अपनी कविताओं से बांधा शमां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के बारून एवं नवीनगर प्रखंड की सीमा पर स्थित नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन (एनटीपीसी) में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के सुप्रसिद्ध कवि पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा, दिनेश बावरा, शायरा मुमताज नसीम एवं रोहित शर्मा ने अपनी कविताओं से सभी का मन मोह लिया। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। एनटीपीसी के परियोजना प्रमुख एल. के. बेहेरा ने सभी





कवियों का स्वागत किया तथा जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक का कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद किया। कार्यक्रम के दौरान आमंत्रित कवियों ने अपने हास्य व्यंग्यों एवं कविताओं के माध्यम से सभी को हिंदी भाषा के महत्व एवं साहित्य के अनेक मनोरम रूपों से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ओंकार नाथ द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (ओ एंड एम)के. डी. यादव, महाप्रबंधक (परियोजना) राकेश शर्मा, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं ए.डी.एम.) मनोरंजन पाणिग्रही सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि एनटीपीसी नबीनगर में 14 से 29 सितम्बर तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं संवर्धन हेतु अनेक गतिविधियां एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

# संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के अदलपुर गांव में बुधवार को संदिग्ध परिस्थिति में दीपक पासवान की 29 वर्षीय पत्नी साकन्ति देवी की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार, एसआई पप्पू पासवान, ए एसआई बबनजीत कुमार सहित अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंचे और कागजी प्रक्रिया उपरांत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। मृतका के भाई उपहारा थाना क्षेत्र के गैनी गांव निवासी रघुनंदन पासवान के पुत्र मनोज कुमार पासवान ने बताया कि उनकी बहन की शादी वर्ष 2013 में रफीगंज थाना क्षेत्र के राजेंद्र पासवान के पुत्र दीपक पासवान के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही मेरी बहन के साथ मारपीट की घटना घटित होने लगी। कई बार सामाजिक स्तर पर बैठक भी हुई। मेरी बहन हाल ही में अपने मायका गैनी गांव से जितिया पर्व के अगले दिन ससुराल में मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही रोजगार योजना के तहत फार्म भरने के लिए आई हुई थी। बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने जानकारी दी कि आपकी बहन की मौत हो गई है। हमारी बहन को ससुराल वाले ने हत्या कर फांसी पर लटका दिया है। वही ग्रामीणों के अनुसार महिला ने खुदकुशी की है। हालांकि पुलिस प्रत्येक पहलुओं पर जांच पड़ताल में लगी हुई है। लोजपा के प्रखंड अध्यक्ष राजेश पासवान ने परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया है।

# डीडीसी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न तैयारियां तीव्र गति से की जा रही हैं। इसी के मद्देनजर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण, आधारभूत संरचना का अवलोकन, मतदाता सूची एवं मतदाताओं की समस्याओं के समाधान से संबंधित कार्य लगातार संचालित हैं। इसी क्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा 224-रफीगंज विधानसभा के मदनपुर प्रखंड अंतर्गत नक्सल प्रभावित दक्षिण उमगा पंचायत के कनौदी एवं बादाम ग्राम स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मतदान केंद्रों के बी.एल.ओ. से अद्यतन स्थिति एवं समस्याओं की



जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षणोपरांत प्रखंड सभागार, मदनपुर में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। बैठक की जानकारी निदेशक, लेखा अनुपम कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में सभी सेक्टर पदाधिकारियों एवं बीएलओ के साथ निर्वाचन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत मार्गदर्शिका एवं उपबंधों के शत-प्रतिशत अनुपालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। मनरेगा निदेशक ओम राजपूत ने अवगत कराया कि उप विकास आयुक्त द्वारा रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों, कस्बों एवं प्रखंड मुख्यालय स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वीप गतिविधियां आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में निदेशक डीआरडीए अनुपम कुमार, निदेशक एनईपी ओम राजपूत, प्रखंड विकास पदाधिकारी मदनपुर, सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हत्या प्रयास सहित अन्य मामलों में 32 गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में अलग-अलग मामलों में 32 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई है। इसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आठ अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या प्रयास में 3, शराब के शीर्ष कांडों में 2 एवं अन्य शीर्ष कांड में 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 975 वाहनों की जांच की गई जिसमें 33500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। 250 लीटर देसी शराब एवं 2 बाइक बरामद किया गया है। वहीं 16 वारंटों का निष्पादन किया गया है। एसपी की माने तो चुनाव के मद्देनजर मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर रोकथाम को लेकर लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# स्कूल पहुंच डीएम ने जाना मिड डे मील की हकीकत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देव प्रखंड उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुलारे में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने मिड डे मील का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बच्चों से मिड डे मील की गुणवत्ता, पोषण मूल्य, मात्रा एवं वितरण की समयबद्धता के बारे में प्रत्यक्ष रूप से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान बच्चों ने मिड डे मील की गुणवत्ता और स्वाद की सराहना की तथा कुछ सुझाव भी दिए। जिलाधिकारी ने बच्चों की प्रतिक्रिया को महत्व देते हुए संबंधित विद्यालय प्रबंधन को इस कार्यक्रम की गुणवत्ता एवं पोषण मानकों को उच्चतम स्तर पर बनाए रखने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि मिड डे मील योजना का उद्देश्य बच्चों के



स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार करना है, इसलिए इसका प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान स्कूल के व्यवस्थाओं, साफ-सफाई एवं भोजन वितरण प्रक्रिया का भी अवलोकन किया और आवश्यक सुधार हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में मिड डे मील की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण जारी रहेगा।

# मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित होंगे कई कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 की तैयारियों एवं मतदाता जागरूकता अभियान के समन्वय हेतु नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापक प्रचार-प्रसार और सक्रिय जनसहभागिता सुनिश्चित करने हेतु एक कार्ययोजना तैयार की गई। निर्धारित कार्यक्रमों में प्रभात फ़ेरी के साथ स्वीप अभियान का शुभारंभ, ड्रोन कवरेज एवं मतदाता जागरूकता पंपलेट वितरण, जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन, विद्यालय एवं महाविद्यालयों में शपथ ग्रहण समारोह, अभिभावक-शिक्षक बैठक, कम मतदान वाले बूथों पर महिलाओं की साइकिल रैली, मतदान दिवस हेतु आवश्यक दस्तावेज एवं हेल्पलाइन पंपलेट वितरण, सोशल मीडिया लाइव इंटरैक्शन, वरिष्ठ मतदाताओं का सम्मान, चित्रकला, रंगोली, नारा लेखन प्रतियोगिता, छात्र-छात्राओं द्वारा वॉकथॉन, महिला रात्रि, संध्या चौपाल एवं मतदाता संवाद, मानव श्रृंखला का आयोजन तथा ग्रामीण पंचायतों में सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हैं। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उक्त कार्यक्रम व्यवस्थित एवं प्रभावी रूप में संपन्न कराए जाएं जिससे आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 में व्यापक जनसहभागिता, मतदाता जागरूकता एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। यह प्रयास लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में सहायक आपदा पदाधिकारी अंतर कुमारी, सिविल सर्जन, डीपीएम स्वास्थ्य मोहम्मद अनवर आलम, डीपीओ (एमडीएम), डीपीओ (सर्व शिक्षा अभियान), डीपीएम (जीविका), नेहा कुमारी, पिंकी कुमारी, आसमा राणा एवं सचिन मौर्य, प्रखंड समन्वयक मौजूद रहे।

# सिन्हा कॉलेज में मनाया गया एनएसएस का 57वां स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का 57वां स्थापना दिवस बेहद उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर को विशेष रूप से पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक चेतना को समर्पित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस के स्वयंसेवकों ने पौधारोपण कर की। इसके बाद पूरे परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.




निहारिका सिंह एवं समन्वयक डॉ. संजीव रंजन के मार्गदर्शन में हुआ। स्वयंसेवकों ने टीम भावना और सामाजिक सरोकारों का परिचय देते हुए कॉलेज के कैंपस को स्वच्छ बनाने और हरियाली बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने इस अवसर पर एनएसएस की टीम को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागृत करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे एनएसएस जैसी गतिविधियों से जुड़े रहें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अपनी भूमिका निभाएं। आयोजन में स्वयंसेवक ओमप्रकाश, समीर, प्रीति, प्रीति सिंह, रीना, दीपिका, अनुप्रिया, खुशबू, सुप्रिया, अनु, प्रेरणा, कृति और अर्चना समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। पौधारोपण और सफाई कार्य में उनकी प्रतिबद्धता और उत्साह ने कार्यक्रम को विशेष सफल बनाया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# समस्याओं का किया जाएगा समाधान : श्रीकांत शास्त्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, एसडीओ संतन कुमार सिंह, एसडीपीओ-2 चंदन कुमार, बीस सूत्री उपाध्यक्ष के अलावा पूजा समिति के साथ स्थानीय लोग उपस्थित थे। इस क्रम में मुखिया अरुण कुमार, यूसुफ अली खान, अशोक गुप्ता, संजय योगी, सुनील वर्मा सहित कई लोगों ने शहरी क्षेत्र में जर्जर सड़क को बनाने, बिजली व्यवस्था को ठीक कराने की मांग की। जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा उठाये गये समस्याओं का समाधान किया जाएगा। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि प्रशासन की ओर से विधि व्यवस्था को ठीक रखा जायेगा।



शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की। इस अवसर पर बीडीओ उपेंद्र दास, सीओ भारतेंदु सिंह, रफीगंज थानाध्यक्ष शम्भू कुमार, पौथू थानाध्यक्ष, शहरी जेई मारुतिनंदन प्रियदर्शी, नगर पंचायत के जेई, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष हरेन्द्र कुमार, प्रखंड जदयू अध्यक्ष सुनिल कुमार वर्मा, भाजपा के जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, संतोष कुमार साहू, कैफ खान, बिंदेश्वर कुमार सिंह, कमलेश यादव, यूसुफ अली खान, गुड़िया देवी, विनय प्रसाद, अरुण कुमार, बिदाई देवी, मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार, सरपंच दयानंद प्रसाद दांगी, हम के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, जिला बीस सूत्री सदस्य ख्वाजा अतीक रजा, वार्ड पार्षद सुबोध कुमार शर्मा, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान, बालगोविंद साहू, संजय योगी, राजीव कुमार सिंह, शंकर शौंडिक, शुभम सिंह, हार्दिक सिंह राजपूत, फहद शाही आदि उपस्थित रहे।